गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेबसाइड पर क्लिक करें

भाजन

www.ajhindidaily.com

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करण

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६



आगरा, 26 अक्टूबर 2026, सोमवार, वर्ष 40 अंक 283 सौर 30 आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

एक नवम्बर की रैली में राहुल ने की ज्यादा से ज्यादा लोगों के जुटने की अपील



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि 'वोट चोरी' के मुद्दे पर एक नवंबर को होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की रैली का 'जोर-शोर से प्रचार' करने और रैली के आह्वान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगियों का 'दिल से धन्यवाद'। इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) गठबंधन की यह रैली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) पर चुनावी अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों का हिस्सा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने आरोप लगाया कि लोगों के वोट चुराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा ये हम किसी हाल में चुपचाप नहीं सहेंगे।

शेष पृष्ठ २ पर

मोदी ने काशी में देखा वायुवीरों का पराक्रम

नमो घाट पर 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के बने साक्षी, विमानों के करतब को किया सैल्यूट

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को काशी में वायु सेना का पराक्रम देखा तो अभिभूत हो गए। नमो घाट पर आयोजित भारतीय वायु सेना के विंग्स ओवर गंगा में उन्होंने वायु सेना के शौर्य, कौशल, सटीकता, अनुशासन के साथ हुए प्रदर्शन को देखा। गंगा के ऊपर गर्जना करते हुए विमानों जब करतब दिखाना शुरू किया

पुलिस लाइन से आयोजन स्थल तक भव्य रोड शो, जेन-जी का अभिवादन

तो प्रधानमंत्री ने जवानों को सैल्यूट किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुलिस लाइन से आयोजन स्थल तक भव्य रोड शो निकला। करीब एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर स्वागत पॉइंट बनाये गए थे और कई पॉइंट पर रुककर मोदी ने काशी की जनता का अभिवादन किया। इस दौरान देश-विदेश में चर्चा का विषय बने भारत के युवाओं (जेन-जी) का भी हाथ हिलाकर उन्होंने अभिवादन किया। मां गंगा की अविरल धारा, काशी के ऐतिहासिक घाट और आसमान में गूंजते भारतीय लड़ाकू विमानों की गगनभेदी गर्जना के बीच राफेल की तेज रफ्तार, सुखोई की आक्रामक उड़ान, स्वदेशी तेजस के हैरतअंगेज हवाई करतब, सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम की आसमान पर उकेरी गई कलात्मक आकृतियों ने सभी को मोह लिया। गंगा के ऊपर आसमान का रंग ही देश भक्ति में रंगा हुआ था और भारत माता की जय की गूंज होती रही। आध्यात्मिक नगरी काशी रविवार को भारतीय वायुसेना के शौर्य, साहस, तकनीकी सामर्थ्य और पेशेवर दक्षता की साक्षी बनी। मां गंगा के ऊपर आयोजित भव्य एयर शो 'विंग्स ओवर गंगा' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर वायु शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन देखा। इस दौरान काशीवासियों ने अपने सांसद और प्रधानमंत्री का 'हर हर महादेव' तथा 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से भव्य स्वागत किया। लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन ने दर्शकों में रोमांच भर दिया और गंगा तट देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के प्रदर्शन के साथ हुई। हेलीकॉप्टरों के बीच सटीक तालमेल, नियंत्रित गति और समन्वित हवाई करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद वायुसेना प्रमुख एवं भारतीय वायुसेना के समस्त वायु योद्धाओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया गया।



गारमेंट फैक्टरी की दी सौगात

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। हमेशा की तरह इस बार भी उन्होंने काशीवासियों को सौगात दी। पीएम ने गुजरात की कपड़ा निर्माता कंपनी अरविंद लिमिटेड (अरविंद मिल्स) के मिर्जामुराद के खोचवां में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से करीब सात एकड़ में बने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शुभारंभ किया तथा यहां पर कार्य का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से सीधा संवाद किया। इस प्लांट में स्थानीय ही नहीं, बल्कि पूर्वांचल के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। भर्ती में स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है और 300 से ज्यादा महिलाओं की भर्ती की जा चुकी है, जिन्हें यूनिट में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस यूनिट में कुल 1000 महिलाओं को रोजगार देना प्रस्तावित है। यह पहल उत्तर प्रदेश में कपड़ा एवं परिधान निर्माण इकोसिस्टम को मजबूत करेगी।

देशको अराजकता-अलगाववाद की भट्टी में झोंकने का रचा जा रहा षड्यंत्र-मुख्यमंत्री

नये भारत में लोकतंत्र की जड़ें और हुई मजबूत



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जब विश्व के अनेक हिस्से हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे हैं, भारत लोकतांत्रिक स्थिरता, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक चेतना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में संकीर्ण मानसिकता वाली कुछ राजनीतिक ताकतें सत्ता के स्वार्थ में देश को अस्थिरता, अराजकता और अलगाववाद की भट्टी में झोंकने का षड्यंत्र रच रही हैं। राष्ट्रीय हितों को ताक पर रखकर वैश्विक मंचों पर भारत की छवि धूमिल करने का निरंतर प्रयास कर रही हैं। सीएम योगी ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पटल पर अपनी आर्थिक शक्ति का नया अध्याय लिखा है। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है और आत्मनिर्भरता, नवाचार तथा विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। शेष पृष्ठ २ पर

कोई लक्ष्य हमारी पहुंच से बाहर नहीं-एपी सिंह

नयी दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पश्चिमी मोर्चे पर 1,200 किलोमीटर चौड़े और 200 किलोमीटर क्षेत्र में सटीक हमले किये। इससे साबित हुआ कि वायुसेना की पहुंच से कोई भी लक्ष्य बाहर नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने एक बार फिर दिखाया कि देश की सुरक्षा में वायुसेना की अहम भूमिका है। ऑपरेशन से एक सबक साफ है कि हमें हमेशा कई विकल्प अपने पास रखने चाहिए और दुश्मन की रणनीति बदलने पर तेजी से खुद को उसके मुताबिक ढालने में सक्षम होना चाहिए। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। 26 टूरिस्ट की हत्या की गयी थी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किये थे। भारत सरकार ने कहा था कि इन हमलों में 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद 10 मई को भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों ने सैन्य कारवाई रोकने पर सहमति जतायी थी।

28 हजार करोड़ के साइबर फॉड केस में वकील गिरफ्तार

मुंबई (आससे)। प्रवर्तन निदेशालय ने देशभर में फैले साइबर फॉड और डिजिटल अरेस्ट के मामले में शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट से एक वकील को गिरफ्तार किया। एजेंसी के मुताबिक, इस नेटवर्क से करीब 28 हजार करोड़ के बैंकिंग लेन-देन जुड़े हैं। मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार वकील की पहचान रशेष उपाध्याय उर्फ रशेष शाह के रूप में हुई है। ईडी की पणजी यूनिट की टीम ने उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर उस समय पकड़ा, जब वे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में सवार होने वाले थे। कस्टम्स और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों ने इस कारवाई में मदद की। आरोपी को पणजी ले जाया गया, जहां विशेष पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें 29 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। गोवा की महिला से ठगी शेष पृष्ठ २ पर

वाल्मीकि जयंतीपर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश आज

बंद रहेंगे स्कूल-कालेज और सरकारी कार्यालय

लखनऊ। यूपी में सोमवार को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गयी है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। सोमवार को बिठूर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां वाल्मीकि आश्रम में रामायण पाठ व पूजा में शामिल होंगे और महर्षि वाल्मीकि को अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। मान्यता है कि इसी आश्रम में महाकाव्य रामायण की रचना हुई और माता सीता को आश्रय मिला था। यहीं भगवान श्रीराम के पुत्रों लव-कुश का जन्म हुआ।

शेष पृष्ठ २ पर

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दो कारों की टक्कर में दो की मौत

लखनऊ। सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार (25 अक्टूबर 2026) को भीषण सड़क हादसा हुआ है. पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. घटना में शेष पृष्ठ २ पर







इन 4 राशियों पर आई मुसीबत!

23 अक्टूबर को चंद्रमा ने मीन राशि में गोचर किया था, जहां पहले से शनि विराजमान हैं. ऐसे में शनि और चंद्रमा की युति से मीन राशि में विष योग का निर्माण हुआ है. यह दुर्लभ योग 25 अक्टूबर यानी शरद पूर्णिमा तक रहने वाला है. ज्योतिषविदों की मानें तो शनि-चंद्रमा का विष योग चार राशि के जातकों की मुश्किल बढ़ाने वाला है. यह अशुभ योग कुछ राशि के जातकों के जीवन में भयानक संकट लाने की स्थिति पैदा करेगा. इसलिए इन राशि के जातकों को सावधानी से काम लेने की सलाह दी जाती है.

मेष राशि

आपको गुस्से और जल्दबाजी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है. काम में रुकावट या मेहनत के मुताबिक परिणाम नहीं मिलने से मन परेशान हो सकता है. ऑफिस में सहकर्मियों और अधिकारियों से बातचीत के दौरान संयम रखें. आर्थिक मामलों में गैरजरूरी खरीदारी और बिना पूरी जानकारी के निवेश से बचें. परिवार में छोटी बातों को लेकर विवाद बढ़ाने के बजाय जीवनसाथी की बात समझने की कोशिश करें.

कर्क राशि

भावनात्मक उलझनों और पुरानी बातों को लेकर चिंता से बचने की जरूरत है. चंद्रमा को इस राशि का स्वामी माना जाता है, इसलिए शनि के साथ उसके संयोग को लेकर विशेष सावधानी की सलाह दी जाती है. नौकरी में जिम्मेदारियां बढ़ें, तो काम को प्राथमिकता के हिसाब से पूरा करें. परिवार में मतभेद होने पर शांति से बातचीत करें. पर्याप्त नींद, समय पर भोजन और आराम का ध्यान रखना भी जरूरी है.

तुला राशि

आर्थिक फैसलों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए. अचानक खर्च या किसी काम में देरी की आशंका को ध्यान में रखते हुए बजट बनाकर चलें. निवेश, खरीदारी और लेनदेन से पहले पूरी जानकारी जांच लें. नौकरी बदलने या कारोबार से जुड़ा बड़ा फैसला लेने में जल्दबाजी न करें. प्रेम संबंधों और वैवाहिक जीवन में गलतफहमी से बचने के लिए बातचीत बनाए रखना बेहतर रहेगा.

मीन राशि

भावनाओं में बहकर फैसले लेने से बचना चाहिए. करियर, भविष्य और आर्थिक स्थिति को लेकर जरूरत से ज्यादा सोचने से तनाव बढ़ सकता है. किसी की बात का गलत अर्थ निकालने के बजाय स्थिति को अच्छी तरह समझें. नौकरी या कारोबार में नया अवसर मिलने पर उसकी शर्तें और जिम्मेदारियां जांचें. विद्यार्थियों को समय-सारणी बनाकर पढ़ाई करने की सलाह दी जाती है. उधार देने या लेने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति का आकलन करें.

शरद पूर्णिमा पर करें ये उपाय

शाम को मां लक्ष्मी की पूजा करें, घी का दीपक जलाएं.

भगवान शिव की आराधना करें , अपनी श्रद्धा के अनुसार मंत्र जाप करें.

चंद्रमा के दर्शन कर पारिवारिक परंपरा के अनुसार अर्घ्य दें.

जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करें.

पैसों और रिश्तों से जुड़े फैसले लेते समय धैर्य रखें और जल्दबाजी से बचें.

आज 25 अक्टूबर, रविवार को शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है. हिंदू धर्म में इस पूर्णिमा का विशेष महत्व है. इसे कोजागरी पूर्णिमा, रास पूर्णिमा और कौमुदी व्रत के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन मां लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा करने की परंपरा है. मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है.



शरद पूर्णिमा आज

रात में इस समय रखें खीर मां लक्ष्मी की बरसेगी कृपा!

आज 25 अक्टूबर, रविवार को शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है. हिंदू धर्म में इस पूर्णिमा का विशेष महत्व है. इसे कोजागरी पूर्णिमा, रास पूर्णिमा और कौमुदी व्रत के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन मां लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा करने की परंपरा है. मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है, उसकी चांदनी को अमृत के समान माना जाता है. यही वजह है कि इस रात दूध और चावल से बनी खीर को खुले आसमान के नीचे रखने की परंपरा है.

पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर शुरू हो चुकी है, यह 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 41 मिनट तक रहेगी. चूंकि पूर्णिमा की रात 25 अक्टूबर को पड़ रही है, इसलिए शरद पूर्णिमा का मुख्य पर्व आज ही मनाया जा रहा है. आइए जानते हैं पूजा का शुभ मुहूर्त, चंद्रोदय का समय, पूजा विधि और खीर रखने की परंपरा.

पूजा का शुभ मुहूर्त: शरद पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की पूजा और चंद्र दर्शन का विशेष महत्व माना जाता है. इस साल पूजा के लिए ये समय ध्यान में रखें.

- शरद पूर्णिमा- 25 अक्टूबर 2026, रविवार
- पूर्णिमा तिथि शुरू- 25 अक्टूबर, सुबह 11:55 बजे
- पूर्णिमा तिथि समाप्त- 26 अक्टूबर, सुबह 9:41 बजे
- चंद्रोदय- दिल्ली में शाम करीब 5 बजे
- लक्ष्मी पूजा का निशीथ मुहूर्त- रात 11:40 बजे से 26 अक्टूबर को रात 12:31 बजे तक.

शरद पूर्णिमा पर कैसे करें मां लक्ष्मी की पूजा?

शरद पूर्णिमा के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें, साफ कपड़े पहनें. इसके बाद घर के मंदिर की सफाई करके मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करें. पूजा में फूल, फल, मिठाई और दीपक अर्पित कर सकते हैं. शाम को चंद्रमा निकलने के बाद चंद्र देव को जल अर्पित करें. इसके बाद मां लक्ष्मी की पूजा करें, सुख-समृद्धि की कामना करें. इस रात कई घरों में भजन-कीर्तन और जागरण भी किया जाता है. धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं, मां जागकर उनकी आराधना करने वाले भक्तों पर कृपा करती हैं.

शरद पूर्णिमा की रात खीर क्यों रखी जाती है? : शरद पूर्णिमा की सबसे खास परंपराओं में से एक है चांदनी में खीर रखना. इस दिन दूध, चावल और चीनी से खीर बनाई जाती है. फिर इसे साफ बर्तन में रखकर चंद्रमा की रोशनी में रखा जाता है. कई परिवार अगले दिन खीर को भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं.

धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है. इसी विश्वास के कारण चांदनी में रखी खीर को विशेष माना जाता है. खीर को खुले में रखते समय साफ-सफाई का ध्यान रखें , उसे ढककर रखें, ताकि धूल और कीड़े उसमें न गिरें.

कोजागरी पूर्णिमा क्यों कहते हैं?

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कोजागरी शब्द का संबंध संस्कृत के %को जागर्ति% यानी %कौन जाग रहा है% से है. माना जाता है कि इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं, जागकर पूजा करने वाले भक्तों को आशीर्वाद देती हैं. इसी वजह से कई जगहों पर लोग रात में जागरण करते हैं और मां लक्ष्मी की आराधना करते हैं.

शरद पूर्णिमा का मुख्य महत्व

- माँ लक्ष्मी का प्राकट्य- पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान शरद पूर्णिमा की रात को माता लक्ष्मी का प्रादुर्भाव (जन्म) हुआ था।
- कोजागरी व्रत और रात्रि जागरण- इसे कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और पूछती हैं— को जाग्रत? (कौन जाग रहा है?)। जो लोग रात में जागकर भक्ति और कीर्तन करते हैं, उन पर माँ लक्ष्मी की विशेष कृपा बरसती है।
- श्रीकृष्ण की रास लीला- धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की ही रात को गोपियों के साथ महारास रचा था। इसे प्रेम और भक्ति का प्रतीक माना जाता है।
- 16 कलाओं से परिपूर्ण चंद्रमा- इस रात चंद्रमा अपनी संपूर्ण 16 कलाओं से युक्त होता है। ऐसा माना जाता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है।
- खीर का प्रसाद और स्वास्थ्य लाभ- इस रात दूध और चावल से बनी खीर को खुले आसमान के नीचे चंद्रमा की रोशनी में रखने की परंपरा है। आयुर्वेद और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चंद्रमा की किरणों से युक्त यह खीर शरीर को आरोग्य और मानसिक शांति प्रदान करती है।
- कुमार कार्तिकेय का जन्म- कुछ परंपराओं में इस दिन को भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कुमार कार्तिकेय के जन्मदिवस के रूप में भी मनाया जाता है, इसलिए इसे कुमार पूर्णिमा भी कहते हैं।



बैंक बैलेंस और बरकत बढ़ाता है मॉन्स्टेरा

घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग तरह-तरह के इनडोर प्लांट्स लगाते हैं, लेकिन कुछ पौधों को सजावट के साथ-साथ सुख-समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है. ऐसा ही एक पौधा है मॉन्स्टेरा डेलिसिओसा. अपने बड़े, हरे और खास बनावट वाले पत्तों के कारण यह पौधा घर की सजावट के लिए काफी लोकप्रिय है. फेंगशुई की मान्यताओं में इसे सकारात्मक ऊर्जा, विकास और समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है.

मान्यता है कि घर में इस पौधे को सही जगह पर रखने से सकारात्मक माहौल बनाने में मदद मिलती है. खासतौर पर घर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से को फेंगशुई में धन और समृद्धि से संबंधित माना जाता है. ऐसे में अगर आप भी घर में मॉन्स्टेरा का पौधा लगाने की सोच रहे हैं, तो जानिए इसे कहां रखना बेहतर माना जाता है और इसकी देखभाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए.

मॉन्स्टेरा डेलिसिओसा एक उष्णकटिबंधीय पौधा है, जिसकी पहचान इसके बड़े, चमकदार हरे पत्तों और उन पर बनने वाले प्राकृतिक छेदों से होती है. इसे घर के अंदर गमले में आसानी से उगाया जा सकता है, बशर्ते इसे सही रोशनी, पानी और बढ़ने के लिए पर्याप्त जगह मिले.

फेंगशुई में पौधों को प्रकृति, विकास और जीवन ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है. मॉन्स्टेरा के फैलते पत्तों को भी विकास और आगे बढ़ने की भावना से जोड़कर देखा जाता है. इसी वजह से कुछ लोग इसे घर या काम करने की जगह पर लगाना पसंद करते हैं.ये फेंगशुई से जुड़ी पारंपरिक मान्यताएं हैं.

धन और समृद्धि के लिए कहां रखें मॉन्स्टेरा का पौधा?

1. घर की दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाएं

फेंगशुई में दक्षिण-पूर्व दिशा को धन और समृद्धि का क्षेत्र माना जाता है. इस मान्यता के अनुसार, घर के इस हिस्से में हरे-भरे पौधे रखना विकास और आर्थिक खुशहाली का प्रतीक हो सकता है. आप यहां मॉन्स्टेरा का पौधा रख सकते हैं. ऐसी मान्यता है कि इससे पैसा बढ़ता है.

2. मुख्य दरवाजे के पास रखें

घर का मुख्य दरवाजा फेंगशुई में ऊर्जा के प्रवेश का अहम स्थान माना जाता है. ऐसे में दरवाजे के पास मॉन्स्टेरा का पौधा रखना सकारात्मकता और स्वागतपूर्ण माहौल से जोड़कर देखा जाता है. पौधे को इस तरह रखें कि दरवाजा खोलने, बंद करने या आने-जाने में कोई परेशानी न हो.


3. लिविंग रूम में रखें पौधा

लिविंग रूम में मॉन्स्टेरा का पौधा रखने से घर को प्राकृतिक और आकर्षक लुक मिलता है. फेंगशुई की मान्यताओं में हरे-भरे पौधों को जीवन ऊर्जा और विकास से जोड़ा जाता है. आप इसे कमरे के किसी खाली कोने में या खिड़की के पास रख सकते हैं, जहां पर्याप्त अप्रत्यक्ष रोशनी आती हो.

4. वर्क डेस्क या होम ऑफिस में लगाएं

अगर आप घर से काम करते हैं, तो मॉन्स्टेरा को अपने वर्क डेस्क के पास भी रख सकते हैं. फेंगशुई में पौधों को विकास और आगे बढ़ने का प्रतीक माना जाता है. कार्यस्थल पर हरियाली होने से आसपास का वातावरण भी अधिक खुशनुमा लग सकता है. बस ध्यान रखें कि पौधे को पर्याप्त जगह मिले और वह काम में बाधा न बने. मॉन्स्टेरा का पौधा लगाते समय न करें ये गलतियां पौधे को सही जगह रखने के साथ उसकी देखभाल करना भी जरूरी है. मॉन्स्टेरा को तेज सीधी धूप में रखने से इसकी पत्तियां झुलस सकती हैं. इसलिए इसे ऐसी जगह रखें, जहां पर्याप्त अप्रत्यक्ष रोशनी आती हो. गमले की मिट्टी में पानी जमा न होने दें, जरूरत के अनुसार ही पानी दें. पौधे की पत्तियों को साफ रखें, समय-समय पर सूखी पत्तियों को हटा दें. अगर पौधे की जड़ें गमले से बाहर निकलने लगें, तो उसे बड़े गमले में लगाने पर विचार करें. घर में पालतू जानवर हों, तो पौधे को उनकी पहुंच से दूर रखें, क्योंकि मॉन्स्टेरा चबाने पर उनके लिए विषैला हो सकता है।

एआई और ऑटोमेशन से मजबूत होंगी एमएसएमई: मनोज लाल



एमएसएमई की उत्पादकता, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में मददगार होगी नई तकनीक; प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता पर जोर

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑटोमेशन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इनके इस्तेमाल से छोटे उद्योग उत्पादन की गुणवत्ता सुधारने, लागत घटाने और बाजार में प्रतिस्पर्धा मजबूत करने में सक्षम होंगे। नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन (एनएसआईसी) के सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक मनोज लाल के अनुसार, बदलते औद्योगिक परिवेश में नई तकनीक अपनाना समय की जरूरत है।

मनोज लाल ने कहा कि एआई और ऑटोमेशन से मशीनों की निगरानी, उत्पादन प्रक्रिया में सुधार और संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे समय की बचत होगी और उत्पादों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। छोटे उद्योग अपनी जरूरत और क्षमता के अनुसार तकनीक अपनाकर सीमित संसाधनों में भी बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं।

एमएसएमई के सामने नई तकनीक अपनाने में निवेश और संसाधनों की चुनौती रहती है। ऐसे में उद्योगों को अपनी जरूरत और आर्थिक क्षमता के अनुसार धीरे-धीरे एआई और ऑटोमेशन अपनाना चाहिए। शुरूआत उन प्रक्रियाओं से की जा सकती है, जहां तकनीक के इस्तेमाल से समय और लागत की बचत हो।

मनोज लाल ने कहा कि सरकार को छोटे उद्योगों के लिए वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था करनी चाहिए। इससे उद्यमियों को अपनी जरूरत के अनुसार सही तकनीक चुनने और उसका प्रभावी इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी। मनोज लाल के अनुसार, ऑटोमेशन का उद्देश्य कर्मचारियों को हटाना नहीं, बल्कि उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना होना चाहिए। इसके लिए कर्मचारियों को नई तकनीकों का प्रशिक्षण देना जरूरी है। कौशल विकास से कर्मचारी बदलती औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकेंगे और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। एआई और ऑटोमेशन के जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल, वित्तीय सहयोग और तकनीकी प्रशिक्षण से छोटे उद्योगों की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। इससे वे घरेलू और वैश्विक बाजार में अपनी पहचान मजबूत करने के साथ औद्योगिक विकास को भी गति दे सकेंगे।

कार्तिक मास शुरू होते ही करें ये काम

अपार पुण्य संग मिलेगा फल

इस शुभ महीने की शुरुआत कार्तिक कृष्ण द्वितीया तिथि यानी 27 अक्टूबर, दिन मंगलवार को सुबह 7 बजकर 2 मिनट तक प्रतिपदा तिथि से होगी. उदयकाल में इस दिन प्रतिपदा लगने से 27 तारीख से कार्तिक मास का व्रत और मेला आरंभ हो जाएगा जबकि 26 अक्टूबर, दिन सोमवार को सुबह 9 बजकर 42 मिनट तक आश्विन शुक्ल पूर्णिमा तिथि रहेगी और इसके बाद कार्तिक मास का आरंभ हो जाएगा. बता दें कि 26 तारीख को सुबह में ही पूर्णिमा का स्नान-दान किया जाएगा.

हिंदू धर्म में हर तिथि, वार और महीने का अपना विशेष महत्व माना गया है. इन्हीं में कार्तिक मास को बेहद पुण्यदायी और श्रेष्ठ महीनों में से एक बताया गया है. इस पूरे महीने में भगवान विष्णु, राधा-दामोदर और शालिग्राम जी की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है. मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक मास में पूजा-पाठ, दीपदान, स्नान और दान-पुण्य करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और नकारात्मकता दूर होती है. माना जाता है कि इस महीने में किए गए शुभ कर्मों से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है. उज्जैन के ज्योतिषाचार्य आनंद भारद्वाज से जानते हैं कि कार्तिक मास कब से शुरू हो रहा है, इस दौरान कौन से कार्य करना शुभ माना जाता है और किन कामों से बचना चाहिए.



ज्योतिषाचार्य आनंद भारद्वाज ने लोकल 18 को बताया कि इस शुभ महीने की शुरुआत कार्तिक कृष्ण द्वितीया तिथि यानी 27 अक्टूबर, दिन मंगलवार को सुबह 7 बजकर 2 मिनट तक प्रतिपदा तिथि से होगी. उदयकाल में इस दिन प्रतिपदा लगने से 27 तारीख से कार्तिक मास का व्रत और मेला आरंभ हो जाएगा जबकि 26 अक्टूबर, दिन सोमवार को सुबह 9 बजकर 42 मिनट तक आश्विन शुक्ल पूर्णिमा तिथि रहेगी और इसके बाद कार्तिक मास का आरंभ हो जाएगा. बता दें कि 26 तारीख को सुबह में ही पूर्णिमा का स्नान-दान किया जाएगा. वहीं कार्तिक पूर्णिमा के दिन यानी 24 नवंबर के दिन कार्तिक महीने का समापन होगा.

भगवान विष्णु की उपासना

कार्तिक के महीने में श्री हरि जल में वास करते हैं. यह महीना भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने के लिए अत्यधिक शुभ माना जाता है. इस दौरान प्रतिदिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए. साथ ही तुलसी के पौधे की उपासना करना भी जरूरी है. सुबह और शाम तुलसी के पौधे के पास देसी घी का दीपक जलाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है. इसके अलावा अपनी श्रद्धानुसार गरीबों को गर्म कपड़े, भोजन या धन का दान करना भी पुण्यकारी माना जाता है।

तेल कारोवारी बीएन एग्रीटेक से जुड़े 26 ठिकानों पर आयकर और जीएसटी का छापा

कंपनी के एमडी अजय अग्रवाल पिछले वर्ष दशरथ की भूमिका निभा चुके हैं, कार्यवाही से कारोवारियों में खलवली, प्रतिष्ठान बंद किये

आगरा। सरसों के तेल आदि के व्यवसाय से जुड़े बीएन एग्रीटेक लिमिटेड से जुड़े देशभर के 26 ठिकानों पर आयकर विभाग और जीएसटी इंटेलिजेंस ने संयुक्त कार्यवाही की है। बताया गया है कि विगत 22 अक्तूबर से शुरू हुई तलाशी में आगरा भी जांच के दायरे में हैं। विभाग की टीमें विगत तीन दिनो से लॉयर्स कॉलोनी स्थित कंपनी के एमडी अजय कुमार अग्रवाल के आवास पर तैनात हैं साथ ही संजय प्लेस एंव टीपी नगर स्थित कंपनी के कार्यालयों पर भी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि तेल कारोवारी अजय अग्रवाल ताजनगरी में कवि व रामकथा समालोचक कुमार विश्वास के आयोजनों को प्रायोजित करके और पिछले वर्ष नगर की प्रमुख रामलीला में राजा दशरथ की भूमिका निभा कर चर्चा में आ चुके हैं। कंपनी के गुजरात, दिल्ली एनसीआर एवं महाराष्ट्र में भी प्रतिष्ठानों पर एक साथ कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान दस्तावेजों, कारोवारी रिकॉर्ड एवं अन्य संबधित जानकारियों की जांच किए जाने की बात सामने आई है। लॉयर्स कॉलोनी स्थित एमडी अजय कुमार अग्रवाल के आवास पर अधिकारियों की मौजूदगी के कारण आसपास के क्षेत्र में भी चर्चा तेज हो गई है। वहीं संजय प्लेस और टीपी नगर स्थित कंपनी के कार्यालयों पर कार्यवाही से कारोबारी जगत में हलचल देखने को मिली है। जांच ऐजेंसियों की कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने संबधित दस्तावेजों औ रिकॉर्ड को खंगाला है, हांलाकि कार्यवाही के दौरान क्या-क्या तथ्य सामने आये हैं एवं किन दस्तावेजों अथवा रिकॉर्ड की जांच की गई है, विस्त्रत आधिकारिक जानकारी फिलहाल नहीं आई है। सूत्रों का कहना है कि छानवीन के दौरान टैक्स चोरी का बडा खुलासा हो सकता है, फिलहाल कार्यवाही जारी है, अब देखना होगा कि विभागीय अधिकारी क्या खुलासा करते हैं। आगरा में छापे की जानकारी मिलने पर अन्य तेल कारोवारियों हडकंप मच गया, उन्होंने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया, कारोवारी दिन भर अपने सूत्रों के हवाले से छापे की जानकारी जुटाते रहे।

आगरा के दरोगा अरुण चाहर की सड़क हादसे में मौत

मुजफ्फरनगर में तैनात थे, किरावली के गांव बसेरी चाहर में मातम पसरा, घर में कोहराम



आगरा/मुजफ्फरनगर। किरावली तहसील के गांव बसेरी चाहर निवासी और मुजफ्फरनगर की सिविल लाइन थाना क्षेत्र की स्टेडियम चैकी इंचार्ज अरुण चाहर 25 की सडक हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात करीब 11 बजे वह अपनी स्विफ्ट कार से ड्यूटी पर जा रहे थे कि इसी दौरान पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर जानसठ से मुजफ्फनगर की ओर जाते समय किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड गए। तेज आवाज सुन गांव वाले मौके पर पहुंचे, उन्होंने पुलिस को दुर्घटना की जानकारी दी। पुलिस एम्बुलेंस की मदद से घायल दरोगा को सीएचसी ले गई किन्तु डॉक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। बताया गया है कि अरुण चाहर वर्ष 2023 में दरोगा बने थे। चार भाई-बहनों में वह सबसे छोटे और अविवाहित थे। उनके बडे भाई अजीत चाहर भी यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर है जिनकी पोस्टिंग बुलंदशहर में हैं। हादसे की सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया, गांव में मातम पसर गया, घर पर नाते-रिश्तेदारों की भीड जुट गई। बताया गया है कि आज गांव में शव का अंतिम संस्कार किया जायेगा।

भोला हत्याकांड का खुलासा, एक हत्यारोपी गिरफ्तार

पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल खुरपा और खून से सने कपड़े बरामद किए



आगरा। थाना फतेहाबाद पुलिस ने भोला हत्याकांड का खुलासा करते हुए रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल खुरपा, खून से सना तौलिया और उसके कपड़े बरामद किए हैं। राजा का पुरा निवासी महेश चंद्र ने 23 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर की शाम उनके छोटे भाई भोला को कुछ लोग घर से बुलाकर ले गए थे। रात में राकेश के घर के पास भोला की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। 25 अक्टूबर को एक सूचना के आधार पर सतेन्द्र सिंह तोमर उर्फ करुआ (45) को विजौलपुरा मोड़ के समीप से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्यारोपी की निशानदेही पर एक खुरपा, मृतक का तौलिया, एक पैंट और एक शर्ट जिस पर खून लगा था। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

तीन बूथों पर मतदान आज

आगरा। खंड शिक्षक निर्वाचन के तीन बूथों पर मतदान होगा। मतदाता सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं, यहा मतदान शून्य होने पर चुनाव आयुक्त ने पुन मतदान की घोषणा की थी, जिन बूथों पर पुन मतदान होना है उनमें बूथ संख्या 20 खेरागढ, कक्ष संख्या-1, बूथ नंबर 21 क्षेत्र पंचायत कार्यालय सैंया, कक्ष संख्या -1। बूथ नंबर 26 क्षेत्र पंचायत फतेहाबाद कक्ष संख्या-एक प्रमुख है।

फर्जी खाता खोलकर 1.27 करोड़ रुपये का लेनदेन

आयकर नोटिस से हुआ बड़ा खुलासा, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया

आगरा। तहसील किरावली में कृषि यंत्र विक्रेता के नाम पर फर्जी तरीके से बैक में सेविंग अकाउंट खोल कर करोडों के लेन-देन का मामला प्रकाश में आया है। श्याम एग्रो एजेंसी के संचालक गोविंद सिंह के नाम खोल गए खाते से एक करोड, 27 लाख, 31 हजार, 500 रूप्ये अलग-अलग कंपनियों ट्रांसफर करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि पीडित को मामले का तब पता चला जब आयकर विभाग से भारी-भरकम राशि का नोटिस थमा दिया गया। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर करोडों के लेन-देन का खुलासा होने पर पीडित के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीडित गोविंद ने बताया कि पडौसी रवि ने वर्ष 2024 में उसे सेल्समैन बनाने का प्रस्ताव दिया और भरोसे में लेकर केनरा बैंक किरावली शाखा के कर्मचारी से मिलीभगत कर नया बैक अकाउंट खुलवा दिया। रवि उसे राजस्थान भी ले गया और खाते का हिसाब रखने के बहाने सिम अपने पास रख ली। आरोप है कि पहले खाते में 28.80 लाख रूप्ये डाले गए फिर एआर एंटरप्राइजेज, डीजीबीएमटी इंडस्ट्रीज, दुर्गमप्लेट हाउस, मोहित गारमेंट्स समेत अन्य खातों में रकम भेजी गई। गोविंद का नियमित लेन-देन पीएनबी खाते से होता था इसलिए उन्हें इसकी जानकारी नही हुई। पीडित गोविंद ने थाने से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक न्याय की गुहार लगाई और कार्यवाही करने को कहा लेकिन किसी ने नहीं सुनीं इसके गोविंद ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर किरावली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी है। थाना प्रभारी मदन सिंह ने बताया कि खाता खोलने की प्रक्रिया सहित अन्य पहलुओं की सघन जांच पडताल की जा रही है, साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

आगरा कैंट आरपीएफ ने चांदी तस्कर को दबोचा

आगरा। ताजनगरी में नशीली दवाओं, मादक पदार्थ और शराब आदि की तस्करी जोरों पर है। आए दिन तस्कर पकडे जा रहे हैं, फिर अनैतिक गोरखधंधें पर पुलिस का अंकुश नहीं है। इसी कडी में आगरा कैंट आरपीएफ ने बीते रोज चांदी तस्करी मामले में एक तस्कर को दबोच लिया। बताया जा रहा है कि आरपीएफ ने तस्कर को विगत शनिवार को गिरफ्तार किया था। जीआरपी और आरपीएफ ने टेज्नों एवं स्टेशन परिसर में सघन जांच अभियान चलाया है। आरपीएफ ने संदिग्ध यात्रियों की तलाशी ली, इसी दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, उससे पूछताछ की, संदिग्ध ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयासा किया, तलाशी के दौरान संदिग्ध के कब्जे से चांदी बरामद की गई, वह न तो इसके कागज दिखा सका और नहं संतोषजनक जबाव दिया, इस पर पुलिस चांदी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उससे सघन पूछताछ की गई, चांदी कहां से लाया और कहां सप्लाई करनी थी, आरपीएफ इसकी जानकारी जुटा रही है। बरामद चांदी की कीमत को लेकर फिलहाल आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है। आरपीएफ पूरे नेटवर्क की छानवीन में जुटी है और तस्करों के पीछे कौन बडे लोग हैं, इसकी जानकारी जुटा रही है। जीआरपी और आरपीएफ अब तक दर्जनों तस्करों को जेल भेज चुकी है फिर भी अवैध कारोवार पर अंकुश नहीं है, तस्करी का अनैतिक गोरखधंधा बदस्तूर जारी है। तस्करी में महिलाएं भी जुडी है, कई महिला तस्कर जेल की हवा खा चुकी है, जेल से छूटने के बाद वह फिर इसी गोरखधंधे में जुट जाती हैं।

कोल्ड्रिंक के पैसे मांगने पर विवाद

फतेहपुर सीकरी। चौमा शाहपुर स्थित राजस्थानी ढाबे पर कोल्ड्रिंक के रुपये दोबारा मांगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि ढाबे पर काम करने वाले दो कर्मचारियों ने युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट की साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।ग्राम सामरा निवासी शिवा पुत्र नारायण सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अक्टूबर की रात करीब 10,45 बजे वह चैमा शाहपुर स्थित राजस्थानी ढाबे पर कोल्ड्रिंक लेने गया था। कोल्ड्रिंक के रुपये देने के बाद ढाबे के कर्मचारियों ने दोबारा रुपये मांगे इसका विरोध करने पर वहां काम करने वाले मंजीत और रामस्वरूप ने उसके साथ गाली-गलौज की।आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

टेसू खेलने निकले दो बच्चे लापता



फतेहपुर सीकरी। क्षेत्र के नगला बले गांव से टेसू खेलने निकले दो बच्चे लापता हो गए। परिजनों ने बच्चों की काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, नगला बले निवासी मीना देवी का 10 वर्षीय बेटा मनमोहन 24 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे पड़ोस में रहने वाले 11 वर्षीय सूरज पुत्र लज्जाराम के साथ टेसू खेलने को निकला था। परिजनों ने बच्चों को जाने से मना किया था इसके कुछ देर बाद दोनों बच्चे बिना बताए घर से निकल गए।काफी देर तक बच्चों के वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मनमोहन और सूरज के परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में भी खोजबीन की, लेकिन दोनों का पता नहीं चल सका। मनमोहन की मां मीना देवी ने थाना फतेहपुर सीकरी में तहरीर देकर बच्चों की तलाश कराने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर लापतां बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।

9 वर्षीय वालक को उसके परिजनों से मिलाया



फतेहपुर सीकरी।मिशन शक्ति टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान बाईपास रोड पर 9 वर्षीय बालक निशांत अकेले घूमता हुआ मिला जिन पर पुलिस की नजर पडी। उ,नि, आकांक्षा सिंह चैहान, उ,नि, स्वाति, उ,नि, प्रीति एवं उनि, सौरभ द्वारा बालक से पूछताछ की, बालक ने अपना नाम निशांत, निवासी जिला भरतपुर, राजस्थान बताया। बालक ने बताया गया कि उसके माता-पिता नहीं हैं। वह अपनी अम्मा रूपवती एवं ताऊ वीरेंद्र के पास रहता है।प्रकरण की गंभीरता एवं बालक की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बालक के परिजनों के संबंध में जानकारी जुटाई गई उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पिनाहट में दीपावली से पूर्व शुरू होगा चंबल का पैंटून पुल

स्टीमर बंद होने से परेशान ग्रामीणों को मिलेगी राहत



आगरा। दीपावली से पहले पिनाहट में चंबल नदी पर पैंटून पुल संचालित होने की उम्मीद बढ़ गई है। पुल पर वेल्डिंग के साथ रंगाई-पुताई का काम तेजी से चल रहा है। पुल को भगवा रंग में तैयार किया जा रहा है। त्योहार से पहले पुल चालू होने पर चंबल पट्टी के गांवों के लोगों को नदी पार करने में सुविधा मिलेगी। बीते दिनों मध्य प्रदेश प्रशासन की ओर से स्टीमर का संचालन नहीं होने दिए जाने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा था। ऐसे में पेंटून पुल शुरू होने की संभावना से स्थानीय ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है।चंबल नदी घाट पर पेंटून पुल को चालू करने की तैयारियां जारी हैं। ठेकेदार के कर्मचारी पुल पर वेल्डिंग और रंगाई-पुताई सहित अन्य जरूरी कार्यों में जुटे हैं। पुल को भगवा रंग में रंगा जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके संचालन की उम्मीद है। हालांकि, पुल चालू होने की निश्चित तारीख अभी स्पष्ट नहीं है।चंबल नदी के दोनों ओर बसे गांवों के लोगों के लिए नदी पार करना रोजमर्रा की जरूरत है। स्टीमर का संचालन बंद होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी थी। बीते दिनों मध्य प्रदेश प्रशासन ने स्टीमर का संचालन नहीं होने दिया था इसके बाद से ही लोगों को पेंटून पुल शुरू होने का इंतजार है।दीपावली से पहले पेंटून पुल चालू होने पर चंबल पट्टी के ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिल सकती है। इससे नदी पार करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था मिलने की उम्मीद है। फिलहाल पुल पर काम जारी है और ग्रामीणों की निगाहें इसके जल्द संचालन पर टिकी हैं।

कांग्रेस सेवादल का अभियान, 'चलो घर की ओर'



आगरा।चलो घर की ओर अभियान से कांग्रेस सेवादल ने दिया एकजुटता का संदेश, आगरा। कांग्रेस सेवादल ने रविवार को लोहामंडी में चलो घर की ओर अभियान के तहत ध्वज वंदन एवं रवि मिलन कार्यक्रम आयोजित कर संगठन को मजबूत बनाने और पुराने कांग्रेस परिवारों को दोबारा जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कांग्रेस के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान, देश की एकता-अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में पार्टी की भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने और सीबीआई-ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के आरोप लगाए।कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मनोज जैन बौहरा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हुआ। अध्यक्षता कांग्रेस सेवादल आगरा के अध्यक्ष सचिन चौधरी ने की। शहजाद खान और दिनेश बाबू शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान तवरेश इस्लाम और दानिश का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की नीतियों पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है और सीबीआई तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियों का कथित तौर पर दुरुपयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर सत्येंद्र कुमार, कैम अनिल शर्मा, मधुरिमा शर्मा, लता कुमारी, अनिल मौर्य, अनुज शिवहरे, अमीचंद, विजय शर्मा, लक्ष्मी नारायण सिंह, सीएम पराशर, राजीव गुप्ता, यशपाल राना, रमेश पहलवान, अनिल विधोलिया, अहमद हसन, सोनू कंजोलिया, धर्मेंद्र सिंह, ऋषि, दानिश सिद्दीकी, संजय पंडित, विमल चौहान, फैजल जाफरी, धर्मेंद्र शर्मा, विकास पलवार, पीसी नरवार, रश्मि सिंह, सुभाष बासवाला आदि मौजूद थे।

युवक आत्महत्या करने जा रहा था, जीआरपी ने बचाया

आगरा। पारिवारिक कलह से परेशान होकर आत्महत्या करने राजा की मंडी रेलवे स्टेशन पहुंचे 27 वर्षीय युवक को जीआरपी आगरा कैंट पुलिस ने बचा लिया।जीआरपी टीम नियमित गश्त पर थी, तभी स्टेशन परिसर में युवक संदिग्ध हालत में घूमता मिला। पूछताछ में उसने बताया कि वह नाई की मंडी क्षेत्र का रहने वाला है और पारिवारिक विवाद से परेशान होकर आत्महत्या के इरादे से स्टेशन आया था।पुलिसकर्मियों ने उसे समझाया कि किसी भी समस्या का हल आत्महत्या नहीं है। काफी समझाने के बाद युवक शांत हुआइसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया। परिजन राजा की मंडी चैकी पहुंचे और पुलिस ने युवक को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया।इस कार्रवाई में चैकी प्रभारी त्रिमोहन सिंह और कांस्टेबल धीरज कुमार की अहम भूमिका रही। परिजनों ने जीआरपी का आभार व्यक्त किया।

दीपावली की खरीदारी करने बाजार गया था परिवार, चोरों ने घर को खंगाला

नगदी सहित सोने-चांदी के जेबर ले गए, पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी



आगरा। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के नगला रामबल स्थित आजाद नगर में सतेंद्र सिंह पिछले सात साल से परिवार के साथ रह रहे हैं। वह पीवीसी कंपनी में सुपरवाइजर हैं। उनका बेटा विक्की ठाकुर नोएडा में नौकरी करता है। घर पर पत्नी विनीता चैहान और बेटी नेहा चैहान रहती हैं। विक्की हर शनिवार घर आता है।रविवार दोपहर करीब 12 बजे वह मां और बहन के साथ दिवाली की खरीदारी करने बाजार गया था। परिवार करीब ढाई बजे लौटा तो मुख्य गेट का कुंडा और ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी और बक्सों के ताले टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था।विक्की ने पुलिस को बताया कि चोर सोने-चांदी के आभूषण और करीब 10 हजार रुपये नकद ले गए। परिवार के मुताबिक चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब 14 लाख रुपये है। एसीपी छत्ता श्वेता वर्मा ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।घर में बिखरा सामान और खाली अलमारी देखकर विनीता चैहान का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मेहनत से जुटाए आभूषण चोरी होने से वह टूट गईं। रोते हुए बोलीं, मेरी वर्षों की पूंजी चुरा ले गए। परिवार के लिए दिवाली की खुशियां पलभर में चिंता और मायूसी में बदल गईं।

शरद पूर्णिमा पर भक्ति और उल्लास का अदभुत संगम

आगरा। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आगरा के प्रमुख मंदिरों में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर में बाबा का रजत अलंकरण और श्वेत पुष्पों से मनोहारी श्रृंगार किया गया, वहीं नाई की मंडी स्थित श्री प्रेमनिधि मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के महारास के भाव के साथ विशेष श्रृंगार और दर्शन का आयोजन हुआ। दोनों मंदिरों में ठाकुरजी के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। श्वेत सज्जा, पुष्पों की मनोरम छटा और भक्ति संगीत के बीच मंदिरों का वातावरण अद्भुत था।जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। रजत अलंकरण और श्वेत पुष्पों से सजे बाबा के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। सुबह से ही मंदिर में दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा।

दौड़ा आगरा, गूंजा रन विद लव का संदेश.



आगरा।ताज हाफ मैराथन के चौथे संस्करण के प्रचार के लिए रविवार को दयालबाग के खेलगांव से पहली 5 किमी प्रोमो रन आयोजित हुई, जिसमें 1500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। सात वर्षीय बच्चों से लेकर 77 वर्षीय बुजुर्ग और जर्मनी के म्यूनिख से आए एनआरआई इंजीनियर विकास चैहान तक ने दौड़ लगाई। 14 फरवरी को होने वाली ताज हाफ मैराथन की थीम रन विद लव रखी गई है, जिसका उद्देश्य आगरा से दुनिया को प्रेम का संदेश देने के साथ शहर में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

सड़क हादसे में घायल युवक की सात दिन बाद तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम

कुसमरा। इटावा-बेवर मार्ग पर किशनी में सात दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। रविवार सुबह आठ बजे सैफई पीजीआई के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कस्बा के वार्ड संख्या 10 निवासी रामस्वरूप सविता का पुत्र राहुल सविता बीती 19 अक्टूबर को इटावा-बेवर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे सैफई पीजीआई रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार चल रहा था। करीब सात दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद रविवार, 25 अक्टूबर की सुबह आठ बजे चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। राहुल की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक शादी-विवाह समारोहों में हलवाई का काम करता था।

पैट परीक्षा को लेकर केंद्रों पर उमड़ी भीड़, सघन चेकिंग के बाद मिला प्रवेश

भोगांव। नगर में रविवार को पैट परीक्षा कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच शुरू हुई। परीक्षा के लिए सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ नेशनल महाविद्यालय और नेशनल इंटर कॉलेज के बाहर जुटने लगी। सुबह सात बजे से ही दोनों केंद्रों पर परीक्षार्थियों की आवाजाही शुरू हो गई थी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षाकर्मियों के साथ विद्यालय स्टाफ भी मुस्तैद रहा। केंद्र में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग की गई। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। नेशनल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसके निमेष ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षार्थियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जा रहा है। परीक्षा के दौरान भी निगरानी की समुचित व्यवस्था रखी गई है। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। परीक्षा केंद्रों के आसपास भी पुलिस और विद्यालय स्टाफ द्वारा निगरानी रखी गई।

जमीन पर दबंग ने किया अवैध कब्जा, पीड़िता ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार, विधायक ने दिए पैमाइश के निर्देश

भोगांव। तहसील भोगांव के थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम बनकिया करपिया में दानपत्रशुदा आराजी पर विपक्षी द्वारा अवैध कब्जा कर जोतने-बोने से रोकने का मामला सामने आया है। सीमा सिंह पत्नी योगेश कुमार निवासिनी ग्राम वनकिया, थाना बेवर, तहसील भोगांव ने उप जिलाधिकारी पियूष जायसवाल को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके ससुर राजेन्द्र सिंह पुत्र साहब सिंह ने अपनी कुल जमीन का सरकारी बंटवारा कराकर तथा नियमानुसार भूमि की पैमाइश व कब्जा दखल लेकर विधिवत रूप से प्रार्थिनी के पति की आर्थिक कमजोरी को देखते हुए ग्राम की भूमि का दानपत्र बीते 22 अगस्त को पीड़ित के हक में कर दिया था तथा कब्जा व दखल दे दिया था।उसके कुछ दिन बाद संजय सिंह पुत्र गजराज सिंह निवासी ग्राम बनकिया ने पुनः जबरन कब्जा कर लिया है और पीड़िता को अपना खेत जोतने-बोने नहीं दे रहे हैं। पीड़िता का आरोप है अवैध कब्जा करने वाला रसूखदार है इस कारण की गई शिकायतों पर लेखपाल कानूनगो कोई कारवाही नहीं कर रहे हैं।

पीड़िता ने एसडीएम से मांग की है कि उसके खेत से विपक्षी का अनाधिकार कब्जा हटवाकर नियमानुसार कब्जा दिलाया जाए। इसी मामले में भोगांव विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने भी उप जिलाधिकारी को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि पीड़ित को न्याय दिलाया जाए ओर उसके खेत की पैमाइश कराने हेतु संबंधित को निर्देशितकिया जाए। इस संबंध में एसडीएम पीयूष जायसवाल ने तहसीलदार घासीराम को निर्देश दिया है कि राजस्व टीमद्वारा मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पैमाइश कराकर मामले का निस्तारण कराएं।

भाजपा कार्यालय पर विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने की जनसुनवाई

समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

भोगांव। स्थानीय भाजपा कार्यालय पर रविवार को विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने पहुंचकर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र से आए दूर-दराज के लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश शिकायतें आपसी विवाद, झगड़े और भूमि-विवाद से संबंधित आई। विधायक ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए मौके से ही संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के जरिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण करने को कहा। विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी, विशंभर तिवारी, बॉबी मिश्रा, आस्तेंद्र गुप्ता, सुनील राजपूत, जितेंद्र बाबू राजपूत, महाराज सिंह लोधी, सौरभ पांडेय, अनुभव गुप्ता और प्रताप राजपूत सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

128 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक श्रीरामलीला का हुआ भव्य समापन

श्रीरामलीला कमेटी (रजि.) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 128 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक श्रीरामलीला का विधिवत समापन हुआ। आयोजित समापन समारोह के दौरान कमेटी के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा माननीय सांसद जितेंद्र दोहरे का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव बंटी, हरिओम यादव, विनोद यादव प्रधान भोली, तथा सत्य प्रकाश यादव (राजा) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों व अतिथियों ने श्रीरामलीला के सफल आयोजन और उसकी 128 वर्षो की समृद्ध परंपरा की सराहना करते हुए सांसद जितेंद्र दोहरे जी को सम्मानित किया गया ।समापन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व श्रद्धालुओं की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

लाठी-चाकू से हमला कर तीन लोगों को किया घायल, तीन पर मुकदमा दर्ज

बकेवर इटावा बकेवर थाना क्षेत्र के दिलीपनगर में लाठी-चाकू से हमला कर तीन लोगों को घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दिलीपनगर निवासी भारत सिंह पुत्र स्वर्गीय फूलू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर बाजरे की बालियां थ्रेसर से कटवाने जा रहे थे। आरोप है कि तभी जंडेल सिंह पुत्र हमीर सिंह लाठी लेकर तथा जबर सिंह और उसकी पत्नी शर्मिला देवी चाकू लेकर उनके घर पर आ गए। गाली-गलौज के बाद जंडेल सिंह ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। भारत सिंह के अनुसार, बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी पत्नी शांति देवी पर चाकू से हमला किया गया, जिससे उनके हाथ और मुंह पर घाव हो गए। वहीं, इंद्रपाल की पत्नी अर्चना देवी के गाल पर चाकू से खरोंच आई और कमर में लाठी लगने से चोट पहुंची। पुलिस ने भारत सिंह की तहरीर के आधार पर जंडेल सिंह, जबर सिंह और शर्मिला देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

फरसे के वार से युवक घायल, भाई-भाभी पर मुकदमा दर्ज

बकेवर इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र के मुकुटपुर गांव में पारिवारिक विवाद के दौरान एक युवक पर फरसे से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उसके बड़े भाई और भाभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकुटपुर निवासी सूर्यप्रताप सिंह के अनुसार, 24 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे घर पर उनके और बड़े भाई विमलेश सिंह के मौजूद रहने के दौरान बड़े भाई नीलेश सिंह और भाभी अनुपमा से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान नीलेश सिंह ने सूर्यप्रताप पर फरसे से वार कर दिया, जिससे उनके बाएं हाथ में चोटें आईं। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। थाना पुलिस ने सूर्यप्रताप सिंह की तहरीर के आधार पर नीलेश सिंह और अनुपमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

टेसू झेंझी का विवाह पूर्णिमा के दिन धूम धाम से हुआ

बकेवर इटावा। महेवा विकासखंड क्षेत्र के कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों में भारतीय लोक संस्कृति में टेसू झेजी की परंपरा का विशेष महत्व है। शारदीय नवरात्र से शरद पूर्णिमा तक ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे टेसू और झेजी सजाकर घर-घर जाते हैं इस दौरान बच्चे पारंपरिक लोकगीत गाते हुए लोगों से अनाज और पैसे मांगते हैं। यह परंपरा लोक आस्था सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक मानी जाती है। मान्यताओं के अनुसार टेसू की कथा महाभारत काल के वीर बर्बरीक से जोड़कर भी सुनाई जाती है बर्बरीक को घटोत्कच का पुत्र और भीम का पोत्र माना जाता है। हालांकि टेसू से जुड़ी लोक कथाओं के अलग-अलग क्षेत्रीय रूप प्रचलित हैं। वही झेजी मिट्टी की छिद्रयुक्त मटकी होती है। जिसमें दीपक जलाकर उसे फूलों और पत्तियों से सजाया जाता है टेसू को बास की खपंछियों से तैयार कर रंग-बिरंगे कपड़ों और फूलों से आकर्षक रूप दिया जाता है। परंपरा के अनुसार नवरात्र से शुरू होकर शरद पूर्णिमा तक बच्चे टेसू झेजी लेकर घर-घर पहुंचते हैं। कुछ क्षेत्रों में शरद पूर्णिमा की रात टेसु झेजी का विवाह करने और उसके बाद विसर्जन करने की परंपरा भी प्रचलित है। हालांकि रीति रिवाज अलग-अलग क्षेत्र में भिन्न हो सकते हैं ।आधुनिकता के दौर में भी ग्रामीण क्षेत्रों में यह परंपरा बच्चों को लोकगीतों और पारंपरिक रीति रिवाज से जोड़ने का माध्यम बनी हुई है। ग्राम पंचायत उझिया नी निवासी बुजुर्ग एवं समाजसेवी प्रवक्ता आदित्य नारायण अग्निहोत्री व महेवा निवासी पंडित रामकुमार तिवारी का मानना है कि ऐसी परंपराओं को सहेज कर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है ताकि भारतीय लोक संस्कृति की पहचान बनी रहे।

21 कुंडीय हवन यज्ञ के साथ आर्य समाज का 88 वा वार्षिकोत्सव सम्पन्न

समाजसेवियों का किया सम्मान





कोसीकला रविवार को आर्य समाज के 88 वे वार्षिकोत्सव के समापन दिवस पर सुबह 21 कुंडीय सुख समृद्धि महायज्ञ का आयोजन किया गया। सुख समृद्धि महायज्ञ के ब्रह्मा वैदिक प्रवक्ता संजय याजिक रहे। जिसमें नगर के 84 जोड़ों एवं समाजसेवियों ने बढ़चढ़ सहयोग किया। आचार्य संजय याजिक ने वेदों के मन्त्रो के माध्यम से सुख समृद्धि महायज्ञ सम्पन्न कराया। इस अबसर पर उत्तरप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने महायज्ञ में शामिल होकर नगर एवं प्रदेश की सुख शांति की कामना कर आहुति दी। इस मौके पर भाजपा नेता तरुण सेठ, सुनील शेरगडिया, वेद प्रकाश मित्तल, राजेन्द्र आर्य,अंकित मालवीया, ललित एडवोकेट, जेपी मिश्रा, भानु प्रताप ठाकुर, देशबंधु अग्रवाल, कन्हैया लाल गोयल, सहित अन्य जोड़ो ने भी परिवार की सुखशांति हेतु आहुति दी। अंत मे पुणार्हुति और शांति पाठ कर यज्ञ सम्पन्न किया। ततपश्चात समाज के संरक्षक ओमप्रकाश आर्य, प्रधान डॉ प्रकाश आर्य, मंत्री सुरेंद्र आर्य, प्रबंधक नरेंद्र आर्य, अजय आर्य, सत्यप्रकाश आर्य ने कैबिनेट मंत्री का दुप्पटा माला एवम वार्षिकोत्सव का सम्मान चिन्ह देकर सम्मान किया। वही वार्षिकोत्सव ने अपना सहयोग देने वाले अतिथियों का भी सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा यज्ञ ही प्रत्येक व्यक्ति को जीवन देता है। यज्ञ से सासारिक सुखों की प्राप्ति मिलती है। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी देव दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना कर दुनिया से पांखड को मिटाने का कार्य किया। वार्षिकोत्सव के समापन पर आयोजित हुए 21 कुंडीय सुख समृद्धि महायज्ञ का आयोजन नगर के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आर्य समाज के पास सभी इलाजों का उपचार है। वही मंच पर मौजूद नगरपालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने मंच से महाराजा अग्रसेन चौराहे के सामने लगे महर्षि दयानंद मार्ग के समीप महर्षि दयानंद की भव्य प्रतिमा लगाकर पार्क बनाने की घोषणा की। मार्ग की पहचान हो सके। पालिकाध्यक्ष की इस पहल पर समाज के लोगो ने पालिकाध्यक्ष के इस कार्य की भूरी भूरी प्रशसा की। 88 वे वार्षिकोत्सव के समापन दिवस पर आयोजित 21 कुंडीय सुख समृद्धि महायज्ञ के ब्रह्मा आचार्य संजय याजिक एवं प्रमुख उपदेशक आचार्य डॉ कपिल मलिक ने कहा कि ऐसे सामूहिक यज्ञ से आर्य समाज का प्रचार प्रसार होता है। आर्य समाज ने हमेशा से लोक कल्याण की कामना की है। शाम को आयोजित सभा मे मंच पर मौजूद उपदेशको और भजनोपदेशको ने भजनों और उपदेशको के माध्यम महर्षि स्वामी देव दयानंद सरस्वती और वेदों के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आर्य समाज के द्वारा बनाये दस नियमो के सिद्धान्त पर चलना चाहिए। योगिराज श्री कृष्ण योगेश्वर थे, महात्मा थे, महावीर, धर्मात्मा व सुदर्शनचक्रधारी थे। वह वेदभक्त, ईश्वरभक्त, देशभक्त, ऋषियो व योगियों के अनुगामी थे।उन्होंने अपना सारा जीवन वेद धर्म का पालन करके व्यतीत किया। अतः महर्षि दयानन्द ने महाभारत का अध्ययन कर श्रीकृष्ण जी के सत्य चरित को जाना और उसके आधार पर पुराणों में वर्णित श्रीकृष्ण जी पर मिथ्या आरोपों का निराकरण करते हुए सत्य वचनों को प्रस्तुत किया। सत्यार्थप्रकाश के ग्याहरवें समुल्लास में उन्होंने श्रीकृष्ण जी के विषय में जो लिखा है वह प्रत्येक भारतीय के लिए पठनीय है। उसे प्रस्तुत कर रहे हैं।

अध्यक्ष की अनुमति के बिना खाद वितरण का आरोप, जांच की मांग

बकेवर इटावा महेवा विकास खण्ड के उरेग सहकारी संघ में रविवार, 25 अक्टूबर को अध्यक्ष की जानकारी और अनुमति के बिना खाद वितरण किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने सचिव पर गुपचुप तरीके से खाद बांटने का आरोप लगाते हुए मामले में अनियमितता की आशंका जताई है। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने बताया कि उन्हें खाद वितरण के संबंध में पहले कोई जानकारी नहीं थी। जानकारी करने पर पता चला कि सचिव ने उन्हें सूचित किए बिना खाद का वितरण किया है। अध्यक्ष ने मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अध्यक्ष को जानकारी दिए बिना खाद वितरण किया जाना संदेह पैदा करता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर खाद वितरण से जुड़े तथ्यों को स्पष्ट करने की मांग की है। हालांकि, खाद वितरण की प्रक्रिया और कथित अनियमितताओं की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

डांडिया-गरबा कार्यक्रम में शबनम जौहरी रहीं प्रथम, महिलाओं ने किया गरबा नृत्य

एटा। जिला चित्रगुप्त कल्याण समिति की महिला शाखा के तत्वावधान में विसारिया कैंपस में डांडिया-गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती इंदिरा सहाय ने की। इस दौरान महिलाओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लकी ड्रॉ भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा के समक्ष महिला जिलाध्यक्ष ममता जौहरी और महामंत्री रेनू बिसारिया ने पुष्पमाला अर्पित कर तथा आरती करके किया। समिति की ओर से सभी अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। गरबा नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लकी ड्रॉ में शबनम जौहरी ने प्रथम, नेहा जौहरी ने द्वितीय तथा क्षमा जौहरी और श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में रूप जौहरी, शबनम जौहरी, शिप्रा जौहरी, आकांक्षा सक्सेना, उषा किरण, अलका सहाय, उषा सक्सेना, दिव्या सक्सेना, वीना सक्सेना, शिल्पा जौहरी, ऋचा सक्सेना, रुचि सक्सेना, दीपाली, गुंजन, प्राची और शिखा सहित चित्रांशी समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने महिलाओं को आपसी मेलजोल और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

बस्तियों में पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि के जीवन परिचय को समझायें कार्यकर्ता

सेवा भारती की बैठक का आयोजन

कासगंज। सेवा भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मासिक बैठक का आयोजन कैम्प कार्यालय अशोक नगर पर विभाग उपाध्यक्ष एवं जिला संरक्षक डॉ पंकज वार्ष्णेय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में विविध स्थानों पर कार्यक्रम किए जाने पर चर्चा की गयी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हरवीर सोलंकी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता बंधु सेवा बस्तियों में पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि के जीवन परिचय को समझायें एवं उन्हें अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित करें स पूर्ण कालिक महेंद्र दास ने कहा कि सेवा समर्पण और त्याग ही किसी को महान बनाता है विभाग उपाध्यक्ष डॉ पंकज वार्ष्णेय ने कहा की हम सभी के आराध्य प्रभु मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम को भगवान के रूप में समझाने वाले महर्षि वाल्मीकि ही थे जिसके लिए सम्पूर्ण समाज वाल्मीकि समाज का सदैव ऋणी रहेगा बैठक में सेवा कार्य विस्तार एवं निष्क्रिय सेवा केंद्रों को पुनर्जीव करने पर विचार किया गया। इस दौरान प्रांतीय सदस्य हरवीर सोलंकी,महेंद्र दास,विभाग उपाध्यक्ष डॉ पंकज वार्ष्णेय,राजेंद्र कुमार,प्रताप सिंह,तेज सिंह,गीता सोलंकी, प्रदीप साहू,विजय बहादुर,दूरबीन सिंह,सौरभ साहू डॉ राज वर्मा,अंकित कुमार,राजा राम,प्रेमपाल सिंह,विकास कुमार,अभय वर्मा,पप्पू यादव,नेमकिशोर राजपूत,योगेश कुमार,जगदीश प्रसाद,आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

कहानी और विजुअल्स के बीच बेहतर तालमेल

आगरा/फिरोजाबाद। अभिनेता समीर वर्मा की डेब्यू फिल्म को लेकर तैयारियां दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई हैं। फिल्म की कहानी में नए बदलावों के साथ इसके बजट को भी बढ़ाने की योजना है। मेकर्स का लक्ष्य साफ है, कहानी और विजुअल्स के बीच ऐसा तालमेल बनाना, जो दर्शकों को मनोरंजन के साथ एक यादगार सिनेमाई अनुभव दे। फिल्म का फर्स्ट लुक अब 14 फरवरी 2027 को वैलेंटाइन डे के खास मौके पर सामने आएगा।फिल्म से जुड़े मेकर्स कहानी को और प्रभावशाली बनाने के साथ उसकी स्क्रीन प्रेजेंटेशन पर भी खास ध्यान दे रहे हैं, इसी सोच के साथ प्रोडक्शन पर अतिरिक्त निवेश करने की तैयारी है।

यूजर्स को बेहतर अनुभव कराया

आगरा।ओप्पो इंडिया ने अपनी नई ओप्पो फाइंड एक्स10 सीरीज लॉन्च की है, जिसमें ओप्पो फाइंड एक्स10 और ओप्पो फाइंड एक्स10 प्रो मैक्स शामिल हैं। इसके साथ ही ओप्पो की इनोवेटिव और प्रीमियम फ्लैगशिप फाइंड एक्स सीरीज की 10वीं पीढ़ी की शुरूआत हो गई है। प्रीमियम स्मार्टफोन अनुभव का एक नया पैमाना तय करने के लिए तैयार की गई फाइंड एक्स10 सीरीज में शानदार टू-टू-लाइफ इमेजिंग, बेमिसाल परफॉर्मेंस, जबरदस्त बैटरी बैकअप और आकर्षक रिफाइंड डिजाइन का मेल है। इसके साथ ही, नया कलरओएस 17 यूजर्स को एक बेहतरीन और स्मूथ सॉफ्टवेयर अनुभव प्रदान करता है।

फेस्टिव शॉपिंग में ज्यादा से ज्यादा बचत करें

आगरा। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के साथ ग्राहक खरीदारी, यात्रा और डिजिटल भुगतान पर मिलने वाले कई तरह के ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं।अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से फेस्टिव शॉपिंग में पाएं ज्यादा फायदा। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान ज्यादा बचत करना चाह रहे खरीदारों को अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड खरीदारी की एक और वजह देता है। ऑफर की जानकारी के मुताबिक,योग्य कार्डधारक फेस्टिव सेल के दौरान अपनी खरीदारी पर अतिरिक्त 5प्रतिशत कैशबैक पा सकते हैं। यह अतिरिक्त कैशबैक प्राइम मेंबर्स को मिलने वाले मौजूदा 5प्रतिशत कैशबैक और नॉन-प्राइम मेंबर्स को मिलने वाले 3प्रतिशत कैशबैक के ऊपर अलग से मिलेगा।

प्रथम पृष्ठ के शेष

एक नवम्बर की रैली में राहुल ने की ज्यादा से ज्यादा.

गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मतदाता सूचियों से नाम काटे गये। नियम-कानून तोड़े गये और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलीं। अब जवाब देश देगा। उन्होंने पोस्ट में लिखा, एक नवम्बर (चलो दिल्ली, वोट बचाओ) देश बचाओ जन मार्च और महारैली। छात्र, किसान, मजदूर, महिलाएं, नौजवान और व्यापारी, जिस-जिस को लोकतंत्र की फिक्र है, वो जरूर आएं। वोट आपका है। लड़ाई भी आपकी है। रामलीला मैदान, नयी दिल्ली। उन्होंने कहा भाजपा और उसके साथियों का दिल से धन्यवाद, जो इस कार्यक्रम का इतना जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं और इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहे हैं। गांधी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा बस अगले सात दिन भी यही जोश और लगन बनाये रखिए। भाजपा ने शनिवार को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा था। पार्टी ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी एक नवंबर को ही रैली आयोजित करने पर अड़े हैं और 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने की कोशिश कर रहे हैं। यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन के कई घटक दल कांग्रेस की एक नवंबर को रैली आयोजित करने की योजना से सहमत नहीं हैं और कार्यक्रम की तारीख बदलना चाहते हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने रामलीला मैदान तक होने वाले दिल्ली चलो मार्च को वोट चोरी के खिलाफ पार्टी का अब तक कस सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया। कांग्रेस ने कहा कि एक नवंबर को होने वाली उसकी रैली विपक्षी गठबंधन की एकजुटता का मजबूत संदेश देगी। पार्टी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने और वोट चोरों को सत्ता से बाहर करने के लिए एकजुट है। विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता 30 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'सार्वजनिक महाभियोग' की काररवाई करेंगे और उनके खिलाफ एक सार्वजनिक फैसला सुनायेंगे।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दो कारों की टक्कर में दो की मौत

7 लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक, आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रही अर्टिगा कार में एक परिवार सवार था. वहीं,लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार अचानक रॉन्ग साइड में आ गई. इससे दोनों कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार सवार बिहार निवासी श्याम बिहारी सिंह (62) और अजय कुमार गुप्ता (40) की मौके पर ही मौत हो गई. इसी कार में सवार कन्हैया और अशोक कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया. गंभीर घायलों को जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया गया. वहीं अर्टिगा कार में सवार रीता (45), उनकी बेटियां दीक्षा (18) और दीपशिखा (21), आजमगढ़ के कलदूपुर निवासी गरिमा (25) और संदीप यादव (30) भी हादसे में घायल हो गए. बताया गया कि परिवार नवंबर में होने वाली बेटे की शादी के लिए खरीदारी करने लखनऊ जा रहा था. घायलों का इलाज सीएचसी दोस्तपुर में चल रहा है.हादसे की सूचना मिलते ही दोस्तपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है. इस घटना को लेकर सीओ कादीपुर विनय गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसा दोस्तपुर थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 162.7 पर बढ़ौली गांव के पास हुआ. घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया. गंभीर हालत में दो घायलों को जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया.

देशको अराजकता...

राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ 'नये भारत' में लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हुई हैं। नीति-निर्माण के केंद्र में आम जनता है, गरीब कल्याण शासन की प्राथमिकता है, अंत्योदय आत्मनिर्भरता का आधार है और जनभागीदारी विकास को जन-आंदोलन का रूप दे रही है। आस्था, अस्मिता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण नये भारत में सामाजिक न्याय, नारी सशक्तीकरण, डिजिटल नवाचार और आर्थिक समृद्धि की संभावनाएं साकार हो रही हैं। विकास की यह यात्रा जन-आकांक्षाओं को अवसरों में बदलते हुए राष्ट्र की सामर्थ्य को निरंतर विस्तार दे रही है। आज जब विश्व के अनेक हिस्से हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे हैं, भारत लोकतांत्रिक स्थिरता, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक चेतना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में संकीर्ण मानसिकता वाली कुछ राजनीतिक ताकतें सत्ता के स्वार्थ में देश को अस्थिरता, अराजकता और अलगाववाद की भट्ठी में झोंकने का षड्यंत्र रच रही हैं। राष्ट्रीय हितों को ताक पर रखकर वैश्विक मंचों पर भारत की छवि धूमिल करने का निरंतर प्रयास कर रही हैं। इन चुनौतियों के बावजूद भारत अपने विकास के लक्ष्य के प्रति अडिग संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इस राष्ट्रीय यात्रा में उत्तर प्रदेश अपनी विशाल कृषि क्षमता, विस्तृत होते औद्योगिक आधार, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और युवा शक्ति के सामर्थ्य के बल पर कृषि से विनिर्माण तक, निवेश से रोजगार सृजन तक, हर क्षेत्र में प्रगति को गति दे रहा है और 'विकसित भारत' के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमारा संकल्प अटल है- राष्ट्रहित सर्वोपरि, राष्ट्रीय एकता अक्षुण्ण और विकास की गति अविराम। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारत की प्रगति का यह महायज्ञ अनवरत जारी रहेगा।

२८ हजार करोड़...

गई रकम कमोडिटी, ट्रैवल और विदेशी मुद्रा कारोबार से जुड़ी कंपनियों के करीब 400 म्यूल खातों में जमा की गयी। इन कंपनियों को फर्जी निदेशकों के जरिए चलाया जा रहा था। बाद में रकम नकद निकाली गयी और आरबीआई से लाइसेंस प्राप्त मनी चेंजर के जरिए विदेशी मुद्रा में बदली गयी। इस नेटवर्क ने करीब 28,000 करोड़ के बैंकिंग लेन-देन किए और लगभग 2,900 करोड़ नकद जमा किये। ईडी ने यह भी आरोप लगाया कि उपाध्याय ने वकील के तौर पर नामांकन कराया था, लेकिन किसी आरोपी या उनकी कंपनियों की ओर से अदालत में पेश नहीं हुए और न ही वकालतनामा दाखिल किया।

वाल्मीकि जयन्ती...

मुख्यमंत्री इस अवसर पर बिल्हौर व बिठूर विधानसभा क्षेत्रवासियों को 411 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। वह विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। प्रदेश में धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ उनसे जुड़े पौराणिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में 'रामायण सर्किट' और 'राम वन-गमन पथ' के तहत अयोध्या, चित्रकूट व इटावा आदि में विकास कार्यो को गति दी जा रही है। पर्यटन विभाग का महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के कायाकल्प और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं जुटाने पर जोर है। योगी सरकार विभिन्न परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर 'आदिकवि' महर्षि वाल्मीकि की विरासत सहेजने के साथ सांस्कृतिक पर्यटन को भी विस्तार दे रही है। योगी सरकार 26 अक्तूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती भी मनायेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में रामायण से जुड़े अनेक धार्मिक स्थल हैं। प्रदेश सरकार रामायण सर्किट और राम वन गमन पथ के माध्यम से इन स्थलों के संरक्षण, विकास और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। चित्रकूट इसका जीता-जागता उदाहरण है। वाल्मीकि समुदाय उनकी जयंती को 'प्रकट दिवस' के रूप में मनाता है। के संरक्षण के साथ उनसे जुड़े पौराणिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में 'रामायण सर्किट' और 'राम वन-गमन पथ' के तहत अयोध्या, चित्रकूट व इटावा आदि में विकास कार्यो को गति दी जा रही है। पर्यटन विभाग का महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के कायाकल्प और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं जुटाने पर जोर है। योगी सरकार विभिन्न परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर 'आदिकवि' महर्षि वाल्मीकि की विरासत सहेजने के साथ सांस्कृतिक पर्यटन को भी विस्तार दे रही है। योगी सरकार 26 अक्तूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती भी मनायेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में रामायण से जुड़े अनेक धार्मिक स्थल हैं। प्रदेश सरकार रामायण सर्किट और राम वन गमन पथ के माध्यम से इन स्थलों के संरक्षण, विकास और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। चित्रकूट इसका जीता-जागता उदाहरण है। वाल्मीकि समुदाय उनकी जयंती को 'प्रकट दिवस' के रूप में मनाता है।

जलेसर मे पुलिस से वेखौफ-मांस माफियाओ का आतंक



जलेसर के बंसंत टाकीज के सामने दरगाह मार्केट पर तांडव नृत्य।

- पुलिस से षिकायत करने पर मीट माफियाओ ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा-
- आमजन मे छाया खौफ

एटा। कोतवाली जलेसर कस्बा मे मीट माफियाओ का खुला आतंक 24 अक्टूबर रात समय लगभग 10बजे जलेसर के बंसंत टाकीज के सामने दरगाह मार्केट पर देखने को मिला जहॉ मीट माफिया सरेराह मीट की षिकायत करने पर शिकायत करने वाले लौगो को दौड़ा-दौड़ा कर पीट रहे थे। लोग तमाषवीन बने रहे। किसी मे इतनी हिम्मत नही थी कि कोई हस्तक्षेप कर सके साथ ही पुलिस का खोफ कही भी नजर नही आ रहा था। बताया जाता है कि जलेसर मे मीट-मांस का अबैध कारोवार खुले आम चल रहा है। षासन की इच्छा के बावजूद जलेसर पुलिस भी इस अबैध कारोबार पर अंकुष लगाने मे नाकाम सावित हो रही है। बताया जाता है कि मौनू पुत्र वुद्वा निवासी मोहल्ला पठानान जलेसर ने मीट-मांस के अबैध कारोवार की षिकायत थाने मे पुलिस इस्पैक्टर से की थी।

इसीबात को लेकर मीट-मास माफियाओ ने जलेसर के बंसंत टाकीज के सामने दरगाह मार्केट पर खुलेराह-खुलेआम नंगा नाच कर षिकायत कर्ताओ कोदौड़ा कर तथा गिरा कर पीटा। नंगा तांडव इतना भयंकर था कि रास्ता भी रूक गयी। किसी मे भी इतनी हिम्मत नहि थी कि कोई बीच मे बोलता या वीच वचाव करता। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जलेसर इस मांस-मीट के गैर कानूनी अबैध काम को रोकने पुरी तरह नाकाम साबित हो रही है। एस.एस.पी. महोदय को इस पर गम्भीरता से कार्य कारना होगा अन्यथा यदि कोई इससे भी अधिक अप्रिय घटना होती है तो जिसका जिम्मदार कौन होगा.?।

शिकायत करने पर मीट माफियाओ ने शिकायतकर्ता को पीटा, चार लोगों पर आरोप



एटा। जलेसर कस्बे के मोहल्ला पठानान निवासी मोनु ने थानाध्यक्ष जलेसर को षिकायती पत्र देकर मारपीट की शिकायत की थी पीड़ित के अनुसार, 23 अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे वह थाने के नाक के नीचे जलेसर बड़ा बाजार चौराहे पर था। तभी बहॉ आरोपी बड़ा बाजार निवासी अकरम पुत्र बाबू अपने साथियो सहित आगया तथा पकड़ कर पुलिस से षिकायत करने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगा। आरोप है कि अकरम ने अपने भाई शहजाद और भतीजे सौरव व रोहित के साथ मिलकर मोनु के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से चले गए। मारपीट में मोनु घायल हो गया। पीड़ित ने जलेसर थानाध्यक्ष से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने हेतु थाने पर तहरीर दी लेकिन परिणाम षून्य रहा। इसका नतीजा यह रहा कि जलेसर के बंसंत टाकीज के सामने दरगाह मार्केट पर मीट माफियाओ का खुला तांडव नृत्य सबने देखा।

पीईटी परीक्षा की दोनों पालियों में 60.14 प्रतिशत अभ्यर्थी रहे उपस्थित, 39.86 रहे अनुपस्थित



पीईटी परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर बाहर आती जिलाधिकारी और एसएसपी।

- दोनों पालिकयों में 7104 परीक्षार्थियों को बुलाया गया था, लेकिन 4272 परीक्षार्थी ही पहुंचे
- डीएम और एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

एटा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के प्रथम दिन रविवार को दोनों पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली में 3552 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2183 उपस्थित रहे, जबकि 1369 अनुपस्थित रहे। इस पाली में 61.46 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं, दूसरी पाली में 3552 अभ्यर्थियों में से 2089 ने परीक्षा दी और 1463 अनुपस्थित रहे।

दूसरी पाली में 58.81 प्रतिशत उपस्थिति रही। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इलामारन ने पहली पाली में जनपद के तीन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रिन्टिश गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज लालगढ़ी और रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में परीक्षा संबंधी व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात मिले। अधिकारियों ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. इंद्रजीत प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुपम अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

दोनों पालियों में 2,832 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

पीईटी-2026 की दोनों पालियों में कुल 7104 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 4272 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2832 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों को मिलाकर औसत उपस्थिति लगभग 60.14 प्रतिशत रही।

डीएम और एसएसपी ने पी.ई.टी. परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

एटा। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी. ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की जिम्मेदारियां जांचीं। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और जैमर की कार्यप्रणाली भी परखी गई। डीएम और एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास सतर्क निगरानी रखने और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने को कहा। अधिकारियों ने परीक्षार्थियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को व्यवस्थित, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता है। परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवांछित गतिविधि सामने आने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जलेसर में विकास को मिलेगी रफ्तार-72 लाख रुपये से बनेगा पुन्हेरा से नगला लक्ष्मण मार्ग

- विधायक संजीव दिवाकर सहित भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास
- बोले- इसी साल पूरे कराए जाएंगे विकास कार्य, रोडवेज डिपो के उद्घाटन की भी तैयारी



एटा । जलेसर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुन्हेरा से नगला लक्ष्मण तक सड़क निर्माण की पहल की गई है। इस मार्ग का निर्माण 72 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता तथा विधायक संजीव दिवाकर ने भाजपा नेताओं की मौजूदगी में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़क निर्माण की इस पहल से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं के बीच जलेसर क्षेत्र में भी सड़क एवं परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। पुन्हेरा से नगला लक्ष्मण तक बनने वाला सड़क मार्ग ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।इस साल पूरे कराने का प्रयासए कई अन्य सड़कों का भी होगा शिलान्यास शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव दिवाकर ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। पुन्हेरा से नगला लक्ष्मण मार्ग के निर्माण के साथ ही अन्य सड़क मार्गों के विकास की भी योजना है। उन्होंने बताया कि कई अन्य सड़कों का शिलान्यास भी किया जाएगा और इन कार्यों को मौजूदा वर्ष में ही पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही हैए ताकि ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके।

रोडवेज डिपो के उद्घाटन की भी तैयारी जलेसर क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं को लेकर विधायक संजीव दिवाकर ने बताया कि रोडवेज डिपो के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय मांगा गया है। मुख्यमंत्री से समय मिलने के बाद रोडवेज डिपो का उद्घाटन कराया जाएगा। रोडवेज डिपो के शुभारंभ से क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने की उम्मीद है। इससे यात्रियों को बस सेवाओं का लाभ मिलने और आवागमन की व्यवस्था मजबूत होने की संभावना है। भाजपा नेताओं की रही मौजूदगी सड़क निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश पालए अवागढ़ अध्यक्ष महेश पाल सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष केशव राणाए जिला उपाध्यक्ष अमित गुप्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवेंद्र सिंह पम्मी ठाकुर, जिला मंत्री दिनेश लोधी पिछड़ा मोर्चा के बृज प्रांत मंत्री बीएल कुशवाहए धर्मेंद्र सिंहए राजूए आशु ठाकुरए संजय कुशवाहा और शैलेश गौतम सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

अब ग्रामीणों को सड़क निर्माण कार्य पूरा होने का इंतजार है। 72 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह मार्ग क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

मतदेय स्थलों के समायोजन को लेकर 26 अक्टूबर को बैठक

एटा। जनपद में मतदेय स्थलों के समायोजन (रैशनलाइजेशन) के संबंध में 26 अक्टूबर को शाम 5:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अजय नारायण सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन में बैठक बुलाई गई है। इसमें सांसदों, विधायकों और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में मतदेय स्थलों के समायोजन को लेकर प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों पर विचार कर उनके निस्तारण की कार्रवाई होगी। इसके बाद मतदेय स्थलों की सूची के प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की।

घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची लापता, अपहरण की आशंका

एटा। मलावन थाना क्षेत्र के नगला भूपाल गांव से घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची अचानक लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। शनिवार की रात 8 बजे पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। डॉग स्क्वायड टीम भी गांव पहुंची। राधिका पुत्री संजय जन्म से ही अपने नाना महेश के घर रह रही थी। जन्म के दौरान उसकी मां सोनी की मौत हो गई थी। बच्ची के मामा दीपू के अनुसार, गांव में बाबा के वेश में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया था, लेकिन बच्ची के लापता होने में उसकी भूमिका की पुष्टि नहीं हुई है। परिजन सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रहे हैं। थाना प्रभारी क्षत्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस गांव और आसपास के जंगलों में बच्ची की तलाश कर रही है।

राजा का रामपुर में जन आरोग्य मेले का आयोजन, मरीजों को मिली चिकित्सा सलाह

एटा। अलीगंज क्षेत्र के राजा का रामपुर स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेले में सर्दी-जुकाम, बुखार और त्वचा रोग समेत विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार संबंधी सलाह दी गई। चिकित्सक डॉ. दीपांशु गुप्ता ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाओं, उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी। साथ ही लोगों को बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज न करने और परेशानी बढ़ने पर समय से चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी गई। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दौरान फार्मासिस्ट आलोक, डॉ. दीपांशु गुप्ता, वार्ड बॉय विजयपाल, एएनएम प्रियंका और शिल्पी मौजूद रहीं।

लूट के फरार आरोपी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित

एटा। आगरा जोन के अपर पुलिस महानिदेशक एसके भगत ने एटा के अलीगंज थाने में दर्ज मुकदमे में वांछित आरोपी वीरेंद्र पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, वीरेंद्र पुत्र गुमान सिंह निवासी हरचंदपुर, थाना कोतवाली, जनपद मैनपुरी के खिलाफ अलीगंज थाने में मुकदमा अपराध संख्या 258/2026, धारा 309(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जनपद स्तर से पहले 25 हजार रुपये और परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसके बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी और न ही उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन एसके भगत ने इनाम की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

कलश यात्रा के साथ श्री सात्विक विष्णु महायज्ञ एवं कृष्ण लीला का शुभारंभ



विष्णु महायज्ञ से पूर्व कस्बा में कलश यात्रा निकालते हुए श्रद्धालु।


एटा। अलीगंज कस्बे में रविवार को श्री सात्विक विष्णु महायज्ञ एवं कृष्ण लीला का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन 25 से 31 अक्टूबर तक प्राइमरी पाठशाला अलीगंज में किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप गुप्ता हैं। कलश यात्रा श्री रामशाला विद्यालय से शुरू होकर मातादीन चैराहा, गांधी चैराहा, मुख्य बाजार और तहसील चैराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल प्राइमरी पाठशाला अलीगंज पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बबलू सक्सेना, रामविलास वर्मा, राजकुमार उर्फ रज्जु राठौर, अरुण दलपति, विनोद आर्या, टीपू गुप्ता, निकेश सक्सेना, राजेश गुप्ता, विकास दुबे, राकेश सक्सेना, शिवम गुप्ता, नीरज गुप्ता, कवि गुप्ता,विक्रम तोमर, कैलाश बाबू गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, सुशील वर्मा, श्याम बाबू गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, रजनेश गुप्ता, राधे गोविंद गुप्ता, अवधेश खणकार, राजकुमार खणकार, प्रदीप गुप्ता, सुशील कुमार गुप्ता, वीरेश गुप्ता, प्रमोद वर्मा, गोविंद भाई, कपिल गुप्ता सहित कार्यक्रम समिति के सदस्य और ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तथा भामाशाह कुटुम्ब के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

डायल 112 कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

एटा। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सच्चिदानंद ने रविवार को पुलिस लाइन में डायल 112 के पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आपातकालीन सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को समय से पुलिस सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया। एएसपी ने निर्देश दिए कि पुलिस रिस्पॉन्स टाइम पांच मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए। घटनास्थल पर पहुंचने के दौरान और कार्रवाई करते समय बॉडीवॉर्न कैमरे का प्रयोग किया जाए। एटीआर भरते समय घटना का पूरा विवरण और की गई कार्रवाई स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने पीआरवी कर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप वर्दी धारण करने तथा सूचनाएं समय से अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी आमजन के साथ शालीन व्यवहार करें और जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। बैठक में डायल 112 प्रभारी निरीक्षक राजेश चैहान सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल साइकिल सवार की मौत, आगरा में उपचार के दौरान तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम



एटा। थाना अवागढ़ क्षेत्र में आगरा रोड स्थित केपी स्कूल के पास 28 सितंबर को अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए साइकिल सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल ने 25 अक्टूबर को आगरा के अस्पताल में अंतिम सांस ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव समंतखेड़ा निवासी 38 वर्षीय सुरेंद्र पाल पुत्र मेवाराम सिंह 28 सितंबर को साइकिल से सब्जी लेने के लिए बसुधरा जा रहे थे। इसी दौरान आगरा रोड पर केपी स्कूल के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र पाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां कई दिनों तक उनका उपचार चला, लेकिन 25 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। सुरेंद्र पाल की मौत की खबर से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे के संबंध में कार्रवाई शुरू करते हुए टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

बुखार से एक और महिला की मौत, डेंगू से मौत का दावा

पति भी डेंगू पॉजिटिव, एडी हेल्थ और ज्वाइंट डायरेक्टर ने गांव पहुंचकर जाना मरीजों का हाल



बुखार से महिला की मौत के बाद क्रंदन करती परिवार की महिलाएं, इंसैट में मृतका का फाइल फोटो, गांव में पहुंचकर लोगों से मरीजों का हालचाल पूछते स्वास्थ्य अधिकारी।

एटा/अलीगंज। अलीगंज क्षेत्र के हत्सारी गांव में बुखार का प्रकोप थम नहीं रहा है। बुखार से पीड़ित उषा देवी की आगरा के निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने उनकी मौत डेंगू से होने का दावा किया है। जबकि स्वास्थ्य विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है। मृतका के पति सुनील भी डेंगू पॉजिटिव बताए गए हैं। उनका भी आगरा में उपचार चल रहा था। रविवार को पत्नी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उन्हें अस्पताल से छुट्टी लेनी पड़ी। गांव में लगातार मिल रहे बुखार के मरीजों और मौत की सूचना पर रविवार को अलीगढ़ के एडी हेल्थ डॉ. नीरज त्यागी और ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. मोहन झा गांव पहुंचे। अधिकारियों ने घर-घर जाकर मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की। उनके साथ एटा के एसीएमओ डॉ. राम सिंह और अलीगंज सीएचसी की टीम भी मौजूद रही।

ग्रामीणों का दावा है कि गांव में वायरल बुखार के अलावा डेंगू, टाइफाइड और मलेरिया के मरीज भी हैं। ग्रामीण राजकुमारी ने स्वास्थ्य विभाग के कैंपों में जांच रिपोर्ट नहीं मिलने और इलाज में लापरवाही के आरोप लगाए। उनका कहना है कि गरीब परिवार निजी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हैं।

एडी हेल्थ डॉ. नीरज त्यागी ने बताया कि गांव में 12 अक्टूबर से लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मौतों की मेडिकल हिस्ट्री निकलवाई जा रही है, ताकि कारणों की जानकारी हो सके। कुछ मरीज मलेरिया पॉजिटिव मिले थे, जो अब स्वस्थ हैं। अधिकारियों ने ग्रामीणों से साफ-सफाई रखने और घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देने की अपील की।

मौतों के कारणों की जांच, स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय

अलीगंज। हत्सारी गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार शिविर लगाकर बुखार के मरीजों की जांच और उपचार कर रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाएं दी जा रही हैं। जिन लोगों की मौत हुई है, उनकी मेडिकल हिस्ट्री और उपलब्ध जांच रिपोर्ट की जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों ने मच्छरों से बचाव के लिए जलभराव रोकने और लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराने की सलाह दी है। वहीं, ग्रामीणों ने जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने और बेहतर उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

सर्पदंश से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम, खेत पर काम करते समय हुयी घटना. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

एटा। मारहरा थाना क्षेत्र के गांव इनाम नगरे में खेत पर काम करने गए 35 वर्षीय धर्मेंद्र की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान काम करते समय उन्हें सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

सुभाषित *वाणी मनुष्यकी सबसे अच्छी मित्र है। इससे व्यक्ति संसारको अपना मित्र बना सकता है। अत: वाणीको नियंत्रित और मर्यादित रखें।* ❐ **चाणक्य नीति**

सियासी फितरत

जम्मू कश्मीरके पूर्व मुख्य मंत्री और नेशनल कांफ्रेंसके अध्यक्ष फारूक अब्दुल्लाने शनिवारको बारामूलामें पार्टी कार्यकर्ताओंको सम्बोधित करते हुए जो बयान दिया है, वह न केवल विवादास्पद और देशकी मर्यादाके प्रतिकूल है अपितु यह उनकी विकृत मानसिकताका भी परिचायक है। फारूक का कहना है कि अन्तरराष्ट्रीय मंचोंपर कश्मीर मुद्देको बरकरार रखकर पाकिस्तानने कश्मीरियोंको बचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीरियोंको लेकर भारत सरकारकी मंशा सही नहीं है। इसीलिए सरकार जम्मू-कश्मीरके मुद्देपर खामोश है, क्योंकि उसपर दुनियाका दबाव है। फारूक अब्दुल्लाका यह प्रलाप कोई नयी बात नहीं है। ऐसे विवादास्पद बयान वह अनेक बार देते रहे हैं। यह फारूक अब्दुल्लाकी सियासी फितरत है जिससे कि वह सुर्खियोंमें बने रहें। भारत सरकारकी मंशापर सवाल उठाना और अपने राजनीतिक हितोंके लिए शत्रु देशका महिमामंडन करना कहीं से भी उचित और मर्यादित नहीं है। जब पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी भारतमें घुसकर निर्दोष लोगोंकी हत्या करते हैं तब शायद फारूक अब्दुल्लाकी आखें बन्द रहती हैं। फारूक अब्दुल्ला कई जिम्मेदार पदोंपर रह चुके हैं उनसे ऐसे गैर जिम्मेदाराना बयानकी उम्मीद नहीं की जा सकती है। शत्रु देशका महिमामंडन करना शायद उनके लिए राजनीतिक संजीवनी हो सकती है लेकिन यह राष्ट्रभक्ति कदापि नहीं है। फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तानको कश्मीरियोंके हितोंकी रक्षा करने वाली शक्तिके रूपमें प्रस्तुत करनेका दुस्साहस किया है, जो अक्षम्य है। पाकिस्तान और भारतके बीच कश्मीरको लेकर सात दशकोंसे अधिक पुराना विवाद है। पाकिस्तानकी ओर से अन्तरराष्ट्रीय मंचोंसे कश्मीरका मुद्दा उठाया जाना नयी बात नहीं है। संयुक्त राष्ट्रके अनुसार भी १९४७ के बाद कश्मीर पाकिस्तान विवादका विषय बना हुआ है और कई बार संघर्ष भी हुए हैं। फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान सम्बन्धी टिप्पणीको केन्द्र सरकारके विरुद्ध राजनीतिक दबाव बनानेकी रणनीतिके रूपमें भी देखा जा सकता है लेकिन राजनीतिक रणनीतिके लिए ऐसी भाषाका चुनना प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इस बयानका सबसे अधिक प्रभाव जम्मू-कश्मीरकी स्थानीय राजनीतिपर पड़ सकता है। फारूकके बयानकी निन्दाकी जा रही है। इससे लोग आक्रोशित भी हैं। कई राजनीतिक और सामाजिक संघटन फारूकके बयानको देशद्रोहकी श्रेणीमें रख रहे हैं। जो भी हो, फारूकका बयान पूरी तरह से निन्दनीय है और इसके लिए उन्हें देश से क्षमा मांगनी चाहिए।

भाऊ का प्रत्यर्पण जरूरी

भारतके मोस्ट वांटेड भगोड़ोमें शामिल हरियाणाके गैंगस्टर हिमांशु भाऊको उसके साथी नीरज फरीदपुरियाको अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने अमेरिकाके लास वेगास शहरसे गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनोंको लास वेगासके बाहर नेवादाके हेंडरसन स्थित डिटेंशनमें आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आइसीई) की हिरासतमें रखा गया है। भाऊके खिलाफ भारतमें हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और यूएपीएके तहत करीब ५० से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं जिसका एक लीगल डोजियर तैयार किया जा रहा है, जिसे सीबीआई अमेरिकी विदेश विभाग और फेडरल कोर्टके सामने पेश करेगी ताकि उसका प्रत्यर्पण कराया जा सके। उम्मीद है कि शीघ्र ही अधिकारियोंकी एक टीम उसे भारत लानेके लिए अमेरिका जा सकती है। दूसरी ओर हिमांशु भाऊ ने अगस्त २०२२ में उत्तर प्रदेशके बरेलीसे कुनाल सिंहके नामपर फर्जी पासपोर्ट बनवाया था और इसीके सहारे अमेरिकामें दाखिल हुआ था। भारत सरकार अमेरिकी इमिग्रेशन कोर्टमें उसके निष्कासनके लिए इसीको आधार बना रही है। लेकिन अगर मामला भारत-यूएस प्रत्यर्पण संधि (१९९७) के तहत जाता है तो तो भाऊका बचना असम्भव हो जायगा क्योंकि प्रत्यर्पण नियमके तहत हत्या और जबरन वसूली भारत और अमेरिका दोनों ही देशोंमें गम्भीर अपराध है। लम्बे समय से वैश्विक एजेंसियोंकी रडारपर चल रहे हिमांशु भाऊको हरियाणा एसटीएफकी सूचनापर अमेरिकी कमांडोने लास वेगासके उसके ठिकाने से उसके करीबी मददगार नीरज फरीदपुरियाके साथ दबोच लिया। भाऊ को १७ साल की उम्रमें एक हत्याके प्रयासके आरोपमें हिरासतमें लिया गया था लेकिन वह २०२० में हिसारके बाल सुधार गृहसे फरार हो गया था, तब से वह विदेशमें बैठकर दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्योंमें संगीन वारदातोंको अंजाम दिलाता रहा। भाऊ की तरह ऐसे कई अपराधी हैं जो विदेशोंमें बैठकर भारतमें अपने नेटवर्कका संचालन कर रहे हैं। खास बात यह है कि कुछ देश विरोधी शक्तियां भी इनके सम्पर्क में हैं जो इनसे मदद ले भी रही हैं और कर भी रही हैं। देशकी स्थिरता और शांति व्यवस्था बनाये रखनेके लिए इनकी नकेल कसना जरूरी है।

लोक संवाद

वायु प्रदूषण

महोदय,-दिल्लीमें वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) एक ही दिनमें १७९ से बढ़कर २४४ (खराब) होते ही प्रशासनने सराहनीय तत्परता दिखाते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स ऐक्शन प्लानका पहला चरण (ग्रैप) लागू कर दिया है। एक्यूआई स्तरसे संबंधित चार चरणों वाली इस योजनाके पहले चरणमें कोयला और लकड़ी जलाने (रेस्तरां और खुले भोजनालयोंमें इस्तेमाल होने वाले तंदूर सहित) और कुछ विशेष परिस्थितियोंको छोड़कर डीजल जेनरेटरके उपयोगपर प्रतिबंध लगाया गया है। यह कदम दिल्लीकी शीतकालीन प्रदूषण नियंत्रण योजनासे लगभग एक सप्ताह पहले उठाया गया है। इसके तहत वैध प्रदूषण-नियंत्रण प्रमाणपत्र न होनेपर वाहनोंको पेट्रोल पंपोंसे ईंधन देनेपर रोक होगी, भारत उत्सर्जन मानकोंको पूरा न करने वाले बाहरी वाहनोंके प्रवेशपर प्रतिबंध होगा, ५० फीसदी कर्मचारियोंके लिए घरसे कामको अनिवार्य करना होगा, निजी वाहनोंके इस्तेमालको हतोत्साहित करनेके लिए पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिया जायगा और निर्माण कार्योंपर भी पाबंदी लगायी जायगी। ये नियम फरवरीके अंततक लागू रहेंगे। ये प्रारंभिक कदम, दुनियाभरमें कुख्यात शहरके शीतकालीन प्रदूषणको नियंत्रित करनेके सराहनीय प्रयास हैं। हालांकि धानकी पराली जलानेकी शुरुआत, हवाकी गतिमें अचानक गिरावट, दिल्ली सरकारकी निगरानी क्षमता और दीवालीके दौरान भारी आतिशबाजीकी संभावनाको देखते हुए अभी यह बताना जल्दबाजी होगी कि ये कदम कितने कारगर रहेंगे। आतिशबाजीपर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना समझसे परे है। नागरिकोंको आने वाली सर्दियोंमें स्वच्छ हवा मिले, यह सुनिश्चित करनेमें ये केवल कुछ चुनौतियां हैं। कारगर होनेके लिए प्रवर्तनका दायरा कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए, जो दिल्ली सरकारके अधिकार क्षेत्रसे परे है। दिल्ली विशाल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रका हिस्सा है, जिसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थानके जिले शामिल हैं। इन राज्योंके अधिकांश शहर भारतमें शहरी प्रदूषणका मुख्य स्रोत हैं। दिल्लीकी शीतकालीन प्रदूषण नियंत्रण कार्य योजनाके प्रभावी होनेके लिए, इन क्षेत्रोंके प्रशासनोंको पारस्परिक योजनाएं लागू करनी होंगी। पुराने वाहनों और निर्माणपर मानक प्रतिबंध पिछली सर्दियोंमें ज्यादा असरदार साबित नहीं हुए हैं और योजनामें तालमेलका कोई प्रमाण नहीं है। केन्द्रीय आवास और शहरी मामलोंके मंत्रालयके अधीन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड प्रदूषण नियंत्रण योजनाओंके समन्वयमें उपयोगी भूमिका निभा सकता है। लेकिन इससे भी समस्याका आंशिक समाधान ही होगा। एक्यूआई रैंकिंगके नवीनतम आंकड़ोंसे पता चलता है कि दिल्ली दुनियाके २० सबसे प्रदूषित शहरोंमें शामिल १३ भारतीय शहरोंमेंसे एक नहीं है। इनमें बुलंदशहर, पाली, मथुरा, मुजफ्फरनगर, रोहतक, कोटा, हापुड़, बीकानेर, बरेली और हिसार शामिल हैं। अन्यमें मुंबई, अगरतला और बुरहानपुर (मध्य प्रदेश) उत्तरी गंगा क्षेत्रसे बाहर हैं। इनमेंसे कई प्रदूषण फैलाने वाले शहर पराली जलाने वाले क्षेत्रोंके निकट स्थित हैं। रबी फसलके मौसमसे पहले किसान अपने खेतोंको साफ करनेके लिए आग लगाते हैं, उससे निकलने वाले घने धुएंसे कोई भी उत्तरी शहर अछूता नहीं है। अबतक हरियाणा और पंजाब, जो पराली जलानेकी समस्याका केन्द्र हैं, वहांकी सरकारें इस समस्याका कोई ठोस समाधान नहीं दे पायी हैं। इस समस्यामें केन्द्र सरकारका हस्तक्षेप जरूरी है, क्योंकि यह दीर्घकालिक केन्द्रीय कृषि नीतियोंका परिणाम है। इसलिए निष्कर्ष यह है कि उत्तर भारतीय शहरी प्रशासनोंके साथ-साथ ग्रामीण जिलोंको शामिल करने वाली समन्वित कार्य योजनाके बिना, शहरवार प्रदूषण-कार्य योजनाएं काफी हदतक अप्रभावी साबित होंगी। केन्द्र सरकारके लिए अब ठोस कदम उठाना राजनीतिका सवाल नहीं, बल्कि बढ़ते जन-स्वास्थ्य संकटसे निबटनेका मामला है। -आर.पी. सिंह, वाया ईमेल।

यूरोप में छात्रों का खुला मोर्चा

पिछले हफ्ते फ्रांसमें विरोध-प्रदर्शन हिंसक हो गये तब फ्रांसके धुर दक्षिणपंथी गुटोंने तुरंत नस्लवादी भाषाका इस्तेमाल करते हुए इस हिंसाके लिए मुस्लिम युवाओंको दोषी ठहराया। जुलाईमें जब सैकड़ों प्रवासियोंने मोरक्कोसे स्पेनमें घुसनेकी कोशिश की तो स्पेनके दक्षिणपंथियोंने इसे मोरक्को द्वारा किया गया सुनियोजित हमला बताया।

❐ पुष्परंजन

पिछले हफ्ते फ्रांसमें विरोध प्रदर्शनके हिंसक होनेको पड़ोसी देश मोरक्कोसे स्पेनके क्षेत्र स्यूटाको आके हवाले कर दिया। तब स्पेनके धुर दक्षिणपंथियोंने इसे मोरक्कोवासियों द्वारा किया गया सुनियोजित हमला करार दिया। लेकिन फिलहाल पूरे यूरोपमें जो कुछ हो रहा है, उसका ठीकरा मुसलमानों और वामपंथियोंपर फोड़ा जा रहा है। हालांकि यह उम्मीद की जा सकती है कि धुर दक्षिणपंथी गुट संकटोंका फायदा उठाकर इस्लाम-विरोधी भावनाएं भड़कायंगे। अब बात यहींतक सीमित नहीं रह गयी है। पिछले हफ्ते जब फ्रांसमें छात्रोंका विरोध प्रदर्शन जोर पकड़ रहा था, तब यूरोपीय संसदने चुपचाप एक प्रस्ताव पारित किया। यह प्रस्ताव इस्लामिस्ट एंट्रीज्म (इस्लामी घुसपैठ) और मुस्लिम ब्रदरहुड नेटवर्कके प्रभावका मुकाबला करनेके लिए एक ईयू रणनीतिकी आवश्यकतापर केंद्रित था। इसे संसदके सबसे बड़े समूहए सेंटर-राइट यूरोपियन पीपल्स पार्टी (ईपीपी) ने पेश किया था। यूरोपीय आयोगकी अध्यक्ष उर्सुला फॉन देयर लॉयन भी इसी समूहसे आती हैं। यह प्रस्ताव ३८१ वोटोंके समर्थनसे पारित हुआए जबकि १६७ वोट इसके खिलाफ पड़े। ब्रसेल्स स्थित यूरोपीय संसदके १५ सदस्य इस मतदानसे दूर रहे। चार अन्य समूहोंने भी लगभग सर्वसम्मतिसे ईपीपीका समर्थन किया। इनमें पैट्रियट्स फॉर यूरोप और यूरोप ऑफ सॉवरेन नेशंस (दोनों धुर दक्षिणपंथी समूह), उदारवादी रिन्यू यूरोप तथा यूरोपियन कंजर्वेटिव्स एंड रिफॉर्मिस्ट्स शामिल हैं। सोशल डेमोक्रेट्स, वामपंथी और ग्रीन्सके सांसदोंने ज्यादातर इसके खिलाफ वोट दिया, लेकिन वे इसे रोक नहीं पाये।



> पिछले हफ्ते जब फ्रांसमें छात्रोंका विरोध-प्रदर्शन जोर पकड़ रहा था, तब यूरोपीय संसदने चुपचाप एक प्रस्ताव पारित किया। यह प्रस्ताव इस्लामिस्ट एंट्रीज्म और मुस्लिम ब्रदरहुड नेटवर्कके प्रभावका मुकाबला करनेके लिए एक ईयू रणनीतिकी आवश्यकतापर केंद्रित था। इसे संसदके सबसे बड़े समूह ईपीपीने पेश किया था। यह प्रस्ताव ३८१ वोटोंके समर्थनसे पारित हुआ, जबकि १६७ वोट इसके खिलाफ पड़े। ब्रुसेल्स स्थित यूरोपीय संसदके १५ सदस्य इस मतदानसे दूर रहे। ज्यादातर सांसदोंने इसके खिलाफ वोट दिया, लेकिन वे इसे रोक नहीं पाये।

यह प्रस्ताव फ्रांसीसी सरकारकी राजनीतिक इस्लामवादपर आयी एक बेहद विवादास्पद रिपोर्टपर आधारित है। इसमें इस्लामिस्ट एंट्रीज्मको प्रभाव जमाने, धीरे-धीरे ढांचा तैयार करने, संस्थाओंके भीतर पैठ बनाने और विचारधाराको वैधता दिलानेकी एक राजनीतिक रणनीतिके रूपमें परिभाषित किया गया है। इसमें दावा किया गया है कि इस्लामी प्रभाव कई तरहके संघटनों और फाउंडेशनोंके जरिये काम करता है। इनमें सांस्कृतिक, शैक्षिक, धार्मिक, धर्मार्थ, विश्वविद्यालयए युवा, भेदभाव-विरोधी और सामाजिक कार्योंसे जुड़े ढांचे शामिल हैं। यूरोपमें लगभग ४५ से ६२ मिलियन मुसलमान रहते हैं। ये इस महाद्वीपकी कुल आबादीका लगभग ७.६ फीसदी हिस्सा हैं। इनमेंसे सबसे बड़ी संख्या रूस, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम और इटलीमें रहती है। प्यू रिसर्च सेंटरके अनुसार रूसमें अधिकतम १७ फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें तातार और चेचेन जैसे मूल निवासी शामिल हैं। फ्रांसमें करीब ६८ लाख मुसलमान हैं, जो कुल आबादीका अधिकतम दस प्रतिशत बताये जाते हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूटके अनुसार, जर्मनीकी कुल आबादीमें लगभग सात फीसदी मुसलमान हैं। ब्रिटेनमें ४० लाख मुसलमान हैं, जो कुल आबादीका लगभग छह प्रतिशत हैं। इटलीमें अधिकतम ४० लाख मुसलमान हैं, जो कुल आबादीका लगभग छहसे सात फीसदी हैं। भारतके मुकाबले ये संख्याएं कुछ भी नहीं हैं। फिर भी यूरोप डरा हुआ है। और यह डर दक्षिणपंथी ताकतोंको मजबूत करता है।

इस प्रस्तावको लागू करना यूरोपीय संघके सदस्य देशोंके लिए अनिवार्य नहीं है। लेकिन यूरोपीय राजनीतिमें इसे दर्ज कराना था और यह मकसद पूरा हो गया। मुस्लिम ब्रदरहुड और उससे जुड़े लोगों या संस्थाओंको आतंकवादी सूचीमें डालनेकी मांगके पूरे यूरोपमें लागू होनेकी संभावना कम है, क्योंकि इस आंदोलनने राजनीतिक हथियारके रूपमें हिंसाका त्याग कर दिया है। फिर भी, यह प्रस्ताव एक ऐसे वैचारिक ढांचेको वैधता देता है, जिसके मुस्लिम समुदायोंके लिए गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। आने वाले दिनोंमें इसकी नकल भारतमें भी हो सकती है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

यह प्रस्ताव उन मुस्लिम संस्थानों और संघटनोंको संदेहके घेरेमें लाता है, जो सरकारसे स्वतंत्र होकर काम करते हैं। यह मुस्लिम नागरिक समाजकी भागीदारीको एक तरहकी घुसपैठके रूपमें पेश करता है। प्रस्तावमें ब्रसेल्स स्थित यूरोपियन नेटवर्क अगेंस्ट रेसिज्म सहित कई संघटनोंका नाम लिया गया है, जिनपर इस तरहके इस्लामिस्ट व्यवहारको बढ़ावा देनेका आरोप है। प्रस्तावमें मांग की गयी है कि इन संघटनोंको मिलने वाली ईयू फंडिंग रोक दी जाय। बाहरी ताकतें इसका आसानीसे दुरुपयोग कर सकती हैं और ऐसा हो भी चुका है। उदाहरणके लिए संयुक्त अरब अमीरातने यूरोप और अन्य जगहोंपर व्यक्तियों और संघटनोंको मुस्लिम ब्रदरहुडसे संबद्ध बताकर बदनाम करनेके लिए एक व्यापक अभियान चलाया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रस्ताव पेश किये जानेसे कुछ महीने पहले, अमीरातके एक राजदूतने यूरोपीय संसदमें आयोजित मुस्लिम ब्रदरहुड : यूरोपके लिए एक वास्तविक खतरा शीर्षक वाले सम्मेलनमें भाग लिया था। यानी इसकी भूमिका पहलेसे ही तैयार कर ली गयी थी।

प्रतीकात्मक रूपसे, यह प्रस्ताव यूरोपकी दक्षिणपंथी मुस्लिमविरोधी ताकतोंके लिए एक बड़ी जीत है। यह प्रस्ताव यह भी दर्शाता है कि यूरोपीय इस्लामोफोबिया किस तरह विकसित हुआ है। अब डर इस बातका नहीं है कि आप्रवासी अजनबी हैं और एकीकृत नहीं हो पा रहे हैं, बल्कि उन मुसलमानोंसे है, जो अपने लिए बोलने और अपने नागरिक अधिकारोंकी रक्षा करनेमें सक्षम हैं। मध्यम दक्षिणपंथी ताकतोंके लिए यह इस्लामोफोबिक ढांचा राजनीतिक लाभ लेकर आता है। इसके जरियेवे न केवल मुस्लिमविरोधी भय फैलाकर चुनावी लाभ उठा सकती हैं, बल्कि उन वामपंथियोंपर भी प्रहार कर सकती हैं, जो नस्लवाद को अस्वीकार करते हैं और मुस्लिम समुदायोंके पक्षमें खड़े होते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि फ्रांसके राजनीतिक परिदृश्यमें इस्लामो-वामपंथ (फ्रांसीसीमें इस्लामो-गोशिज्म) के विचारको बढ़ावा दिया जा रहा है। वामपंथी पार्टी ला फ्रांस इंसौमिस (फ्रांस अनबाउंड) के ज्यां-ल्यूक मेलेंशों हाशियेपर पड़े समुदायोंके बीच विशेष रूपसे लोकप्रिय हैं और राष्ट्रपति पदके प्रबल दावेदार हैं। अब उनपर 'दंगाइयों' को उकसानेका आरोप लगाया जा रहा है, जिनके बारेमें संकेत दिया जा रहा है कि वे मुसलमान हैं। वामपंथियों और मुसलमानोंपर यह दोहरा हमला पुराने 'यहूदी-बोल्शेविक' साजिश सिद्धांत की याद दिलाता है, जिसमें यहूदियोंपर पश्चिमी सभ्यताको नष्ट करनेके उद्देश्यसे साम्यवाद फैलानेका आरोप लगाया गया था। आज 'इस्लामो-वामपंथ' रूढ़िवादियों, उदारवादियों और धुर दक्षिणपंथियोंके लिए 'बलिका बकरा' बन गया है। उनका मकसद मुसलमानोंके बिना एक किलेबंद यूरोप बनाना प्रतीत होता है।

सस्ता डाटा पड़ रहा है महंगा

डाटाके गलत इस्तेमालकी समस्याको कम करनेके लिए ट्राई कड़े कदम उठा सकता है। टेलीकॉम कम्पनियोंको निर्देश दे सकता है कि वे हर दिन एक या दो जीबी डाटा देनेके बजाय, महीनेमें दोसे पांच जीबीतक सीमित डाटा दें।

❐ प्रोफेसर अश्विनी महाजन

भारत दुनियामें सबसे सस्ता डाटा उपलब्ध कराने वाले देशोंमें शामिल है। भारतमें प्रति जीबी डाटाकी कीमत मात्र पांचसे छह रुपये ही है। २०१४ में यह कीमत २६९ रुपयेसे ३०८ रुपये प्रति जीबी थी। यानी पिछले १२ वर्षोंमें डाटाकी कीमत ९७ प्रतिशत घटी है। यदि वाई-फाई डाटाकी बात करें तो कई सार्वजनिक स्थानमें तो यह मुफ्त उपलब्ध होता है। निजी तौरपर भी यह घरों और व्यावसायिक स्थलोंपर विभिन्न कम्पनियों द्वारा सालभरमें मात्र ५००० से १०,००० रुपये प्रति वर्षकी कीमतपर लगभग असीमित डाटा मिलता है। डाटाकी गतिके अनुसार कीमत तय होती है। गौरतलब है कि अभीतक देशमें ७.२२ लाख किलोमीटर अपटिकल फाइबर केबल बिछायी जा चुकी है। भारतमें टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर और इंटरनेट दुनियामें दूसरे स्थानपर है। इस विस्तारके कारण भारतमें स्मार्टफोन तीन तेजीसे बढ़ी है। इसके कारण भारतमें डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन कॉमर्स, डिजिटल पेमेंट और इंटरनेट आधारित प्लेटफार्मका चलन बढ़ा है। भारतमें ब्रॉडबैंड सौ करोड़तक पहुंच चुका है।

अन्य देशोंसे तुलना भारतमें डाटा अमेरिका, यूरोपीय देशों और जापान ही नहीं चीनसे भी कहीं सस्ता है। जहां अमेरिकामें यह ३.५ गुना ज्यादा ०.२० डालर प्रति जीबी है, चीनमें यह आधा डालर यानी ४७ रुपये प्रति जीबी है। दुनियाके अधिकांश देशोंमें मोबाइल डाटाकी कीमत भारतसे अधिक है। गौरतलब है कि सामर्थ्यके हिसाबसे तो भारतमें यह और भी अधिक अफॉर्डेबल है। जहां भारतकी प्रति व्यक्ति आय दुनियामें १४६वें स्थानपर आती है, मोबाइल डाटाकी कीमतमें किफायतमें भारतका स्थान सबसे ऊपरके देशोंमें होना यह बताता है कि भारतमें डाटा बहुत ही अफॉर्डेबल है। कितना उपयोग होता है डाटा। टेलीकॉम निर्माता नोकिया कम्पनीके अनुसार भारतमें प्रति व्यक्ति वार्षिक डेटा उपयोग २०२५ में ३१ जीबीतक पहुंच गया है, जो २०२४ में २७.५ जीबी ही था। डाटाका उपयोग पिछले पांच वर्षोंमें २१.७ प्रतिशत प्रतिवर्षकी दरसे बढ़ा है। केवल डाटा ही नहीं डाटाकी स्पीडमें भी खासा विकास हुआ है। आज भारतमें ५जी पैठ २५ प्रतिशतसे अधिक है और मेट्रो शहरोंमें तो यह ५८ प्रतिशतसे अधिक है। कहां उपयोग होता है डाटा- महत्वपूर्ण बात यह है कि डाटाका प्रयोग कहां और कितना होता है। भारतमें २०२५ में ५० करोड़ सोशल मीडिया उपयोग करने वाले मोबाइल ग्राहक थे। न्यूज एजेंसी रॉयटरका कहना है कि भारतमें प्रतिदिन औसतन भारतीय ३.२ घंटे सिर्फ सोशल मीडिया एप्सपर ही खर्च करता है।

संदेश भेजने या प्राप्त करनेपर एक घंटा छह मिनट प्रतिदिन इस्तेमाल होते हैं, जो व्यैक्तिक और व्यवसाय संबंधी दोनों हो सकते हैं। बिजनेस और उपयोगिताके लिए मात्र ४२ मिनट ही इस्तेमाल होते है और अन्यपर ३५ मिनट। यानी कहा जा सकता है कि उत्पादकताकी दृष्टिसे मात्र ४२ मिनट और लगभग ९० मिनट मिश्रित कार्य निष्पादन जैसे, संचार, शिक्षा, नैविगेशन, बैंकिंग, शोपिंग आदिके लिए इस्तेमाल होता है। यानी कहा जा सकता है कि कुल पांच घंटे ४५ मिनटका समय औसतन मोबाइलपर खर्च होता है, जिसमेंसे लगभग ६० प्रतिशत तो सिर्फ सोशल मीडिया और शेष ४० प्रतिशत अन्य-अन्य कार्योंपर खर्च होता है। समझा जा सकता है कि कितनी बड़ी मात्रामें भारतके लोगों, जिनमेंसे अधिकांश युवा हैं, का समय अनुत्पादक गतिविधियोंके लिए इस्तेमाल होता है। ईवाईके अनुसार वर्ष २०२५ में भारतीयोंने १२३ करोड़ घंटे स्मार्टफोनपर इस्तेमाल किये, जो ५.८ घंटे प्रति दिन माना जा सकता है और इनमें ६० प्रतिशत तो सिर्फ सोषल मीडिया एप्सपर ही खर्च हुए।

पिछले १२ सालोंमें जैसे-जैसे डाटा सस्ता हुआ है, उससे भारतमें डाटाका उपयोग पहलेसे ज्यादा बढ़ गया है। मोबाइल कम्पनियां ग्राहकोंको आकर्षित करनेके लिए ऐसे प्लान लेकर आती है, जिससे डाटाका उपयोग और ज्यादा बढ़ जाता है। उदाहरणके लिए हम देखते हैं कि पूर्वमें जहां कॉलिंगके साथ डाटा सीमित रूपसे, एक जीबी या दो जीबी प्रति माह मिलता था, लोग डाटाका किफायती इस्तेमाल करते थे। लेकिन अब प्रतिदिन एक जीबी या दो जीबी डाटाके प्लान उपलब्ध है, जिसके कारण डाटाका ज्यादा उपयोग होता है। यहां समझना होगा कि डाटाका उपयोग बढ़नेके साथ ही साथ समयकी खपत भी बढ़ती है। हालमें ग्राहकोंको राहत देनेकी दृष्टिसे मोबाइल कम्पनियोंपर दबाव बढ़ा है कि जिसको जितनी आवश्यकता हो, उसी प्रकारका प्लान उसको उपलब्ध कराया जाये। टेलीकाम रेगुलेटरी अथॉरिटी आफ इंडिया (ट्राई) ने हालमें टेलीकॉम कम्पनियोंको निर्देश दिया है कि वे वॉयस कॉल और एसएमएसके साथ डाटाको अनिवार्य रूपसे बंडल करना बंद करें। उदाहरणके लिए, कम्पनियोंसे कहा गया है कि वे ऐसे प्लान भी दें जिनमें सिर्फ वॉयस और एसएमएसकी सुविधा हो और डाटा शामिल न हो। इस कदमसे उन ग्राहकोंका खर्च कम होगा, जिन्हें डाटाकी जरूरत नहीं होती और जो अपने मोबाइल फोनका इस्तेमाल सिर्फ कॉल करने या एसएमएस भेजनेके लिए करते हैं। हालांकि सस्ते डाटाके गलत इस्तेमालकी समस्याको कम करनेके लिए ट्राई एक और कदम उठा सकता है। वे टेलीकॉम कम्पनियोंको निर्देश दे सकते हैं कि वे हर दिन एक या दो जीबी डाटा देनेके बजाय, महीनेमें दोसे पांच जीबीतक सीमित डाटा दें, ताकि डाटाका इस्तेमाल किया जा सके। यही नहीं माता-पिता जिन्होंने अपनी बच्चोंको स्मार्टफोन इसलिए दिलाये हैं, ताकि वे अपनी शिक्षाकी आवश्यकताको पूर्ण कर सकें उनके लिए भी सीमित डाटाके प्लान ज्यादा उपयोगी हो सकते हैं। ऐसेमें बच्चे डाटाका मितव्यतासे उपयोग करना सीखेंगे और समयका दुरुपयोग भी नहीं होगा और बच्चे मोबाइलसे ध्यान हटा कर खेलने और दूसरी रचनात्मक गतिविधिओंमें ध्यान लगायेंगे।



सद्गुरुकी कृपा

❐ अवधविहारी शुक्ल

इस वैज्ञानिक युगमें संचार तकनीकीके आत्मबोध अथवा भव बंधनसे मुक्ति हेतु सभी धर्मग्रंथों विशेषकर उपनिषदों, श्रीमद्भगवद्गीता, रामचरितमानस, गुरुवाणी तथा सभी प्रकरणमें भी सद्गुरुका सानिध्य माध्यमसे सभी सूचनाएं सुदूर क्षेत्रोंमें भी जनमानसको सुलभ हो गयी हैं। अब कोई भी व्यक्ति दूर शिक्षाके माध्यमसे मुद्रित सामग्री, इंटरनेट, ऑडियो विडियो आदि उपकरणोंके माध्यमसे किसी भी पाठ्यक्रमकी पढ़ाई कर सकता है। ऐसी स्थितिमें यह सहज प्रश्न है कि अध्यात्मके ज्ञानार्जन हेतु उसे गुरुके पास जानेकी क्या आवश्यकता है। विशेष रूपसे तब जब उसे विभिन्न धर्माचार्यों एवं धर्मगुरुओंके उपदेश विभिन्न चैनलोंपर सुननेको उपलब्ध है। इस प्रकरणमें निम्न बिन्दु विचारणीय हैं। (१) दूर संचार एवं दूर शिक्षाके माध्यमसे पढ़ाये जाने वाले विविध प्रयोगात्मक विषय जैसे-विज्ञान, कम्प्यूटर आदिकी सफलतापूर्वक पढ़ाई पूरा करनेके लिए छात्रोंको कुछ समयके लिए नियमित रूपसे शिक्षकके समक्ष अध्ययन करना पड़ता है। जब इस प्रकारकी अपरा विद्याके अध्ययन हेतु भी छात्रोंको गुरुके समक्ष जाना पड़ता है तो ब्रह्म विद्या (जो कि इन्द्रियातीत ज्ञान है) को उपलब्ध करने हेतु दूर शिक्षा प्रणाली सद्गुरुका विकल्प नहीं हो सकती। (२) हमें अपने स्वरूपका अज्ञान अनादि कालसे है और इसी कारण अनेक जन्मोंसे बंन्धनमें पड़े हैं। प्राय: अधिकांश वक्ता एवं कथावाचक बुद्धिजीवियोंकी भांति केवल बौद्धिक बातें ही करते हैं। (३) अनादि कालसे अज्ञानमें डूबे व्यक्तिको ब्रह्म विद्याके सीखने हेतु गुरु एवं शास्त्र वचनोंमें अटूट श्रद्धाका होना परमावश्यक है। श्रद्धाका विकास गुरुके सानिध्यमें ही सम्भव है मात्र दूरदर्शनपर प्रवचन सुननेसे श्रद्धा नहीं हो सकती। सद्गुरुके सानिध्यके बाद दूरसंचारके माध्यमसे सद्गुरुके प्रवचनोंका श्रवण अवश्य लाभकारी सिद्ध होगा। (४) स्वरूप वोधसे इतर विविध प्रकारके ज्ञान वस्तुनिष्ठ प्रकृति वाले हैं क्योंकि वे अपनेसे इतर ज्ञान हैं जिसे बुद्धि एवं मनसे जाना जा सकता है जबकि स्वरूप बोध आत्मनिष्ठ प्रकृति वाला है जिसे न तो आप अपनी बुद्धि या मनसे जान सकते हैं और न अन्य कोई दूसरा आपके स्वरूप बोधकी स्थितिको जान सकता है। इस प्रकारके अद्वितीय ज्ञानको सद्गुरु आपके समक्ष उद्घाटित करते हैं। यह कार्य चैनलके माध्यमसे संभव नहीं है। (५) ब्रह्मवित ब्रहौव भवतिके अनुरूप सद्गुरुका आचरण एवं उनके जीवनकी विभिन्न गतिविधियां सच्चे साधकको गहराईसे छूती हैं जिससे उसके जीवनमें आमूल-चूल परिवर्तन आता है।

आसान हो फसल बीमा की प्रक्रिया

❐ अमन सिंह गौर

मौसमका बदलता मिजाज अब केवल किसानोंकी चिन्ता नहीं रह गया है। इसका असर आम आदमीकी थाली, रोजगार, पानी और रोजमर्राके खर्चतक दिखाई देने लगा है। कभी बारिशकी कमी खेतोंको सुखा देती है तो कभी कुछ ही घंटोंकी बारिश शहरोंकी सड़कोंको डुबो दे रही है। कहीं गर्मी लोगोंका जीना मुश्किल कर देती है तो कहीं अचानक आयी बाढ़ घर और फसल दोनों छीन ले रही है। ऐसी स्थितियोंमें नुकसान होनेके बाद चिन्ता जताना और राहत पहुंचाना जरूरी है, लेकिन सवाल यह है कि जब खतरेका अनुमान पहलेसे लगाया जा सकता है तो उससे निबटनेकी तैयारी समय रहते क्यों नहीं होती। इस वर्षका मानसून इस चिन्ताको और गम्भीर बनाता है। भारत मौसम विज्ञान विभागके अनुसार, जूनसे सितंबर २०२६ के बीच देशमें ७५९.५ मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य वर्षा ८६८.६ मिलीमीटर है। यानी बारिशमें करीब १२.६ प्रतिशतकी कमी रही। मौसम विभागने अक्तूबरमें भी देशभरमें सामान्यसे कम बारिशकी आशंका जतायी है। इसका असर रबीकी बुवाई, मिट्टीकी नमी और सिंचाईके लिए पानीकी उपलब्धतापर पड़ सकता है। कृषि मंत्रालयके अधिकारियोंने भी इस बार रबीकी फसलके लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियोंकी आशंका जतायी है।

हालांकि मौसमकी मारका मतलब केवल बारिशकी कमी नहीं है। कई बार कम समयमें इतनी बारिश हो जाती है कि खेतोंमें खड़ी फसल बर्बाद हो जाती है। कहीं सूखेकी स्थिति बनती है तो कहीं जलभरावसे नुकसान होता है। समस्या यह है कि हम मौसमको अक्सर एक ऐसी घटना मानकर चलते हैं, जिसका सामना होनेपर ही कुछ किया जा सकता है। जबकि सचाई यह है कि मौसमका अनुमान लगाना सम्भव है और उसके संभावित प्रभावोंको कम करनेके लिए पहलेसे कदम भी उठाये जा सकते हैं। मौसम विभागकी चेतावनियां तभी उपयोगी हैं, जब उनके आधारपर जमीनपर तैयारी हो। यदि किसी क्षेत्रमें कम बारिशकी आशंका है तो किसानोंको समय रहते बताया जाना चाहिए कि कौन-सी फसल बोना उचित होगा, किस किस्मके बीजका इस्तेमाल करना चाहिए और पानीकी उपलब्धताके अनुसार खेती कैसे की जाय। केवल मोबाइलपर सन्देश भेज देना पर्याप्त नहीं है। गांवोंमें ऐसे किसान भी हैं जिनके पास जानकारी तो पहुंच जाती है लेकिन समयपर बीज, सिंचाई या कृषि सलाह उपलब्ध नहीं हो पाती। कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केन्द्रोंको इस अन्तरको दूर करना होगा।

जल संरक्षणके मामलेमें भी गम्भीरता दिखानेकी जरूरत है। बारिशके दिनोंमें पानी बहकर निकल जाता है और कुछ महीनों बाद गांवोंमें पेयजल तथा सिंचाईका संकट खड़ा हो जाता है। तालाबोंपर अतिक्रमण, उनकी खराब स्थिति और भूजलका लगातार दोहन इस समस्याको बढ़ाते हैं। यदि गांवोंके तालाबोंको समय रहते साफ कराया जाएए वर्षाजलको रोकनेकी व्यवस्था हो और खेतोंमें नमी बनाये रखनेके उपाय अपनाये जायं तो कम बारिशके समय कुछ राहत मिल सकती है। इसके लिए हर साल नयी घोषणा करनेके बजाय पुराने जलस्रोतोंको बचाने और उनकी देखरेखकी जिम्मेदारी तय करना ज्यादा जरूरी है। यह भी समझना होगा कि हर क्षेत्रकी जरूरत एक जैसी नहीं होती। जहां पानीकी कमी है, वहां कम पानीमें तैयार होने वाली फसलोंको बढ़ावा देना उपयोगी हो सकता है। लेकिन किसान केवल सलाहके आधारपर अपनी खेती नहीं बदल सकता। उसे बीज, बाजार और उचित दामका भरोसा भी चाहिए। यदि सरकार चाहती है कि किसान मौसमके अनुसार फसलका चुनाव करे तो उसे जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने होंगे। फसल बीमाकी प्रक्रिया आसान होनी चाहिए और नुकसान होनेपर मुआवजा समयसे मिलना चाहिए। किसानको संकटसे उबरनेके लिए अगली फसलतक कर्जके बोझमें दबे रहनेके लिए नहीं छोड़ा जा सकता। शहरोंमें भी तैयारीकी कमीका खामियाजा आम लोगोंको भुगतना पड़ता है। हर साल बारिशके दौरान जलभराव, यातायात बाधित होने और नालोंके उफननेकी शिकायतें सामने आती हैं। इसके बावजूद कई जगहोंपर नालोंकी सफाई और जलनिकासीकी व्यवस्था समयपर नहीं हो पाती। दूसरी ओर गर्मी बढ़नेपर पेयजल संकटसे निबटनेकी कोशिश शुरू होती है। नगर निकायोंको मौसम बदलनेसे पहले ही अपनी तैयारियां पूरी करनी चाहिए। जलभराव वाले इलाकोंकी पहचान, नालोंकी सफाई, पेयजलके वैकल्पिक इंतजाम और जरूरत पड़नेपर राहत पहुंचाने की योजना पहलेसे तैयार रहनी चाहिए। सरकारके अलग-अलग विभागोंके बीच बेहतर तालमेल भी जरूरी है। मौसम विभाग चेतावनी जारी करता है, कृषि विभाग किसानोंको सलाह देता है, सिंचाई विभाग पानीका प्रबंधन करता है और स्थानीय प्रशासन राहतकी व्यवस्था देखता है। लेकिन यदि इन विभागोंके बीच तालमेल नहीं होगा तो अच्छीसे अच्छी योजना भी अधूरी रह जायगी। जिला स्तरपर मौसमकी चेतावनीके आधारपर जिम्मेदारियां तय की जानी चाहिए। पंचायतों और स्थानीय निकायोंको भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि स्थानीय जरूरतों और समस्याओंकी जानकारी सबसे बेहतर उन्हें ही होती है। मौसमके हर बदलावको रोकना मनुष्यके हाथमें नहीं है लेकिन उससे होने वाले नुकसानको कम करना जरूर संभव है। इसके लिए केवल आपदाके समय सक्रिय होने वाली व्यवस्थासे काम नहीं चलेगा। तैयारी ऐसी होनी चाहिए, जो खतरेकी आशंकाके साथ ही शुरू हो जाय। योजनाओंकी सफलताका आकलन इस आधारपर होना चाहिए कि कितने लोगोंका नुकसान बचाया गया, कितना पानी सुरक्षित रखा गया और किसानोंको उचित समयपर मदद मिली या नहीं। मौसमकी मारको पूरी तरह टालना संभव नहीं लेकिन हर बार नुकसानके बाद ही जागना बुद्धिमत्ता नहीं है। प्रकृतिके संकेतोंको समय रहते समझना और उनके अनुसार तैयारी करना ही समझदारी है। संकट आनेपर राहत देना जरूरी है, लेकिन उससे पहले नुकसान रोकनेकी कोशिश करना उससे भी ज्यादा जरूरी है।

कार्तिक मास में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर भारी पड़ रहे मिट्टी से भरे ट्रैक्टर, पुलिस की निगरानी पर सवाल

एक ओर प्रशासन परिक्रमार्थियों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं में जुटा, दूसरी ओर परिक्रमा मार्ग पर दौड़ते ट्रैक्टर बन रहे खतरा; रंगजी और मथुरा दरवाजा पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

वृंदावन। धर्मनगरी वृंदावन में कार्तिक मास के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और परिक्रमा मार्ग पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर रात के समय दौड़ते मिट्टी से भरे ट्रैक्टर परिक्रमार्थियों की सुरक्षा के लिए चुनौती बने हुए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है, तो परिक्रमा मार्ग पर मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण क्यों नजर नहीं आ रहा है? स्थानीय स्तर पर मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों की आवा. जाही को लेकर चिंता जताई जा रही है। कार्तिक मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा करते हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल होते हैं। ऐसे में संकरे मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच ट्रैक्टरों का संचालन किसी अनहोनी का कारण बन सकता है। चर्चा का विषय यह भी है कि संबंधित क्षेत्रों में मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों की आवाजाही पर नियंत्रण रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? रंगजी और मथुरा दरवाजा पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, मिट्टी के खनन और परिवहन से जुड़े नियमों के पालन की जांच में खनन विभाग की जिम्मेदारी भी अहम है। ऐसे में यदि परिक्रमा मार्ग पर इन वाहनों की आवाजाही जारी है, तो संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा जरूरी हो जाती है। कार्तिक मास वृंदावन के लिए धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा केवल व्यवस्थाएं बनाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जोखिम पैदा करने वाली गति. विधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। सवाल यह है कि क्या संबंधित पुलिस चौकियां और खनन विभाग मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों की आवाजाही की जांच करेंगे? क्या भीड़भाड़ वाले परिक्रमा मार्ग पर इन वाहनों के संच. ालन को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को इस मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आस्था के इस पर्व के दौरान किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। हालांकि, संबंधित पुलिस और खनन विभाग का पक्ष सामने आने के बाद ही उनकी कार्रवाई और जिम्मेदारी की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

ग्लैम डांडिया में सीएफजी की बहनों ने धमाल के जलवे बिखेरे

मथुरा। क्रिएटिव फ्रेंड्स ग्रुप ने डैंम्पियर नगर स्थित होटल में “ग्लैम डांडिया धमाल” कार्यक्रम आयोजित कर उत्साह व उमंग भरी खुशियों के साथ रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धज कर अपनी दर्शनीय प्रस्तुतियों से डांडिया संध्या को यादगार बनाया। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. ममता भारद्वाज, संस्थापकों अर्चना अग्रवाल व नीना जैन ने मां शारदे की छवि पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बहनों द्वारा प्रस्तुत किये कार्यक्रमों की प्रसंशा की व सभी को अपनी शुभकामनाएं देकर सफल प्रयास हेतु साधुवाद दिया। कार्यक्रम संयोजिकाओं अंतिमा, चेतना, अर्चना, डॉली, राधिका व अनीता ने मुख्य अतिथि का पटुका पहनाकर स्वागत किया। नीना जैन व निधि तोमर ने स्वागत गान पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। पासिंग पार्सल गेम व अन्य गेमों में सभी ने अपने हुनर का जादू बिखेरा। कलाकार मनोज शर्मा ने “आज राधा को श्याम याद आ गया” व “जो है अलबेला मृग नैनों वाला जिसकी दीवानी बृज की हर बाला वो कृष्णा है” आदि गीतों की प्रस्तुतियां दीं। जिन पर बहनों ने डांडिया नृत्य के धमाल प्रस्तुत कर वातावरण खुशियों से सराबा. ेर किया। ऋषभ शर्मा द्वारा खिलवाई गई हाऊजी में अनुपमा गोयल, विनीता अग्रवाल, पायल गुप्ता, हिना गोविल, पलक लखवानी, स्वाति गुप्ता, बीना गर्ग, शैली भाटिया, दीपा गोला, शिवांगी विजेता बनीं। जिन्हें व मुख्य अतिथि सहित सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम संयोजिकाओं ने उपहार प्रदान किये। संस्थापक अर्चना अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भावना अरोड़ा, संगीता सिंघल, नीता मित्तल, अंजू अग्रवाल, मीरा ब्लूडॉट, मानसी मित्तल, रजनी अग्रवाल, अनु, सोनल आदि थीं।

समाज को संगठित करके अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना पड़ेगा

ब्राह्मण को वर्तमान का राजनीतिक प्रदर्शन ब्राह्मणों के विरुद्ध डॉक्टर केशवाचार्य गोस्वामी

मथुरा वृंदावन विश्व ब्राह्मण परिषद पंजी, परिवार की मथुरा जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व , एवं प्रदेश कार्यकारिणी के द्वारा मथुरा जिला कार्यकारिणी, एवं ब्रज प्रांत में लगभग ३० ब्राह्मण बंधुओं को मनोनीत किया गया। जिला कार्यकारिणी में के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के स्वागत सम्मान समारोह एवं मनोनयन पत्र प्रदान करने के लिए। जिला महासचिव पंकज शर्मा के द्वारा इनका स्वागत सम्मान का कार्यक्रम नंदेश्वर महादेव मंदिर श्रीजी उपवन रामताल रोड पर आयोजित हुआ। सर्व प्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र पट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, साध्वी वर्षा हरि कौशल, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कार्यकम के विशिष्ट अतिथि, भाजपा नोयडा के पूर्व मंत्री रविकांत मिश्रा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज शर्मा ने की, कार्यक्रम का कुशल संच. ालन, ब्राह्मण सेवक, विनीत द्विवेदी, प्रदेश संयोजक एवं ब्रज प्रांत प्रभारी आचार्य निर्मल भारद्वाज जी ने संयुक्त रूप से किया, कार्यक्रम में मथुरा , वृंदावन छाता, शेरगढ़ गोवर्धन, गोकुल, बलदेव, से आए हुए अतिथियों का एवं मंचासीन अतिथियों को पटका, ओढ़ाकर स्वागत सम्मान, जिला अध्यक्ष प्रिंस कौशिक, जिला महासचिव पंकज शर्मा, जिला प्रभारी शिक्षाविद् संजय शर्मा ने किया, ब्रज प्रांत से आए हुए पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष साध्वी वर्षा हरि कौशल प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश राकेश कुमार पाठक ने एवं प्रदेश संयोजक विनीत द्विवेदी एवं संगठन के प्रचार मंत्री, उत्तर प्रदेश, राजस्थान डॉ, सतीश चंद्र मिश्र ने मनोनयन पत्र प्रदान किए, इसी क्रम में मथुरा जिला के नव नियुक्त पदाधिकारियों को एवं सदस्यों को मनोनयन पत्र जिला प्रभारी संजय शर्मा जिला अध्यक्ष प्रिंस कौशिक, जिला महासचिव पंकज शर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गोविंद गोस्वामी, जिला मीडिया प्रभारी, रविकांत पाराशर ने मनोनयन पत्र प्रदान किए, आज के कार्यक्रम उपस्थित रहे ब्राह्मण बंधुओं की सूची की फोटो कॉपी साथ में भेजी जा रही है, मीडिया प्रभारी, ब्रज प्रांत, कन्हैया लाल सारस्वत मीडिया प्रभारी जिला मथुरा रविकांत पाराशर, मीडिया प्रभारी गोवर्धन प्रभारी की।

शरद पूर्णिमा पर मुरलीधर बने बांके बिहारी, महारास की मुद्रा में दिए दुर्लभ दर्शन

श्वेत वस्त्र, मोर मुकुट और दिव्य आभूषणों से सजे आराध्य की एक झलक पाने को उमड़े श्रद्धालु, मंदिर में बढ़ाया गया दर्शन का समय..

वृंदावन। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर रविवार को धर्मनगरी वृंदावन के ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। वर्ष में एक बार होने वाले विशेष दर्शन में ठाकुर बांके बिहारी ने मुरली धारण कर महारास की मुद्रा में भक्तों को दर्शन दिए। आराध्य के इस मनोहारी स्वरूप को निहारने के लिए सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शरद पूर्णिमा पर ठाकुरजी को श्वेत धवल पोशाक, मोर मुकुट और स्वर्ण-रजत सहित बहुमूल्य आभूषणों से सजाया गया। उनके हाथों में मुरली और महारास की मुद्रा भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।धर्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की रात यमुना तट पर गोपियों के साथ महारास रचाया था। इसी लीला की स्मृति में ठाकुर बांके बिहारी वर्ष में एक बार मुरलीधर स्वरूप में दर्शन देते हैं। ठाकुरजी के दुर्लभ दर्शनों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे है। उन्होंने बताया कि मंदिर के पट खुलते ही भक्तों में अपने आराध्य की एक झलक पाने की उत्सुकता दिखाई दी। भीड़ को व्यवस्थित करने और श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से व्यवस्थाएं की गईं। इस संबंध में मंदिर सेवायत हिमांशु गोस्वामी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दर्शन का समय भी बढ़ाया गया। सुबह के दर्शन का समय दोपहर एक बजे तक और शाम के दर्शन का समय रात १०:३० बजे तक निर्धारित किया गया। शरद पूर्णिमा पर बांके बिहारी के मुरलीधर स्वरूप के दर्शन को ब्रज की प्रमुख धार्मिक परंपराओं में गिना जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गए।

भगवान राम के जन्म पर झूमे भक्त. ..गूंजे जयश्री राम के जयकारे..

वृन्दावन। रंगनाथ मन्दिर के बड़ा बगीचा पर आयोजित रामलीला महोत्सव में दूसरे दिन रामभक्त भगवान राम के जन्मोत्सव पर जमकर झूमे। राम जन्म के उल्लास में डूबे दर्शकों को आयोज. कों द्वारा बधाई स्वरूप उपहार लुटाए गए। जिसे पाने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। श्री वृंदावन रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित चतुर्दश दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन अवध नरेश राजा दशरथ द्वारा गुरु वशिष्ठ से पुत्र प्राप्ति के योग के विषय में जानना और गुरु वशिष्ठ द्वारा पुत्रेष्ठी यज्ञ का बहुत ही भावपूर्ण मंचन किया गया। राजा दशरथ द्वारा वैदिक परम्परा से पुत्रेष्ठी यज्ञ के फल का रानी कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खिलाने के बाद पुत्र प्राप्ति के योग के प्रसंग को बड़े ही मनो. हारी ढंग से दर्शाया गया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म की घोषणा के बाद राजा दशरथ समेत अवध वासियों में उमड़े उल्लास का वर्णन रहा। अवध बाजे बधाई राम जन्मे है आज का मंगलगायन होते ही पंडाल में गजब का उत्साह छा गया। पूरे जोश के साथ दर्शकों ने भगवान राम की जयकार का उद्घोष किया। आयोजकों द्वारा भक्तों को बधाई स्वरूप फल मिष्ठान, बिस्कुट टॉफी, खिलौने लुटाए गए। इससे पहले श्री राधा सर्वेश्वर लीला संस्थान के निद. ेशक सौरभ द्विवेदी के आचार्यत्व में आयोजित होने वाली रामल. ीला का शुभारंभ श्री भगवान शर्मा एडवोकेट, मित्र वृंदा ग्रुप के निदेशक धनंजय सिंह, अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ने विधिवत राम दरबार का पूजन अर्चन कर किया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष आलोक बंसल, महामंत्री अनिल गौतम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित, उपाध्यक्ष बंसी तिवारी संयोजक शुभम अग्रवाल, मधुमंगल शुक्ला, पारस अग्रवाल आशीष ठाकुर लक्ष्मी नारायण निषाद राजीव बंसल पवन गौतम गोविंद शर्मा हिमांशु बंसल आशीष अग्रवाल देवेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

सोशल मीडिया से महिलाओं को जाल में फंसाकर जेवर ठगने का आरोपी गिरफ्तार, ३० लाख के आभूषण बरामद

परिवार में अविश्वास पैदा कर महिलाओं को डराता और गुम. राह करता था आरोपी, हाथरस का निवासी है गिरफ्तार युवक

मथुरा। सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं से संपर्क कर उन्हें अपने जाल में फंसाने और धोखाधड़ी से सोने-चांदी के आभूषण ठगने के मामले में थाना हाईवे पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब ३० लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हाथरस जनपद के मुरसान थाना क्षेत्र के नगला सुखा निवासी लोकेन्द्र पुत्र लक्ष्मण के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस लाईन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि ९ सितंबर २०२६ को पीड़िता के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाईवे में मुक. दमा अपराध संख्या १०४४/२०२६, धारा ३१८(४) और ३१७(२) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार २५ अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दोपहर १:४४ बजे माल गोदाम रोड, मथुरा से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं से संपर्क करता था। इसके बाद उनके पति और परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति अविश्वास पैदा कर उन्हें डराने और गुमराह करने का प्रयास करता था। इसी तरीके से कथित तौर पर धोखाधड़ी कर महिलाओं से कीमती आभूषण ठग लेता था। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि आरोपी ने इस तरीके से अन्य महिलाओं को भी अपना शिकार बनाया है या नहीं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने सोने के आठ प्रकार के आभूषण बरामद किए हैं। इनमें कंठी व चेन, ओम लॉकेट लगी चेन, अंगूठी, कान के टॉप्स, लॉकेट, हार, कंगन व चूड़ियां तथा मंगलसूत्र शामिल हैं। बरामद आभूषणों की कुल अनुमानित कीमत करीब ३० लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध थाना हाईवे मथुरा में धोखाधड़ी से संबंधित वर्तमान मुकदमे के अलावा हाथरस जंक्शन थाने में बीएनएस की धारा १९६(१)/३०२ तथा मुरसान थाने में शस्त्र अधिनियम की धारा ३/२५ के तहत मुकदमे दर्ज होने का उल्लेख किया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना हाईवे के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल, निरीक्षक तेजवीर सिंह, उपनि. रीक्षक रोहित उज्ज्वल, उपनिरीक्षक उमंग त्यागी, कांस्टेबल सूरज पाल और कांस्टेबल मोहित शर्मा शामिल रहे।

जयपुर मंदिर में रामलीला के बाद उपकरण हटाते समय करंट से बिजली मिस्त्री की मौत

जनरेटर से आए करंट की चपेट में आया २५ वर्षीय युवक, अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया;

वृंदावन। मथुरा-वृंदावन मार्ग स्थित जयपुर मंदिर परिसर में रामलीला समाप्त होने के बाद टेंट और लाइट के उपकरण हटाने के दौरान करंट की चपेट में आकर एक बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथी मजदूर आनन-फानन में युवक को रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानक. ारी के अनुसार, जयपुर मंदिर परिसर में ११ अक्टूबर से रामलीला का आयोजन किया जा रहा था, जिसका समापन २३ अक्टूबर को माखन चोरी लीला के साथ हुआ। इसके बाद २४ अक्टूबर की सुबह टेंट और लाइट के ठेकेदारों ने मजदूरों से उपकरण हटवाने का काम शुरू कराया। इसी दौरान देर शाम बिजली ठेकेदार मुरारी के यहां काम करने वाला मोनू पुत्र सुनहरी, उम्र करीब २५ वर्ष, निवासी मैनपुरी जनरेटर से आए करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी हालत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद अन्य मजदूर उसे तत्काल अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना मिलने पर मथुरा दरवा. जा चौकी प्रभारी राहुल चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। करंट से युवक की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, घटना के बाद टेंट और लाइट के उपकरण हटाने के दौरान सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली से जुड़े कार्यों के दौरान आवश्यक सावधानियां और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। उनका मानना है कि यदि काम के दौरान सुरक्षा मानकों का उचित पालन किया गया होता, तो संभव है कि इस दर्दनाक हादसे को टाला जा सकता था। फिलहाल हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और इसमें किसी स्तर पर लापरवाही हुई या नहीं, यह जांच का विषय है। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना से जुड़े तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मथुरा में पहली पाली की पीईटी परीक्षा खत्म

मथुरा। जनपद में रविवार को पीईटी-२०२६ की पहली पाली की परीक्षा खत्म हो गई। जिले के ३३ केंद्रों पर तीन दिन तक परीक्षा कराई जाएगी। इसमें कुल ८४,८१६ अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। रविवार को पहली पाली में करीब १४ हजार अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। केंद्रों पर कड़ी जांच के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तैनात रहे। तीन चरणों की जांच के बाद मिला प्रवेश- परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की तीन चरणों में जांच की गई। सबसे पहले प्रवेश पत्र देखा गया। इसके बाद अभ्यर्थियों को अपने साथ लाया सामान क्लॉक रूम में जमा करना पड़ा। फिर हैंड मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। बायोमेट्रिक जांच पूरी होने के बाद ही प्रवेश दिया गया। कलावा और बेल्ट भी उतरवाए- आरसीए गर्ल्स कॉलेज के बाहर बने क्लॉक रूम में सामान जमा करने के लिए अभ्यर्थियों की लाइन लगी रही। वहीं, डीएवी इंटर कॉलेज में जांच के दौरान कुछ अभ्यर्थियों के हाथों से कलावा काटकर हटाया गया। परीक्षा केंद्र के अंदर सिक्के ले जाने की भी अनुमति नहीं दी गई।

ई-रिक्शा चालक हत्याकांड: थाना जैत पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा, आखिरी वांछित आरोपी चाकू और बाइक समेत गिरफ्तार

चौमुहां। जनपद के थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत ई-रिक्शा चालक की चाकू मारकर हत्या करने की जघन्य वारदात का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधी धरपकड़ अभियान के तहत, जैत पुलिस टीम ने मामले में शामिल शेष एक फरार वांछित अभियुक्त को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त खून से सना चाकू और घटना में इस्तेमाल की गई होण्डा शाइन मोटरसाइकिल बरामद की है। प्राप्त विवरण के अनुसार, थाना जैत के प्रभारी निरीक्षक सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग, अपराध रोकथाम और वांछित अपराधियों की तलाश में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को एक विश्वसनीय मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि ई-रिक्शा चालक हत्याकांड से संबंधित फरार चल रहा शातिर अभियुक्त चंद्रिका होटल से आगे जाने वाले बम्बे की पटरी के रास्ते वृंदावन की तरफ से आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए बम्बे की पटरी पर रणनीतिक रूप से घेराबंदी की। कुछ ही देर में वृंदावन की ओर से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवार आरोपी बोनी उर्फ प्रीत पुत्र महाबीर १८ वर्ष, निवासी बाल्मीकी बस्ती राधा निवास कॉलोनी थाना वृन्दावन स्थाई पता ग्राम गंगाधर बधाए थाना फरह जनपद मथुरा को दबोच लिया। जांच और तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया अवैध चाकू बरामद किया। इसके साथ ही घटना को अंजाम देने के लिए प्रयुक्त की गई होण्डा शाइन मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। कड़ी कानूनी धाराओं में कार्रवाई- पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ थाना जैत पर पहले से ही मु०अ०स० ६१३/२०२६ के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा १०३(१), ३(५) और शस्त्र अधिनियम (आयुध अधिनियम) की धारा ४/२५ के तहत मुकदमा पंजीकृत है। इस आखिरी गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड के सभी कड़ियों को जोड़ते हुए मामले का पूरी तरह पर्दाफाश कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस त्वरित और सफल कार्रवाई के लिए थाना जैत पुलिस टीम की सराहना की है। पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई कर रही है।

शस्त्र व शास्त्र के महान ज्ञाता थे महर्षि बाल्मीकि

संस्कृत भारती ने मनाई आदि कवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती

मथुरा। संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मथुरा जनपद द्वारा रामायण के रचयिता संस्कृत भाषा के आदि कवि महर्षि बाल्मीकि की जयंती की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री डॉ धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल ने महर्षि बाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुराणों के अनुसार उनका जन्म त्रेतायुग में महर्षि कश्यप और अदिति के पुत्र वरुण (प्रचेता) व माता चर्षणी की सन्तान के रुप में हुआ बचपन में रत्नाकर के नाम से जाने जाते थे नारद जी की प्रेरणा से अधर्म का मार्ग त्याग कर धर्म मार्ग पर भगवत भक्ति में लीन हो गए और कठोर तपस्या की और ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से उन्होंने संस्कृत भाषा के महाकाव्य रामायण की रचना की जो की भारतीय संस्कृति और सनातन का प्रेरणादाई महान ग्रंथ के रुप में माना जाता है। गोष्ठी में संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने महर्षि बाल्मीकि को त्रिकालदर्शी व मां सरस्वती के वरद पुत्र बताया उन्होंने कहा वे शस्त्र व शास्त्र के महान ज्ञाता थे उन्होंने वनवास के समय माता सीता को अपने आश्रम में आश्रय दिया और राम के पुत्र लव, कुश को शस्त्र व शास्त्र दोनों विद्याओं में पारंगत किया आदि कवि महर्षि बाल्मीकि ने रामायण की रचना कर घर घर संस्कृत भाषा को पहुंचाया और राम के आदर्शों से सर्वसमाज को प्रेरित किया। गोष्ठी में हरस्वरुप यादव, संदीप चौधरी,शरद चतुर्वेदी साहित्याचर्य ने पौराणिक घटना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्याघ्र द्वारा क्रोंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार दिए जाने पर विलाप करते पक्षी के शोक में बाल्मीकि के मुख से प्रथम श्लोक निकला जिसे संस्कृत साहित्य का प्रथम श्लोक माना जाता है। गोष्ठी का शुभारंभ आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी द्वारा वैदिक व पौराणिक मंगलाचरण से किया गया। संस्कृत भारती के सभी पदाधिकारियों ने महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री ने बताया कि बाल्मीकि रामायण में सात कांडों (अध्यायों) में कुल २४,००० श्लोक मिलते हैं इसीलिए इस ग्रंथ को चतुर्विंशति साहस्त्री संहिता भी कहा जाता है।

केशीघाट पर यमुना में मिला असम के युवक का शव, मची सनसनी..

आधार कार्ड से हुई मृतक की पहचान,

वृंदावन। धर्मनगरी वृंदावन के केशीघाट स्थित यमुना में पोंटून पुल के स्थान पर संचालित स्टीमर के समीप एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को यमुना से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान असम निवासी २९ वर्षीय युवक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार को केशीघाट के समीप यमुना में युवक का शव दिखाई देने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मृतक ने पैंट-शर्ट पहन रखी थी। तलाशी के दौरान उसकी जेब से मोबाइल, पर्स और आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर उसकी पहचान रतुल मेधी पुत्र नृपेंद्र नारायण मेधी, निवासी होरलतारी, जिला धुबरी, असम के रूप में हुई। सूचना मिलने पर रंगजी चौकी प्रभारी दीपक नागर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

वृंदावन में ५६८ ग्राम गांजे और चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

वृंदावन। वृंदावन कोतवाली पुलिस ने अवैध गांजे और चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से ५६८ ग्राम गांजा और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गिरफ्तार युवक की पहचान पप्पू उर्फ दीपक (२८) पुत्र ओमप्रकाश, निवासी गौरानगर कॉलोनी, गिरधारी मंदिर के पास, वृंदावन के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, २४ अक्टूबर की शाम करीब ७:०५ बजे पुलिस टीम ने गुरुकुल के सामने खाली पड़े खंडहरों के पास स्थित मैदान से आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से ५६८ ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा, पुलिस ने यूपी ८५ बीआर १५३६ नंबर की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की, जिसे चोरी का बताया गया है।

घर की सीढ़ियों पर मिली महिला की लाश: शव के पास पड़ी थी खून से सनी ईंट,

मथुरा। रविवार को सनसनीखेज घटना सामने आई। घर की सीढ़ियों पर महिला का खून से सना शव मिला। यह देखकर मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को बरामद किया। मथुरा के कोतवाली क्षेत्र के चूना कंकड़ मोहल्ले में रविवार को घर की सीढ़ियों पर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला घर में अकेली रहती थीं। शव के पास खून से सनी ईंटें मिलने से मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। चूना कंकड़ निवासी कुसुम चतुर्वेदी घर में अकेली रहती थीं। रविवार को एक पड़ोसी ने उनके घर की सीढ़ियों पर शव पड़ा देखा। यह देखकर मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को बरामद किया। घटनास्थल के पास खून से सनी ईंटें भी मिली हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्र किए गए। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

श्री बाल राम लीला कमेटी के तत्वावधान ने आयोजित श्रीराम लीला महोत्सव के अंतर्गत भगवान शिव और माता पार्वती विवाह लीला सम्पन्न

मथुरा। धर्मनगरी मथुरा में श्री बाल रामलीला कमेटी के अंतर्गत आयोजित श्री रामलीला महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की लीला का अद्भुत एवं अलौकिक मंचन किया गया। शहर के श्री राम वाटिका में आयोजित हो रहे लीला महोत्सव के तीसरे दिन भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह प्रसंग को लेकर विस्तार पूर्वक मंचन के माध्यम से उपस्थित राम भक्तों को अवगत कराया गया। आयोजन के दौरान जैसे ही भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ चारों ओर जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारे गूंजे लगे। इस संबंध में श्री बाल रामलीला कमेटी के प्रधानमंत्री योगेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि प्रभु श्री राम की लीलाओं का मंचन प्रतिदिन श्री राम वाटिका में शाम ७:३० बजे से प्रारंभ होगा।उन्होंने धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में श्री राम वाटिका में आयोजित प्रभु श्री राम की लीलाओं के आयोजन का आनंद लेने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभापति विशनदयाल, प्रधानमंत्री योगेन्द्र चतुर्वेदी उपसभापति सुरेन्द्र चौधरी,पंकज शर्मा, उपप्रधानमंत्री योगेश गोयल,विकास वार्ष्णेय,कोषाध्यक्ष संजय चौधरी,निरीक्षक गुड्डू अग्रवाल ,योगेश आवा, बिरजो गुडेरा,कृष्णमुरारी रंग वाले, सौरभ खंडेलवाल, संजय नदवई, सुमित सर्राफ, राजू चतुर्वेदी, राजेश गोयल, दीपक आदि उपस्थित रहे।

डीएम ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पीईटी 2026 के परीक्षार्थियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



हाथरस। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (द्विपीईटी) को कुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाने के ष्टिगत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने रविवार को प्रथम दिवस की प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल, हाथरस स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पहुंचकर परीक्षा कक्षों में लगे कैमरों के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा की निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए तैनात बायोमेट्रिक टीम से संवाद स्थापित कर बायोमेट्रिक सत्यापन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा सत्यापन के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि उन्हें परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

अवैध देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर गिरतार

सासनी। कोतवाली पुलिस ने पुलिस कप्तान चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार एएसपी तथा सीओ के निर्देशन में अवैध शराब तस्करों की धड़पकड एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा अभियान के तहत एक करीब चौसठ वर्षीय व्यक्ति को अवैध शराब के बीस पौवा टेट्रा पैक के साथ गिरतार कर न्यायालय में पेश किया है। रविवार को देदामाई चौकी इंचार्ज यतेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि क्रीम कलर का कुर्ता और सफेद पायजामा पहने एक व्यक्ति थैले में अवैध शराब लेकर गांव लढ़ौता से मौहरिया की तरफ जा रहा है। सूचना उन्होंने गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल ने घेराबंदी कर लढ़ौता बम्बा पुलिया के पास उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रोक लिया और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद पीले रंग के प्लास्टिक के थैले से ग्लोबस स्पिरिट्स लिमिटेड औरंगाबाद, लखीमपुर खीरी द्वारा निर्मित देसी शराब के 20 टेट्रा पैक प्रत्येक 200 एमएल, तीव्रता 36 प्रतिशत बरामद किए गए। पूछताछ करने पर आरोपी शराब रखने से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या कागजात पेश नहीं कर सका। उसने स्वीकार किया कि वह क्षेत्र के ठेकों से फुटकर में शराब खरीदकर आने-जाने वाले लोगों को बेचकर अपना मुनाफा कमाता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60द्ध1) के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। साथ ही, विधिक कार्रवाई करते हुए बरामद शराब में से नमूना सील करने और आगे की प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को अपना नाम व पता विजयपाल पुत्र रामस्वरूप, निवासी ग्राम नौहैटी, थाना मडराक, जिला अलीगढ़, उम्र करीब 64 वर्ष बताई है।

वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा: नरेश

1 नवंबर को दिल्ली की विशाल रैली के लिए विशेष अभियान चलाएगी कांग्रेस



हाथरस। जिला कांग्रेस कार्यालय पर वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के अंतर्गत प्रेस कन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी पर्यवेक्षक नरेश ठाकुर तथा पीसीसी पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक डाॅअनिल चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंविवेक उपाध्याय, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हाथरस ने की तथा संचालन डामुकेश चन्द्रा, जिला प्रवक्ता ने किया। नरेश ठाकुर ने लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा पर दिया जोर। पर्यवेक्षक नरेश ठाकुर ने कहा कि वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। निष्पक्ष चुनाव और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी इस अभियान के माध्यम से जनता के बीच जाकर मतदान के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने के लिए हाथरस सहित पूरे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे। पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक डाॅअनिल चौधरी ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदाता का अधिकार सर्वोपरि है। मतदाता सूची में सभी पात्र नागरिकों के नाम सुनिश्चित करना और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। पंविवेक उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली रैली के लिए चलाएंगे विशेष अभियान। जिला अध्यक्ष पंविवेक उपाध्याय ने कहा कि हाथरस जनपद में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने के लिए विशेष संगठनात्मक अभियान चलाया जाएगा और अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में ब्रह्मदेव शर्मा, अशोक गुप्ता, अजीत गोस्वामी, संजीव आंधीवाल, ठाकुर प्रेन्द्र सिंह, अविनाश पचौरी, चंद्र गुप्ता, देवेंद्र शर्मा, कपिल सिंह, अब्बास हुसैन, श्रीष्ण एडवोकेट, सांतनु सेंगर, रितेश कुमार, रिपिन राव, प्रमोद कुमार, हरिमोहन शर्मा एवं राकेश शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

आठ माह पहले गांव बपंडई की गौशाला में गौवंश लेकर जा रहे फरार 25 हजार इनामिया को पुलिस ने किया गिरतार

एसटीएफ ने विजयगढ पुलिस के माध्यम से भेजा हसायन कोतवाली



हसायन। कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलनगर मार्ग स्थित गांव बपंडई में आठ माह पहले अस्थाई गौ वृहद संरक्षण केंद्र द्धगौशाला) से गौवंश लेने के लिए आए कुछ अज्ञात युवकों को बंदबाडी कैंटर सहित घेराबंदी कर लिए जाने के दौरान अज्ञात गौवंश लेकर जा रहे रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी गिरीश चंद्र गौतम ने उक्त कैंटर को मौके पर पहुंचकर पकडकर कोतवाली ले आए। ग्रामीणों के द्वारा गौवंश से भरे हुए कैंटर में तोडफोड भी कर दी गई थी। घटना के संबंध में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। आठ माह के बाद एसटीएफ आगरा की पुलिस ने अलीगढ के विजयगढ थाना क्षेत्र के गांव बरहद के रहने वाले फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामी युवक को थाना विजयगढ क्षेत्र के गांव कुरहला के राजवाहा बम्बा से गिरतार कर अलीगढ जनपद की पुलिस को सौंपकर चले गए। अलीगढ जनपद के विजयगढ थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गुप्ता शनिवार को युवक को गिरतार करने के बाद रविवार 25 अक्तूबर को हसायन कोतवाली लेकर आए।

विजयगढ थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गुप्ता ने बताया कि वे मय हमराह कर्मचारीगण मय सरकारी गाडी मय चालक के कस्वा विजयगढ मे मामूर थे कि तभी एसटीएफ आगरा के मोबाइल नम्बर से सीयूजी नम्बर पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना हसायन से सम्बन्धित अभियुक्त राजवीर पुत्र रामअवतार सिंह निवासी बरहद थाना विजयगढ अलीगढ़ के खिलाफ अभियोग पंजीत है। जिसके आधार पर उपरोक्त युवक को गिरतार किए जाने के बाद कोतवाली हसायन से संबधित अभियोग में नामजद युवक के खिलाफ संबधित अधिनियम के तहत रविवार 25 अक्तूबर की दोपहर को कार्रवाई कर चिकित्सकीय परीक्षण कराए जाने के बाद चालान की कार्रवाई कर विजयगढ पुलिस के सुपर्द कर न्यायालय के लिए भेज दिया।

जिलाधिकारी ने देर रात शेल्टर होम एवं बस स्टैंड का किया निरीक्षण

पीईटी के परीक्षार्थियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

■ **30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर को आयोजित होगी पीईटी की परीक्षा**



हाथरस। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा द्धपीईटी) के ष्टिगत जनपद में आने वाले परीक्षार्थियों के ठहरने एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं और यातायात संबंधी व्यवस्थाओं आदि को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने देर रात शहर में भ्रमण कर पंडित दीनदयाल आश्रय स्थल द्धशेल्टर होम) एवं बस स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षार्थियों के ठहरने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को शेल्टर होम एवं बस स्टैंड पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में आने वाले किसी भी परीक्षार्थी को ठहरने, खान-पान, आवागमन अथवा अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं के प्रति सजग रहने तथा परीक्षार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जनपद में आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े तथा उन्हें सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा द्धपीईटी) की लिखित परीक्षा 30 अक्टूबर एवं 1 नवंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जनपद हाथरस में पीईटी परीक्षा के आयोजन के लिए कुल 16 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली में कुल 6,576 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जबकि सभी छह पालियों में कुल 39,456 अभ्यर्थियों के परीक्षा देने का कार्यक्रम है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल, सुचारु एवं व्यवस्थित आयोजन के साथ-साथ जनपद में आने वाले परीक्षार्थियों के ठहरने, आवागमन एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा. सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने अभाक्रांग्रेस अब्जर्वर नरेश पाठक एवं प्रदेश कांग्रेस अब्जर्वर डा.अनिल चौधरी का किया स्वागत



हाथरस। कांग्रेस कार्यालय, पसरट्टा बाजार पर आयोजित बैठक एवं पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अब्जर्वर नरेश पाठक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अब्जर्वर डाॅअनिल चौधरी का शल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली की सफलता के लिए पूरी तैयारी की जा रही है और उनके नेतृत्व में अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक दिल्ली पहुंचकर लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा की आवाज को बुलंद करेंगे।

खेत पर खड़ी हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल हुई चोरी

सासनी। कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला वीरी सहाय में खेतों पर काम करने गए किसान की हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने पार कर दी, जिसकी शिकायत पीडित ने कोतवाली में पुलिस से की है। रविवार को कोतवाली में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए नगला वीरी सहाय, निवासी पुष्पेंद्र उर्फ जैकी पुत्र उदयवीर सिंह ने बताया है कि 22 अक्टूबर को वह अपने जीजा शंकरपाल निवासी मंडराक, जिला अलीगढ़ के नाम पंजीत हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल नंबर यूपी 81 बीपी 9276 से अपने घर से खेतों पर गया था। दोपहर करीब तीन बजे उसने अपनी मोटरसाइकिल खेतों पर खड़ी कर दी और खेत में काम करने लग गया। काम समाप्त करने के कुछ समय पश्चात जब उसने देखा तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। आसपास और काफी तलाश करने के बावजूद जब मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लगा, तो पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस मामले ने अभियोग पंजीत कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

सादाबाद में सट्टे की खाईबाड़ी करते दो आरोपी गिरफ्तार, 4240 रुपये बरामद

विधिपुर बंबा पुलिया के पास पुलिस ने की कार्रवाई, दो मोबाइल फोन, पर्चा सट्टा और पेन भी मिले

सादाबाद। सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सादाबाद कोतवाली पुलिस ने विधिपुर बंबा पुलिया के पास से सट्टे की खाईबाड़ी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 4240 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, पर्चा सट्टा और पेन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेश पर जुआ और सट्टे की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर विधिपुर बंबा पुलिया के पास कार्रवाई की। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी और सट्टे से संबंधित सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवाब पुत्र सलीम निवासी चामड़ मोहल्ला, बिसावर तथा मनोज कुमार पुत्र विशेष निवासी बिसावर, थाना सादाबाद, जनपद हाथरस के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जंगले पर फंदे पर लटका मिला शव



सादाबाद। सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी भगता में 26 वर्षीय विवाहिता सुजाता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। विवाहिता अपने कमरे में जंगले के सहारे फंदे पर लटकी मिली। परिजन आनन-फानन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। चिकित्सक के अनुसार महिला के गले पर फंदे के निशान हैं। सुजाता का पति वृन्दावन क्षेत्र के एक मंदिर में सिक्योरटी गार्ड की नौकरी करता है। पति राजा ने बताया कि वह कई दिन की छुट्टियों के बाद रविवार को ही घर से सुबह निकला था, लेकिन दोपहर को उसे सुजाता की मौत की खबर मिली। उसने एक दिन पहले सुजाता को करवाचैथ के पर्व की खरीदारी भी कराई थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाल विजय कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

फिजियोथेरेपिस्ट डा.मोहित अग्निहोत्री का गोरखपुर में हुआ सम्मान



हाथरस। चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट व समर्पित सेवाओं से हाथरस के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डाॅमोहित अग्निहोत्री ने जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। रविवार, 25 अक्टूबर को गोरखपुर में आयोजित भव्य एवं गरिमामयी चिकित्सा सम्मेलन फिजियोकोन 2026 में डाॅअग्निहोत्री को प्रतिष्ठित बेस्ट क्लिनिशियन अवार्ड से अलंकृत किया गया। इस विशेष अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डाॅराधामोहन दास अग्रवाल उपस्थित रहे। डाॅमोहित अग्निहोत्री को यह गौरवशाली सम्मान मुख्य अतिथि डाॅराधा मोहन दास अग्रवाल के साथ-साथ देश के विभिन्न जनपदों से आए ख्याति प्राप्त चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार प्रदान करने वाले विशिष्ट अतिथि मंडल में डाक्रेक्रे. शर्मा सचिव, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपी, उत्तर प्रदेश, डाब्रजेश त्रिपाठी लखनऊ डा.सुधीर द्विवेदी कानपुर, डाधर्म पांडेय दिल्ली तथा प्रख्यात आर्थोपेडिक सर्जन डाराजेश त्रिपाठी गोरखपुर, डार्त्यम्बक पांडेय गोरखपुर प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस आयोजन में चिकित्सा जगत से जुड़े कई गणमान्य व्यक्तियों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। विशेषज्ञों ने माना कि डाॅमोहित अग्निहोत्री को मिला यह सम्मान, फिजियोथेरेपी चिकित्सा के क्षेत्र में उनके सुदीर्घ अनुभव, निस्वार्थ सेवा-भावना और मरीजों को दी जा रही उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

सड़क हादसों में दो लोग घायल

सादाबाद। अलग अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में दो साल के मासूम सहित तीन लोग घायल हो गए। चंदपा क्षेत्र के गांव गढी कछवाया निवासी 25 वर्षीय अंजली अपने दो वर्षीय पुत्र गुन्नू के साथ दवा लेने सादाबाद जा रही थीं, इसी दौरान अचानक एक बस की चपेट में आने से मां बेटा घायल हो गए। दोनों का उपचार सीएचसी पर कराया गया। मथुरा पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गांव अरौठा निवासी जैकी पुत्र चांद घायल हो गया।

भाजपा छोड़कर कई लोग सपा में हुए शामिल



हाथरस। भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में सम्मिलित होने के लिए गांव ठुलई निवासी दीपक सेंगर कई साथियों के साथ सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेंगर समाज को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का काम करेंगे हाथरस से समाजवादी पार्टी का विधायक बनाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भगवान सिंह सेंगर, मुकेश कुमार सेंगर, संजू सेंगर, मोनू सेंगर ने सदस्यता ग्रहण की। उपस्थित लोगों में विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सेंगर, हाथरस विधानसभा भावी प्रत्याशी रामनारायण काके, ब्लक अध्यक्ष सुरेश काला, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष इरशाद अली, विकास सेंगर, राजुल माहेश्वरी, बृजेश सेंगर, अज्जू खान, चंद्रवीर बघेल, तेज प्रताप बघेल आदि लोग उपस्थित थे।

मंदिर से घंटे चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, दो पीतल के घंटे बरामद

एटा। जलेसर थाना पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के दो पीतल के घंटे बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। एसएसपी डॉ. इलामारन जी. के निर्देशन में थाना प्रभारी अखिलेश दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, 25ध्26 सितंबर की रात अज्ञात चोर मंदिर परिसर से करीब 33 किलोग्राम वजन के तीन पीतल के घंटे चोरी कर ले गए थे। इस मामले में थाना जलेसर पर मुकदमा अपराध संख्या 423/2026 दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने राहुल यादव पुत्र रामपाल सिंह निवासी गांव रनौसा को जलेसर-आगरा रोड से अरबगढ़ जाने वाले रास्ते पर ट्रांसफार्मर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में रखे दो पीतल के घंटे, जिनका कुल वजन 3.8 किलोग्राम बताया गया है, बरामद हुए। पुलिस ने मामले में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

विमुक्त घुमंतु समुदाय कल्याण बोर्ड के सदस्य ने समाज को शिक्षित करने पर दिया जोर

हसायन। विकास खंड क्षेत्र की न्याय पंचायत हरीनगर के ग्राम पंचायत छीतूपुर के माजरा गांव श्यामपुर नगला बंजारा में रविवार को दोपहर में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु समुदायों के विकास एवं कल्याण बोर्ड द्धडीडब्ल्यूबीडीएनसीएस) की गवर्निंग बडी के सदस्य स्वरूप सिंह बंजारा ने ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत की महिला प्रधान द्धग्राम पंचायत प्रशासक) के आवास पर बंजारा समाज के ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में स्वरूप सिंह बंजारा ने सरकार के द्वारा विमुक्त, घुमंतु समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए बनाए गए कल्याण बोर्ड से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ का बखान करते हुए विभिन्न योजनाओ का लाभ लेने के लिए आनलाइन व आफलाइन दोनो तरह से संबंधित अधिकारियो से सम्पर्क करने के लिए जागरूक किया।

स्वरूप सिंह बंजारा ने कहा कि जब तक समाज के प्रत्येक जाति वर्ग के परिवार को अपने पुत्र पुत्रियो को शिक्षित करने के लिए प्रयास जरूर करने चाहिए। उन्होने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो शिक्षा के दूध का पान करेगा वह कदापि भयभीत नही होगा। शिक्षित समाज का अपना अलग बजूद और पहचान बनाती है। उन्होने कहा कि चाहे आधी रोटी खाकर भूखे रह लेना बच्चो को शिक्षित जरूर करना। स्वरूप सिंह बंजारा का ग्राम प्रधान प्रशासक जय देवी व प्रधान प्रशासक पति सुरेन्द्र सिंह नायक ने पुष्पहार द्धफूल माला), अंग वस्त्र श्रीराम नाम पटिका पहनाकर भगवान श्रीराम दरबार का छायाचित्र भेंटकर स्वागत किया।

बैठक में पूर्व मंडलाध्यक्ष दीपक कुमार उपाध्याय, मुनेश्वर उपाध्याय, निहाल सिंह नायक, वेदप्रकाश नायक, जसवीर नायक, कप्तान सिंह बंजारा, करतार सिंह, राजेन्द्र सिंह, दिनेश बंजारा, राजेन्द्र नेताजी, राहुल बंजारा, उपेंद्र नायक, अंतराम बंजारा, नरेश बंजारा, लाखन सिंह बंजारा, किरोड़ी सिंह, शंकर सिंह, मनीराम बंजारा मौजूद रहे।

ग्राम चैकीदारों ने मानदेय बढ़ाने के साथ सुरक्षा उपकरण और मुआवजे की मांग उठाई

बोले- महंगाई में एक हजार रुपये की बढ़ोतरी से नहीं चलेगा गुजारा



सादाबाद। गांवों में रात के समय पुलिस के साथ गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने वाले ग्राम चैकीदारों ने मानदेय बढ़ाने, जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और ड्यूटी के दौरान जान गंवाने पर उनके परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग उठाई है। इस संबंध में चैकीदारों ने रविवार को सादाबाद कोतवाली परिसर में बैठक की। बैठक में बताया गया कि वह इन मांगो को लेकर पूर्व में विधायक प्रदीप चैधरी व सांसद अनूप प्रधान को भी ज्ञापन दे चुके हैं। बैठक में ग्राम चैकीदार विलकेश कुमार ने सरकार की ओर से मानदेय में एक हजार रुपये की बढ़ोतरी किए जाने पर आभार जताया, लेकिन कहा कि मौजूदा महंगाई के दौर में इतनी बढ़ोतरी से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लखनऊ में आंबेडकर महासभा में न्यूनतम वेतन को लेकर कही गई बात का उल्लेख करते हुए चैकीदारों के मानदेय में पर्याप्त वृद्धि करने की मांग की। चैकीदारों ने मांग की कि गांवों में गश्त के दौरान उपयोग के लिए उन्हें टॉर्च, वर्दी, डंडा, सीटी और साइकिल सहित जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बेहतर तरीके से कर सकें। बैठक में ड्यूटी के दौरान चैकीदारों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया, चैकीदारों ने कहा कि गांवों में गश्त के दौरान कई बार बदमाशों से सामना होने पर जान पर खतरा बन जाता है। ऐसी स्थिति में यदि किसी चैकीदार की ड्यूटी के दौरान हत्या हो जाती है, तो उसके परिवार को सरकार की ओर से कम से कम 15 से 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। मौके पर चैकीदार वीरेश कुमार, भोपाल सिंह, सुरेश कुमार, रणजीत सिंह, शहजाद खां, रिंकू, सहरूद्दीन, हरिया, राजू, करनपाल, कालीचरन, राजवीर, दामोदर आदि थे।

किसानों की मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू, मंदिर संरक्षण से खाद-बिजली तक उठाए मुद्दे



फिरोजाबाद। भारतीय किसान यूनियन धनसिंह कोतवाल के नेतृत्व में ग्राम सलेमपुर आनंदीपुर स्थित भोलेनाथ मंदिर पर रविवार को किसानों ने अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल एवं सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया। प्रथम दिन भोलेनाथ जी का आशीर्वाद लेकर आंदोलन की शुरूआत की गई। जिलाध्यक्ष श्यामवीर सिंह गुर्जर ने बताया कि आंदोलन का उद्देश्य किसानों की समस्याओं का समाधान कराना है। प्रमुख मांगों में 938 वर्ष पुराने भोलेनाथ मंदिर का संरक्षण, यूरिया-डीएपी की निर्धारित दरों पर उपलब्धता, खाद की कालाबाजारी व नकली बीजों की जांच, नलकूपों को पर्याप्त बिजली, खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने, धान-बाजरा की सरकारी खरीद और समय पर भुगतान शामिल हैं। इसके अलावा पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य दिलाने और पात्र विधवा पेंशन लाभार्थियों की पेंशन बहाल करने की मांग भी उठाई गई। किसान यूनियन ने प्रशासन से सभी मांगों पर कार्रवाई कर लिखित रिपोर्ट देने की अपील की। संगठन ने स्पष्ट किया कि समस्याओं का ठोस समाधान होने तक शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।

सात साल बाद बरी हुए श्रमिक नेता रामदास मानव समेत छह आरोपी

डकैती के मुकदमे में अभियोजन आरोप साबित करने में नाकाम, अदालत ने सभी को किया दोषमुक्त



फिरोजाबाद। डकैती के एक मामले में विशेष न्यायाधीश की अदालत ने श्रमिक नेता एवं समाजसेवी रामदास मानव समेत छह आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। 21 अक्टूबर 2026 को आए फैसले से करीब सात साल से मुकदमे का सामना कर रहे आरोपियों को राहत मिली। मामला थाना रामगढ़ में 17 मई 2019 को दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। आरोप था कि 8 मई 2019 को नगला पीपलिया के पास चूड़ियों से भरी डीसीएम रोककर करीब ढाई लाख रुपये की चूड़ियों की लूटपाट और तोड़फोड़ की गई थी। सुनवाई के दौरान वादी शहंशाह बाबर ने स्वीकार किया कि उसने अपने बयान में किसी आरोपी का नाम नहीं बताया था और घटना के समय वह मौके पर मौजूद भी नहीं था। वहीं, मुनीम राकेश ने भी आरोपियों की घटना में संलिप्तता से इनकार किया। विवेचना में देरी का कारण स्पष्ट न होना और घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों की कमी भी सामने आई। अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि अभियोजन पक्ष आरोपों को युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। इसी आधार पर रामदास मानव समेत छह आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया।

फैसले के बाद रविवार को षहर के षिवम रेस्टोरेंट में वार्ता के दौरान रामदास मानव ने आरोप लगाया कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करने के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया और जेल में उनके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ। उनके मुताबिक, मुकदमे के कारण परिवार को आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के दौरान अपने भाई रामप्रकाश के निधन पर वह अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके। रामदास मानव और उनके अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह ने मामले में कथित साजिश की उच्चस्तरीय जांच कराने, लंबित गुंडा अधिनियम की कार्रवाई समाप्त करने, शस्त्र लाइसेंस बहाल करने और परिवार को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। वार्ता के दौरान उनके साथ धर्म सिंह यादव एडवोकेट भी मौजूद रहे।

कांग्रेस घर घर चलायेगी वोट बचाओ देश बचाओ अभियान-आबिद कश्मीरी

बोले ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें साथ ही देश से माफी मांगे.....



फिरोजााबद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक आबिद कष्मीरी का फिरोजाबाद जिले में देर षाम आगमन हुआ। यहां उप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रकाषनिधि गर्ग के प्रतिश्ठान पर मीडिया से रूबरू हुये। उन्होंने मीडिया से वार्ता कर कहा कि हिंदुस्तान में कांग्रेस द्वारा एक अभियान छेड़ा है वोट बचाओ देष बचाओ। आजाद हिंदुस्तान में जरूरत क्या पड़ी कि देष में फिर से आजादी के बाद आंदोलन छेड़ना पडा। जब देष आजाद नहीं था तब गांधी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ एक मुहिम छेड़ी फिर देष आजाद हुआ। हमारा मानना है मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेष कुमार इस्तीफा दें साथ ही देष से माफी मांगे। कांग्रेस पार्टी और देष की जनता ज्ञानेष कुमार के खिलाफ देषद्रोही है उनको सलाखों के पीछे पहुंचायेंगे। इसकी लड़ाई देष की जनता सड़कों पर लड़ेगी। अगर ये चोरी नहीं है तो भाजपा सरकार को क्या जरूरत पड़ी 2023 में ये कानून लाने की। क्योंकि उन्हें आब्जर्वर बनाया गया है तीन जिलों में मथुरा, आगरा फिरोजाबाद। यहां तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर जागरूक करेंगे वोट बचाओ देष बचाओ। देष के साथ जनता के बहुत बडा धोखा किया जा रहा है इसको लेकर दोशियों पर कार्यवाही के लिये संघर्श करेंगे। वहीं आगामी रैली जो दिल्ली में होने जा रही है उसको लेकर भी विस्तृत जानकारी दी और कहा ये जनता का आंदोलन है। वार्ता के दौरान उनके साथ जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, महानगर अध्यक्ष षफात खान राजू, पार्शद नुरूलहुदा लाला राईन गांधी, उप्र कांग्रेस कमेटी सचिव प्रकाषनिधि गर्ग, चांद कुरैषी, हाजी सईद पटेल, गुलाम जीलानी, हाजी नसीर अहमद, उमर फारूक आदि मौजूद रहे।

डीएम-एसएसपी ने किया पीईटी परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण



फिरोजाबाद। पीईटी परीक्षा-2026 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगेह ने रविवार दोपहर आई.वे. इंटरनेशनल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति, मूलभूत सुविधाओं, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता और प्रश्नपत्रों के रखरखाव की जांच की गई। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापक और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा शासन के निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गोवर्धन लीला में सजा छप्पन भोग, सदर विधायक मनीष असीजा ने लिया धर्मलाभ



फिरोजाबाद। तुलसी पैलेस, रानी वाला कंपाउंड में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास अरविंद जी महाराज (वृंदावन वाले) ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित कर भव्य प्रसादी वितरित की गई। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। स्वर्गीय भगवानदास अग्रवाल एवं स्वर्गीय प्रेमवती अग्रवाल की स्मृति में 21 से 28 अक्टूबर तक आयोजित कथा में सदर विधायक मनीष असीजा ने पहुंचकर कथा श्रवण किया और धर्मलाभ प्राप्त किया। महाराज श्री ने गोवर्धन लीला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, अहंकार त्याग और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान गोविंद अग्रवाल (पप्पू चंबल सेंट वाले) एवं बीना अग्रवाल रहे। इस अवसर पर किशोर अग्रवाल (बंटी), मयंक अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, दुर्गेश अग्रवाल, भावना अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल और आकांक्षा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

चोरी के मोबाइल और तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, थाना दक्षिण पुलिस की कार्यवाही



फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोहित पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी आनंदीपुर करकोली, थाना मटसेना को नानक वाली गली से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का सैमसंग मोबाइल, 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी के मामले में वांछित था। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दक्षिण योगेन्द्रपाल सिंह, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, राजकुमार गौतम और कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

फिरोजाबाद के 69 स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा आरोग्य मेला, 1,157 मरीजों को मिला उपचार



फिरोजाबाद। जनपद में रविवार को 69 प्राथमिक एवं नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 1,157 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित मेले में 575 पुरुष, 453 महिलाएं और 129 बच्चे शामिल रहे। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में 86 चिकित्सकों और 185 स्वास्थ्य कर्मियों ने सहभागिता की। मेले में बुखार, मौसमी बीमारियों, त्वचा रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप सहित विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार किया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का लाभ उठाने की अपील की।

एसपी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग थानों से 13 वारंटी गिरफ्तार



कासगंज। पुलिस कप्तान ओपी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज आलोक सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के कुशल नेतृत्व में वारंटी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वाराएक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें कासगंज पुलिस द्वारा कुल 13 वारंटी अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है। थाना सोरों 01 वारंटी, थाना ढोलना 04 वारंटी, थाना पटियाली 02 वारंटी, थाना गंजडुंडवारा 02 वारंटी, थाना सिकन्दरपुर वैश्य 01 वारंटी कुल गिरफ्तारी 13 वारंटी गिरफ्तार किये गये है। जिससे पुलिस सरकार की निगाह में अपनी पीठ थपथपाने का कार्य कर रही है। कासगंज पुलिस द्वारा इस प्रकार के अभियान समय-समय पर जारी रखे जाएंगे।

जिला राठौर सभा ने किया मेधावियों का सम्मान समारोह



फिरोजाबाद। श्री रामचन्द्र पालीवाल हॉल में जिला राठौर सभा द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रबुद्धजनों के सम्मान समारोह में महापौर कामिनी राठौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महापौर ने कहा कि शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा समाज की वास्तविक शक्ति हैं। प्रतिभाओं का सम्मान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के साहस, वीरता और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। समारोह में सदर विधायक मनीष असीजा, जिला राठौर सभा के जिलाध्यक्ष रश्मि कांत राठौर, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष गीता राठौर (रजनी), किरन राठौर, मंगल सिंह राठौर, पार्षद ऊषा देवी राठौर सहित सभा के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फिरोजाबाद में दुर्बलनाथ महाराज की 165वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



फिरोजाबाद। जनपद में 360 गोत्रीय खटीक महासभा की ओर से रविवार को राष्ट्रीय संत शिरोमणि श्री श्री 1008 दुर्बलनाथ जी महाराज की 165वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा चक समाज मंदिर, नई बस्ती, करबला की पुलिया से प्रारंभ होकर एमजी कॉलेज के सामने, देवनगर और सुहागनगर होते हुए हिमायूंपुर पहुंची। कार्यक्रम का उद्देश्य संत दुर्बलनाथ जी महाराज के विचारों, शिक्षाओं और सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर कामिनी राठौर और महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश चंद्र दिवाकर सहित सुधीर कुमार चक, कमेटी अध्यक्ष कृष्ण मोहन चक्रवर्ती, महासचिव यतेंद्र कुमार पिंकी चक, शिवचरण चक और अंकित कुमार (चंगी) मौजूद रहे। आयोजन में खटीक समाज के लोगों की सहभागिता रही।

फिरोजाबाद जेल में सेप्टिक टैंक में मिला विचाराधीन कैदी का शव, दो जेलकर्मी निलंबित

■ सीसीटीवी में टैंक का ढक्कन खोलकर छलांग लगाते दिखा कैदी

फिरोजाबाद। जिला कारागार में रविवार सुबह करीब 8रू20 बजे विचाराधीन कैदी जितेंद्र उर्फ करुवा (निवासी अकबरपुर सराय, सिरसागंज) का शव सेप्टिक टैंक में उतराता मिला। घटना से जेल प्रशासन में खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जितेंद्र सिरसागंज थाने में दर्ज हत्या और आर्म्स एक्ट के मुकदमे में जेल में बंद था।

जेल अधीक्षक अमित चैधरी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में कैदी टैंक का ढक्कन खोलकर उसमें छलांग लगाता दिखाई दे रहा है।

मामले में लापरवाही के आरोप में एक जेल वार्डर और एक हेड जेल वार्डर को निलंबित कर दिया गया है। घटना की सूचना मजिस्ट्रेट और मृतक के परिजनों को दी जा रही है।

भाजपा ने हमेशा राहुल गांधी के इमेज को डैमेज करने का काम किया है- संजीता सिहाग

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की प्रेसवार्ता का आयोजन



कासगंज। रविवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक संजीता सिहाग और कांग्रेस के पूर्व विधायक गजराज सिंह कासगंज पहुंचे। जहां उन्होने कासगंज के नदरई गेट स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में पीएम नरेंद्र मोदी के दिए गए बयान की कुछ लोग विदेश में जाकर देश की बदनामी करते है, और कांग्रेस कब तक अपने फेल प्रोडक्ट को लांच करती रहेंगी। इस पर इंडिया कांग्रेस कमेटी की ऑब्जर्वर संजीदा सिहाग ने कहा कि ये उनका प्रोपेगेंडा शुरू से रहा है कि किस तरह से वह राहुल गांधी पर छींटा कशी कर सकें, लेकिन आपने क्या किया जिसके लिए हम पुरे विश्व में प्रसिद्ध थे। मदर ऑफ डेमोक्रेसी को लेकर लेकिन आपने क्या किया देश वासी के संविधन में जो अधिकार मिला है आप वह भी छीने जा रहे है। भाजपा ने हमेशा राहुल गांधी के इमेज को डैमेज करने का काम किया है, पूरा यूथ जेनजी राहुल गांधी के साथ है इसलिए पीएम और भाजपा बोखलाई हुई है, जिसे एक तारीख की रैली में दिल्ली में आप देखेंगे। वहीं में एक तारीख को होने जा रही राहुल गांधी की रैली को लेकर व्यापारियों के लिखें गए पत्र रैली के चलते करोड़ो का नुकसान होगा इसलिए रैली 10 नबंबर के बाद करें, इस पर ऑब्जर्वर संगीता सिहाग ने कहा की यह सब भाजपा के फैलाया हुआ प्रपोगेंडा है इसके पीछे भजपा का हाथ है और देश को बचाने के लिए अभी इससे महत्वपूर्ण कुछ नही है जिस तरह से संविधान और देश को बचाने की लड़ाई लिए कांग्रेस लड़ रही है जब देश ही नही रहेगा तो क्या व्यापार क्या देश के नागरिक हम देश संविधान बचाने को लेकर रैली कर रहे है।

भाजपा की संगठनात्मक बैठक में बूथ मजबूती पर जोर

तीनों विधानसभा सीटों पर जीत का संकल्प



कासगंज। भाजपा जिला कार्यालय, कासगंज पर राजस्थान के भीलवाड़ा से सांसद दामोदर अग्रवाल ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विचार-विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने की। बैठक से पूर्व उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 139वें एपिसोड को सामूहिक रूप से सुना। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद दामोदर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुटता के साथ संगठन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में सफलता प्राप्त करने के लिए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा प्रभावी चुनावी रणनीति तैयार करना आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने अपने संबोधन में सांसद श्री दामोदर अग्रवाल को विश्वास दिलाया कि कासगंज जनपद के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी एकजुटता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा को भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।इस अवसर पर महेंद्र राना, नवल कुलश्रेष्ठ, पूर्व जिलाध्यक्ष के.पी. सिंह, अनिल पुंडीर, पूर्व जिला प्रभारी हर्षवर्धन, राजवीर भल्ला, संजय सोलंकी, आकाश दीप रानू, महेंद्र बघेल, कृष्णकांत वशिष्ठ, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. मनोज शर्मा, अजय राना, मोहित तेजधारी, कुलदीप प्रतिहार, यश उपाध्याय, प्रशांत राजपूत सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ऑल इंडिया लवर्स यूनियन का प्रथम जिला सम्मेलन संपन्न

मनोज सोलंकी बने अध्यक्ष व विजय प्रताप जिला मंत्री



कासगंज। अशोक नगर स्थित एक प्रतिष्ठान में शनिवार को ऑल इंडिया लवर्स यूनियन का प्रथम जिला सम्मेलन पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता कर्मवीर सिंह सोलंकी ने की, जबकि अलीगढ़ से आए एडवोकेट ओ.पी. शर्मा ने पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में कासगंज के लगभग 40 अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से 20 सदस्यीय नई जिला कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें फिलहाल तीन पद रिक्त रखे गए हैं। नई कमेटी में मनोज कुमार सोलंकी को जिलाध्यक्ष, विजय प्रताप सिंह को जिला मंत्री और अतुल कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रमुख पदों पर चुनाव हुआ जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष नेम सिंह वर्मा, वरिष्ठ सचिव लोकेश याद, उपाध्यक्ष साधना गौतम, राकेश कुशवाहा और चमन, सह-सचिव रजत यादव, प्रमोद कुमार निर्मल और अक्षय सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद अयाज, सह मीडिया प्रभारी ओमकार बघेल। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता एकता जिंदाबादश और ऑल इंडिया लवर्स यूनियन जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। सम्मेलन में ऋषिपाल सिंह, मोहम्मद अकलीम, अभय प्रताप सिंह, संजय बघेल, अरविंद साहू, निरंजन सिंह सोलंकी, सत्यवीर सिंह बघेल, हनी, ज्ञान प्रकाश, हरवीर सिंह, विजय बहादुर, अब्दुल अल्ताफ, अहमद अजीज अहमद, जितेंद्र कुमार, रामनिवास यादव, विनोद कुमार और शरीफ सहित कई अन्य गणमान्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

सट्टे के मामले में आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। अमांपुर थाना पुलिस ने सट्टे के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने सात सौ रुपये की नकदी, सट्टा पर्ची आदि बरामद की है। अमांपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सक्सेना ने बताया कि शनिवार की देर शाम थाना पुलिस ने एटा रोड से हरि किशोर पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ईसेपुर थाना अमांपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से सट्टा पर्ची, सात सौ रुपये की नकदी, डायरी आदि बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है।

42 क्वार्टर देशी शराब समेत दो आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। अमांपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र से 42 क्वार्टर देशी शराब समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की है। अमांपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सक्सेना ने बताया कि थाना पुलिस ने शनिवार की देर शाम दीपक पुत्र करेढ़ सिंह निवासी परतापुर थाना अमांपुर को 22 क्वार्टर देशी शराब, गौरव उर्फ गोविन्द पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी अल्लीपुर थाना अमांपुर को 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की है।

रेलवे विद्युत ट्रांसफार्मर से कॉपर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

कासगंज। प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार मीना के नेत्रत्व में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कासगंज ने एक रेलवे विद्युत ट्रांसफार्मर से कॉपर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिस पर मंडल इज्जतनगर पर धारा 03 रेल सम्पत्ति (अवैध कब्जा) जैसे मामले पंजीकृत पाया गया। जिसमें वह वांछित अभियुक्तगण बार बार ठिकाने बदल रहे थे उनकी गिरफ्तारी के लिए पतारशी सुरागरशी के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त ह्रामकुमार पुत्र सतीश उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम सिरावली थाना सोरो जनपद कासगंजह्न को जुर्म स्वीकार करने पर मामले में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि वह अपने गिरोह के द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न, जनपद में विद्युत ट्रांसफार्मर, मोबाइल टावरों के विद्युत उपकरण, अल्टरनेटर एवं अन्य विद्युत सामग्री की चोरी की घटनाओं को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देता रहे है।

पेट परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कासगंज जीआरपी पुलिस ने लगाया कैम्प

कासगंज। थाना जीआरपी कासगंज द्वारा जंक्शन पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित ह्नप्रारंभिक पात्रता परीक्षा के लिए जनपद कासगंज से विभिन्न जनपदों में परीक्षा में शामिल होने के लिए जाने वाले परीक्षार्थियों/अभ्यार्थियों के सुगम रेल यात्रा के माध्यम से गंतव्य तक पहुंचाने के लिए अभ्यर्थियों की सहायता व मार्गदर्शन के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन कासगंज पर परीक्षा हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है परीक्षा हेल्प डेस्क पर पर्याप्त संख्या में महिला व पुरुष कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, तथा पर्याप्त पुलिस बल नियुक्त कर कासगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया , टिकट विंडो एवं एन्ट्री एग्जिट प्वाइंट स्थानों पर यात्रीगण एवं उनके सामान की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चेकिंग तथा रेलवे-स्टेशन पर लगातार भ्रमण एवं चेकिंग की जा रही है।

करवाचौथ को लेकर बाजारों में दिखी रौनक

कासगंज। अमांपुर कस्बा में करवाचैथ की तैयारी को लेकर बाजार में रविवार सुबह से महिलाओं की चहल पहल रही। रविवार को बाजारों में खूब रौनक देखने को मिली। सुहागिनों ने बाजार में जमकर खरीदारी की। बारहद्वारी, सरार्फा बाजार, कालेज रोड सहित कपड़ों, चूड़ियां, कास्मेटिक, ज्वैलर्स, करवे व सौंदर्य प्रसाधन का सामान बेचने वाले लोगों की दुकानों पर महिलाओं एवं युवतियों के झुक्कान लगे रहे। करवाचैथ का पर्व गुरुवार को हैं। सुहागिनों के लिए यह दिन सबसे खास होता हैं। वे पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को सजधज कर पति की लम्बी आयु के लिए विधि-विधान से पूजन करती हैं। करवाचैथ को लेकर महिलाओं में बेहद उत्साह हैं।इस दौरान बाजार में जाम की भी स्थिति बनी रही। करवाचैथ का त्यौहार मनाने को लेकर महिलाएं बेहद उत्साहित बनी हुई हैं। इसके चलते रविवार को बाजारों में महिलाओं की भीड़ अधिक रही। मेहंदी सेंटर से लेकर ब्यूटी पार्लर तक काफी भीड़भाड रही। ब्यूटी पार्लरों में कई घंटों के इतजार के बाद महिलाओं का सजने संवरने के लिए नंबर आया।

आज कांग्रेस की शंखनाद रैली, तैयारियों को दिया अंतिम रूप



अलीगढ़। कांग्रेस की शंखनाद रैली का आगाज में प्रभारी उत्तर प्रदेश राजेंद्र पाल गौतम, अराधना मिश्रा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, सलमान खुर्शीद पूर्व मंत्री इमरान मसूद सांसद अध्यक्ष, कुणाल चौधरी विधायक राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश बृज जोन अलीगढ़ आ रहे हैं।

सोमवार को सुबह 10 सुबह स्थान शहनाई मैरिज होम मैरिज रोड में वर्तमान, पूर्व जिला, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों, पदाधिकारियों, संगठन सृजन अभियान से संबंधित सभी जोनल, जिला-शहर कोआर्डिनेटरों, मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रदेश निगरानी समिति सदस्य, जिला कोआर्डिनेटर, एसआइआर से संबंधित प्रदेश, जिला-शहर निगरानी समिति, समन्वय समिति सदस्य, निवर्तमान, पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों, सभी फ्रंटल संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों प्रदेश, जिला, शहर पदाधिकारियों, कांग्रेस कमेटी सदस्य सभी से बात करेंगे। यह जानकारी पूर्व विधायक विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह जादौन, नवेद खान महानगर अध्यक्ष, मोहम्मद जियाउद्दीन (राही) जिला संगठन उपाध्यक्ष प्रभारी जिला कांग्रेस ने दी।

एएमयू छात्र संघ चुनाव में प्रत्याशियों की जमानत राशि तय

❑ उपाध्यक्ष के लिए दो छात्राओं को अध्यक्ष पद को बिहार के तीन छात्रों ने की दावेदारी

अलीगढ़। एएमयू छात्रसंघ चुनाव में उतरने वाले प्रत्याशियों के लिए जमानत राशि निर्धारित कर दी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पद के लिए 500 रूपये, जबकि कैबिनेट सदस्य, एएमयू कोर्ट सदस्य के प्रत्याशियों को 300 रुपये जमानत राशि जमा करनी होगी।

मुख्य चुनाव कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया के तहत अलग-अलग पदों के लिए निर्धारित जमानत राशि प्रत्याशियों के लिए जरूरी होगी। चुनाव को लेकर छात्रों की ओर से उठाए सवालों के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने उम्मीदवारों की पात्रता से जुड़े नियम पर स्पष्टीकरण जारी किया। ऐसा कोई छात्र इन चुनावों में उम्मीदवार नहीं बन सकेगा, जिसे किसी आपराधिक मामले में दोषी ठहराया गया हो या



जिसे अनुशासनहीनता या कदाचार का दोषी मानते हुए यूनिवर्सिटी से निष्कासित कर दिया गया हो।

छात्रसंघ चुनाव के इतिहास में पहली बार उपाध्यक्ष पद के लिए छात्रा इरफा खान और नशरा नईम ने दावेदारी पेश की। अब तक उपाध्यक्ष पद पर छात्राओं की दावेदारी का ऐसा मुकाबला सामने नहीं आया था। दोनों छात्राओं के चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी से छात्रसंघ चुनाव में महिला भागीदारी को लेकर चर्चा तेज हो गई। यह न केवल छात्राओं की बढ़ती राजनीतिक सक्रियता का संकेत, बल्कि एएमयू की छात्र राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत के तौर पर भी देखा जा रहा है।

एएमयू छात्रसंघ चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए बिहार के तीन छात्रों की दावेदारी चर्चा में है। यूनिवर्सिटी के इतिहास में पहली बार अध्यक्ष पद के लिए बिहार से तीन छात्र चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। इनमें भूगर्भ विज्ञान विभाग के शोधार्थी शरजील इकबाल, नोमान अशरफ और असमर फरीदी शामिल हैं। अध्यक्ष पद के लिए एक ही राज्य से तीन छात्रों की दावेदारी ने इस बार के चुनावी मुकाबले को खास बनाने के साथ बिहार के छात्रों के लिए चुनौती भी बन गई है। किस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे यह सोचकर छात्र असमंजस में हैं। वहीं, यूपी से अब्दुल वहीद ने छात्रसंघ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में दावेदारी ठोकी है।

उधर, चुनाव की तारीख दिवाली के आसपास रखे जाने पर छात्रों का कहना था कि छात्रसंघ चुनाव में हिंदू छात्र भी भागीदार हैं। ऐसे में चुनावी कार्यक्रम तय करते समय उनकी पारिवारिक भावनाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए था। छात्रसंघ चुनाव सभी विद्यार्थियों का लो. कतांत्रिक मंच है, इसलिए चुनाव की तारीखें तय करते समय किसी भी वर्ग के विद्यार्थियों की सुविधा को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

बॉलीवुड फिल्म थ्री इडियट्स के किरदार चतुर रामलिंगम के अंदाज में हिंदी में मजेदार भाषण देकर सुर्खियों में आए नाइजीरिया के छात्र अयूबा एक बार फिर चर्चा में हैं। एएमयू के छात्रसंघ चुनाव में उनकी दिलचस्पी बढ़ गई है। प्रत्याशी उनसे समर्थन मांग रहे हैं। इसी बीच अयूबा ने अपने खास अंदाज में एएमयू कोर्ट मेंबर के प्रत्याशी जीशान भाटी को समर्थन देने का ऐलान किया।

बाइक रैलियों से ताकत दिखा रहे प्रत्याशी

प्रत्याशी प्रचार-प्रसार के लिए बाइक रैलियां निकालकर ताकत दिखा रहे हैं। हॉस्टल, हॉल और विभागों में विद्यार्थियों से संपर्क कर समर्थन जुटाने की कवायद तेज हो गई। चुनावी माहौल के बीच अब विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दे भी प्रचार के केंद्र में रहेंगे। अध्यक्ष पद के दावेदार शरजील इकबाल ने बताया कि छात्रहित में कार्य करेंगे और छात्रों से जुड़े मुद्दे न सिर्फ उठाएंगे, बल्कि यूनिवर्सिटी प्रशासन से मनवाएंगे।

दवा व्यापारियों ने दिखाई एकजुटता, सम्मेलन में दिया समस्याओं के निदान का भरोसा

खैर। गौमत चौराहे के निकट कंचन फार्म हाउस में रविवार को कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन खैर के तत्वावधान में विधानसभा स्तरीय दवा व्यापारी सम्मेलन एवं शैक्षणिक कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में दवा व्यापारियों ने एकजुट होकर अपनी समस्याएं उठाईं। मुख्य अतिथि सांसद सतीश गौतम ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों से बात कर निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद सतीश गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी कृष्णपाल सिंह उर्फ लाला प्रधान, खैर नगर पालिका अध्यक्ष संजय शर्मा, जट्टारी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप बंसल एवं पिसावा नगर पंचायत अध्यक्ष राजाबाबू शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

सांसद सतीश गौतम ने कहा कि दवा व्यापारी केवल व्यापार करने वाला वर्ग



नहीं, बल्कि समाज के स्वास्थ्य की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला वर्ग है। जरूरत के समय मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराने से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था बनाए रखने तक दवा व्यापारियों की भूमिका बेहद अहम है। ऐसे में उनकी समस्याओं की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। व्यापारियों की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाकर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक स्तर पर वार्ता कर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा।

सम्मेलन के दौरान दवा व्यापारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं शैक्षणिक कार्यशाला में दवाओं से संबंधित नवीन जानकारियां साझा करने के साथ ही दवा बिक्री से जुड़े नियमों और आवश्यक प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य खैर विधानसभा क्षेत्र के दवा विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं को एक मंच पर उठाकर उनके समाधान की दिशा में पहल करना रहा। इस मौके पर एसोसिएशन चेयरमैन मोहन स्वरूप अरोरा, अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, संरक्षक दयाशंकर शर्मा, धीरज गंगल, महामंत्री सत्यदेव शर्मा, अनिल शर्मा, शिखर शर्मा, उमेश अरोरा, सत्यदीप शर्मा, रमेश चंद्र आर्य, ओम प्रकाश भास्कर, प्रांशु रावत, गौरव शर्मा, रामपाल तोमर, बृजेश गौड़, विनोद अग्रवाल, कमल शर्मा, इमरान खान, महेश उपाध्याय, रामेश्वर दयाल शर्मा, अरविंद शर्मा, संजीव गोयल, शशांक शर्मा, रविंद्र शर्मा सहित खैर विधानसभा क्षेत्र के अनेक दवा व्यापारी मौजूद रहे।

राज लक्ष्मेश्वरी-बाबा मंदिर मनाया स्थापना दिवस



यज्ञ व भंडारे के संग समारोह संपन्न

अकराबाद। गांव मानई में माता मंदिर पर रविवार को स्थापना दिवस मनाया गया। गांव मानई में स्थित राजलक्ष्मेश्वरी माता-बाबा मंदिर जो करीब ढाई सौ वर्ष पुराना व प्राचीन संतों की तपस्थली है वहां रविवार को स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। यहां पूजा अर्चना एवं यज्ञ व भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आयोजक पंडित चिंतन चिंतन शर्मा ने बताया है कि क्षेत्र में यह स्थान अपने वर्तमान आकार में पंडित वासुदेव वेदपाठी बाबा ने लगभग 50 वर्ष पूर्व नीम करोली बाबा के आदेश से बनवाया था।

माता की वर्तमान विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह मनोकामना पूर्ण करने वाला सिद्ध पीठ है इसी नवदुर्गों में सत चंडी पाठ यज्ञ और भंडारा हुआ 5 दिन बाद ही आज माता रानी का स्थापना दिवस समारोह यज्ञ भंडारे और धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में पंडित मुन्नालाल, पंडित दिनेश, जगदीश पाठक, मुरारी लाल, रामबंधु, श्याम बंधु, अभय शर्मा, विवेक सिंह, अभय कुमार, विनय पंडित, ललित कुमार, मोहित चौहान आदि ने विशेष सहयोग दिया।

इनोवा कार ट्रैक्टर में घुसी, एक की मौत दूसरा घायल

ग्वालियर से कार मालिक लौट रहा था दिल्ली

अलीगढ़। जट्टारी- टप्पल यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार सुगह अनियंत्रित इनोवा कार आगे चल रही सीमेंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में कार सवार मालिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

थाना टप्पल पुलिस ने बताया कि दिल्ली के गिर्राज (55) रविवार सुबह चालक विनोद यादव के साथ इनोवा कार से पैतृक गांव ग्वालियर से दिल्ली लौट रहे थे। सुबह करीब 6:45 बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर 57वें माइलस्टोन के पास सिमरौठी चौकी क्षेत्र में उनकी कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही सीमेंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गिर्राज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक विनोद यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद वहां जाम की स्थिति पैदा हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए नौझील के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जबकि ष्ठाव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे की जानकारी चालक को मृतक कार मालिक के परिजनों को दी। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

आज निकलेगी महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा



अलीगढ। महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव पर शहर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन शाम 5:00 बजे शिशिया पाड़ा से होगा। जन्मोत्सव समिति प्रदेश अध्यक्ष राजेश राज जीवन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएम अविनाश कुमार, एसएसपी नीरज जादौन, नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा करेंगे।

उन्होंने कहा कि शिशियापाड़ा से विधि-विधान के साथ शुरू होकर यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी, जिसमें मुख्य रूप से गांधी पार्क, मीरूलाल की प्याऊ, पत्थर बाजार, बारहद्वारी, सराय हकीम, ढपरा रोड, अप्सरा टॉकीज, रेलवे रोड, माल गोदाम, कबरकुत्ता, बस अड्डा, पड़ाव दुबे होती हुई अचल तालाब स्थित भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर संपन्न होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेलाध्यक्ष गौरव चंदेल, कार्यवाहक अध्यक्ष रोबिन भारती, महासचिव गौरव नार्वे, मुख्य संरक्षक महेंद्र राठौर, मेला संचालक शिवम चौहान वाल्मीकि सहित समिति के तमाम पदाधिकारी पूरी मुस्तैदी से जुटे हुए हैं।

SSSG ने बास्केटबॉल चैंपियनशिप जीती

अलीगढ़। एएमयू सीनियर सेकेंडरी स्कूल-गर्ल्स (एसएसएसजी), एएमयू गर्ल्स स्कूल ने सर सैयद दिवस समारोह-2026 में एसएसएसजी द्वारा आयोजित अंतरविद्यालयी बालिका बास्केटबॉल और टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में एसएसएसजी की टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए चैंपियन बनी, जबकि एएमयू गर्ल्स स्कूल को उपविजेता का स्थान मिला। टेबल टेनिस में एएमयू गर्ल्स स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि एसएसएसजी की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन एसएसएसजी की प्रधानाचार्य नगमा इरफान और उपप्रधानाचार्य जोया समर ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके जोश और खेल भावना की सराहना की। कार्यक्रमों का आयोजन प्रभारी मोहम्मद कामरान खान, जबकि रेहाना खानम, अफशां ओबैद आदि ने सहयोग दिया।

ख्वाजा हसन जिब्रान ने किया मो. फहद का स्वागत

अलीगढ़। पूर्व मंत्री ख्वाजा हलीम के आवास पर ख्वाजा हसन जिब्रान के नेतृत्व मो फहद राष्ट्रीय अध्यक्ष युवजन सभा समा. जवादी का स्वागत किया। 75 कोल विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान शहजाद अल्वी, शादाब जैदी, अफ्फू खान पार्षद, जीनस खान पार्षद, सेरोज खान, राशिद खान, मो अरशद, सय्यद इम्तियाज अली, युनुस खान, सैफुर रहमान अंसारी, मुकेश सूर्यवंशी, डॉ सलीम राजा, बबलू अब्बासी, हसन खान आदि दर्जनों मौजूद रहे।



खैर में वाल्मीकि जयंती पर बारह लोगों ने किया रक्तदान

खैर। महर्षि वाल्मीकि जयंती का पर्व कस्बे में मनाया जा रहा है। रविवार को माता मोहल्ला स्थित बाल्मीकि आश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शांति नर्सिंग होम के तत्वावधान में लगे रक्तदान शिविर में 12 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

नगर पालिका के वार्ड नम्बर 4 के सभासद मोहित चंदेल ने रक्तदान कर कहा कि रक्तदान जरूर करें, आपका एक छोटा सा प्रयास किसी का जीवन बचा सकता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी महादानियों



को आयोजक टीम की ओर से भगवान महर्षि वाल्मीकि का चित्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गौरव चंदेल, नेगी चंद, हरीश, अतुल बहनवाल, आकाश वैध, अतुल पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

19 लाख की नशीली दवाओं के कैप्सूल संग गिरफ्तार

अलीगढ़। लोधा पुलिस ने सूचना के आधार पर एक युवक को करीब 19 लाख की नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह कार से इनकी सप्लाई देने जा रहा था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 52760 रुपये, एक कार, दो मोबाइल फोन भी बरामद किए।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपित फरमान निवासी नई बस्ती बन्नादेवी को 10 पेटियों में नशीली दवाई के कैप्सूल (अनुमानित कीमत 19 लाख रुपये) के साथ कार सहित पकडा। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से 52760 रुपये, एक कार, दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस माल को आरोपित कहां खापाने जा रहा था। पुलिस टीम में एसओ लोधा नरेंद्र सिंह, एसआई जावेद हसन, वीरसैन राठी, सिपाही रविंद्र कुमार, फुरकान अहमद आदि मौजूद रहे।



दुकान में रखे गल्ले को तोड़कर निकले 60 हजार रूपए

खैर। गौमत चौराहा स्थित दुकान पर बैठे युवक को बातों में उलझाकर जालसाज कुछ दूर ले गए तथा बाद में लौटकर आए एक युवक ने गल्ला तोड़कर उसमें रखे साठ हजार रूपया पार कर दिए। मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव अहरौला निवासी बच्चू सिंह की गौमत चौराहे पर डिस्पोजल क्राकरी की दुकान है। शुक्रवार दोपहर अपने बेटे को दुकान पर बिठाकर घर पर खाने खाने आए थे। इसी बीच बाइक सवार दो युवक दुकान पर आए तथा रस्सी लेने के बहाने युवक को बातों में उलझाकर चौराहे की तरफ ले गए। बाद में एक व्यक्ति लौटकर आया तथा गल्ला तोडकर उसमें रखे साठ हजार रूपया निकाल कर ले गया। लौटकर आए पुत्र ने गल्ला देखा तो वह टूटा हुआ था तथा रूपया गायब थे। पीडित व्यापारी की सूचना पर डायल 112 ने भी घटनास्थल मौका मुआयना किया था। पीडित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ कोतवाली खैर में अभियोग दर्ज कराया गया है। एसएचओ राजीव चौधरी ने मामले की जांच सोफा चौकी इंचार्ज वैभव त्यागी को सौंपकर कार्रवाही के निर्देश दिए हैं।


कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पीइटी परीक्षा



अलीगढ़। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के पहले दिन रविवार को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच की। सुरक्षा जांच के दौरान अभ्यर्थियों के बेल्ट, कुंडल तक उतरवा लिए गए। वहीं, डीएम अविनाश कुमार और एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज, एचबी इंटर कॉलेज और टीकाराम इंटर कॉलेज समेत विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण में डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों और संबंधित अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराने तथा परीक्षा प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नकल या अनुचित साधनों का प्रयोग करने और अन्य अनियमितताओं में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में पीईटी के लिए कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन पर 1,14,624 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा एक नवंबर 2026 को दो-दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

अंतिम संस्कार पर कब्रिस्तान, शमशान में 700 की रसीद काटने की निंदा



अलीगढ़। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव ठा. गवेन्द्र सिंह ने पिछले दिन नगर निगम द्वारा श्मशान घाट, कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार से पहले 700 रूपये की रशीद काटने वाली योजना की कडे शब्दों निंदा की। नगर निगम कार्यालय जब सारे काम प्राइवेट कंपनियों से कराने का निर्णय लेता जा रहा है, तो नगर निगम की जगह टैक्स कार्यलय बना दिया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से नगर निगम की योजना को जनहित में लागू न किए जाने की मांग की।

नगर निगम शमशान घाट, कब्रस्थान के संचालन की जिम्मेदारी किसी निजी कंपनी को देंगे। इस पर उन्होंने कहा कि संविधान संशोधन अधिनियम 74वें की 12वीं सूची के अनुरूप जो काम नगर निगम को दिए हैं उसमें स्थानीय सुशासन बुनियादी नागरिक सुविधाएं, नगर के विकास को सभांलना है जिसमें सड़कों, नालियों, नालों सार्वजनिक स्थानों की सफाई, पेयजल आपूर्ती सड़क निमार्ण और उनका रखरखाव, रोशनी की व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा और अग्नि शमन सेवाएं, जन्ममृत्यु प्रमाण पत्र कब्रस्थान, शमशान घाट एवं विश्राम स्थलों का रख रखाव आदि प्रमुख कार्य सौंपे गये हैं, लेकिन नगर निगम सारी व्यवस्थाएं प्राईवेट कंपनियों को सौंपते जा रहे हैं।

वैश्विक मांग के साथ यूनानी चिकित्सा में शोध, गुणवत्ता नियंत्रण पर जोर

अलीगढ़। एएमयू के अजमल खान तिब्बिया कॉलेज के शोध, नवाचार, उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा 'यूनानी चिकित्सा का भविष्य: शोध, औद्योगिक. ीकरण और वैश्विक जरूरतों' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया।

एएमयू यूनानी चिकित्सा संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. हकीम अब्दुल मन्नान ने वैज्ञानिक शोध, औद्योगिक विकास, गुणवत्ता करने और अंतर्राष्ट्रीय मानक. ों के पालन के बीच से यूनानी चिकित्सा को मजबूत बनाने की रूपरेखा पेश की। उन्होंने कहा कि इस चिकित्सा पद्धति के मूल सिद्धांतों, जैसे मिजाज और असबाब-ए-सित्ता जरूरिया, को संरक्षित रखते हुए दवाओं की वैज्ञानिक पुष्टि और मानकीकरण के लिए आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों को अपनाना जरूरी है।

प्रो. मन्नान ने औषधीय पौधों की सही पहचान और उनकी खेती, कड़े गुणवत्ता नियंत्रण तथा दवाओं के विभिन्न रूपों में नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से यूनानी औषधियों की वैश्विक पहुंच बढ़ाई जा सकती है।

यूनानी चिकित्सा संकाय की अधिष्ठाता, शोध, नवाचार एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो. सैयदा आमिना नाज ने अतिथि का स्वागत कर चिकित्सक, शिक्षक के रूप में योगदान की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से औषधीय ज्ञान के संग वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को अपनाने का आह्वान किया। अजमल खान तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य प्रो. बदरुद्दुजा खान ने उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं और उचित निर्माण प्रक्रियाओं के महत्व को रेखांकित किया।

संवादात्मक सत्र में शिक्षक, शोधार्थी तथा स्नातक, स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रो. मन्नान को उनके योगदान के सम्मान में स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र दिया। शोध, नवाचार एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. जमीर अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन मुआलाजात विभाग के डॉ. मुरसलीन नसीर ने किया, जो इस प्रकोष्ठ के सदस्य भी हैं।

एएमयू शिक्षक ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आनलाईन शोधपत्र किया पेश

अलीगढ़। एएमयू के सुन्नी धर्मशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नदीम अशरफ ने उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित सातवें अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक-व्यावहारिक सम्मेलन में ऑनलाइन शोधपत्र प्रस्तुत किया। उनके शोधपत्र का विषय "हजरत बहाउद्दीन नक्शबंद (रहमतुल्लाह अलैह) का इस्लामी सूफीवाद में योगदान" था। सम्मेलन का मुख्य विषय "मध्य एशिया में इस्लामी सभ्यता: अतीत और वर्तमान" था।

इस सम्मेलन का आयोजन उज्बेकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय इस्लामी अकादमी और इस्लामी इतिहास, कला एवं संस्कृति अनुसंधान केंद्र की अकादमिक पहलों के अंतर्गत किया गया। इसमें मध्य एशिया की बौद्धिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा की।

डॉ. अशरफ ने अपने शोधपत्र में हजरत बहाउद्दीन नक्शबंद के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए नक्शबंदी सूफी परंपरा में उनके योगदान को रेखांकित किया। इसमें अल्लाह का मौन स्मरण यानी जिक्र-ए-खफी, शरीयत का पालन, नैतिक शुद्धता, विनम्रता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे प्रमुख सिद्धांत शामिल थे। उन्होंने मध्य एशिया से भारतीय उपमहाद्वीप और मुस्लिम जगत के अन्य क्षेत्रों तक नक्शबंदी सिलसिले के प्रसार पर भी चर्चा की। साथ ही, आध्यात्मिक साधना के साथ सक्रिय सामाजिक भागीदारी पर इसके जोर की वर्तमान प्रासंगिकता को भी बताया। डॉ. अशरफ को उज्बेकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय इस्लामी अकादमी की ओर से प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया, जिस पर अकादमी के कुलपति डॉ. मुजफ्फर कामिलोव के हस्ताक्षर हैं।

☯करीमनगर बनबोई में हुई घटना ☯दोनों भाइयों में हुआ था मामूली विवाद



बुलंदशहर। गुलावठी थाना क्षेत्र के करीमनगर बनबोई गांव में मामूली कहासुनी के बाद एक रिटायर्ड फौजी ने अपने छोटे भाई के सिर पर डंडे से वार कर दिया। गंभीर चोट के कारण भाई की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और हत्या की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त विवरणनुसार थाना क्षेत्र के गांव करीमनगर बनबोई में पारिवा. रिक रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। मामूली बात पर शुरू हुई कहासुनी ने ऐसा खौफनाक रूप ले लिया कि बड़े भाई ने गुस्से में आकर अपने ही सगे छोटे भाई की सिर में डंडा मारकर जान ले ली। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविंद्र सिरोही (41 वर्ष) और आरोपी हरेंद्र सिरो. ही दोनों रिटायर्ड फौजी भाई हैं। शनिवार देर रात किसी मामूली बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े भाई हरेंद्र सिरोही का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। बड़े भाई हरेंद्र सिरोही ने आपा खोते हुए पास रखे डंडे से छोटे भाई रविंद्र सिरोही के सिर पर वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण रविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतक के साले विपिन ने थाने पहुंचकर आरा. ेपी बड़े भाई हरेंद्र सिरोही के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।

खेरेश्वर धाम मंदिर पर शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया

अलीगढ़। खैर रोड स्थित सिद्ध पीठ श्री खेरेश्वर धाम मंदिर पर शरद पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ,दाऊजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्य महंत प्रहलाद गिरी ने कहा कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान का गुणगान किया। अध्यक्ष गेहराज सिंह ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और इस दिन का विशेष धार्मिक महत्व है। मंदिर की व्यवस्थाओं में समिति के पदाधिकारियों और सेवकों ने सहयोग किया। कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। शरद पूर्णिमा उत्सव ने मंदिर परिसर को आस्था, उल्लास और भक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर ऋषि ओम शर्मा महामंत्री,राकेश शर्मा उपाध्यक्ष, सूबेदार डीएस चौहान ऑडिटर घमंडी सिंह वर्मा, सोरन लाल शर्मा, ऋषि शर्मा अशोक तोमर मास्टर, अनन्त गिरी, सुरेंद्र प्रधान, छोटेलाल शर्मा, नित्तो ठेकेदार, ऋषि पाल आदि मौजूद रहे।

वाल्मीकि जयंती पर जनसहभागिता से जगमगाएंगे मंदिर, गूंजेगा रामायण पाठ

अलीगढ़। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को जिले के विभिन्न मंदि. रों में जनसहभागिता से दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान, वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आयोजनों को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए जिला, तहसील एवं विकासखंड स्तरीय समितियों का गठन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

डीएम अविनाश कुमार ने कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों, मंदिर प्रबंधकों, सामाजिक संगठनों, कलाकारों एवं भजन मंडलियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया है, ताकि महर्षि वाल्मीकि के विचारों और रामायण के सांस्कृतिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने आयोजन स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी करेंगे। तहसील स्तर पर संबंधित उपजिलाधिकारी और विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी आयोजन की जिम्मेदारी संभालेंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, अलीगढ़ मंडल को जिला स्तर पर समन्वयक/नोडल अधिकारी नामित किया।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव में बताया कि जिले में श्री अचलेश्वर मंदिर, श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर टप्पल, वाल्मीकि मंदिर जवां, वाल्मीकि मंदिर दुर्गापुरी सासनी गेट और श्री खेरेश्वर मंदिर सहित विभिन्न स्थलों पर कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इन आयोजनों के माध्यम से नागरिक. ों को सामूहिक रूप से दीपदान, रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन में सहभागी बनने का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी ने प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप रामायण पाठ के लिए पुस्तक एवं कलाकारों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपील की है कि संबंधित अधिकारी, मंदिर प्रबंधन, सामाजिक संगठन एवं आम नागरिक आपसी समन्वय से इस सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाएं और जनसहभागिता के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि जयंती को श्रद्धा, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता के उत्सव के रूप में मनाएं।

छात्राओं और मरीजों के लिए स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जेएन. मेडिकल कालेज में हुआ आयोजन

अलीगढ़। एएमयू के मेडिकल कॉलेज के साम. ुदायिक चिकित्सा विभाग और यूनानी चिकित्सा संकाय के निस्वां व कबालात विभाग ने स्तन कैंसर जागरूकता माह-2026 के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इनका उद्देश्य स्तन कैंसर की समय रहते पहचान, शीघ्र चिकित्सकीय परामर्श और स्तन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

"हर कहानी अनूठी है, हर सफर महत्वपूर्ण है" विषय के तहत सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने अलीगढ़ के जवां स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक की छात्राओं के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया। सहायक प्रोफेसर डॉ. तबस्सुम नवाब ने किशोरावस्था में स्तनों में होने वाले सामान्य बदलावों और गांठ, त्वचा में परिवर्तन, विकृति तथा निप्पल से स्राव जैसे असामान्य लक्षणों को पहचानने के महत्व की जानक. ारी दी। उन्होंने स्तन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और स्वयं स्तन परीक्षण की विधि भी समझाई।

प्रथम वर्ष की जूनियर रेजिडेंट डॉ. पूर्वा भाटिया ने स्तन कैंसर के जोखिम को कम करने में संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि और मोटापे से बचाव की भूमिका पर प्रकाश डाला। द्वितीय वर्ष की जूनियर रेजिडेंट डॉ. आयुषी गुप्ता ने शैक्षिक वीडियो की सहायता से स्वयं स्तन परीक्षण के विभिन्न चरणों का प्रदर्शन किया। छात्राओं को बिना झिझक अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा करने तथा जरूरत पड़ने पर माता-पिता और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन साम. ुदायिक चिकित्सा विभाग की अध्यक्ष प्रो. उजमा इरम के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि डॉ. तबस्सुम नवाब ने इसकी निगरानी की। चिकित्सा-सामा. जिक कार्यकर्ताओं जकिया, तौसीफ, दानिश और सिस्टर डोरिस डेविड ने आयोजन में सहयोग दिया।

यूनानी चिकित्सा संकाय के निस्वां व कबालात विभाग ने अपने बाह्य रोगी विभाग में आने वाली मरीजों के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए। इसके साथ ही विभाग के सभागार में दृश्य-श्रव्य माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इनमें स्तन कैंसर के जोखिम कारक. ों, चेतावनी संकेतों, स्तन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, जांच तथा समय पर पहचान और उपचार के लाभों पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के तहत 24 अक्टूबर को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रोशन परवीन ने "स्तन कैंसर जागरूकता रू लक्षणों को पहचानें, समय पर उपचार लें और एक-दूसरे का सहयोग करें" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने लक्षणों की पहचान, समय पर चिकित्सकीय जांच और प्रभावित व्यक्तियों को भावनात्मक एवं सामाजिक सहयोग देने के महत्व पर जोर दिया। इन गतिविधियों का आयोजन निस्वां व कबालात विभाग की अध्यक्ष प्रो. सुबूही मुस्तफा के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. अबिहा अहमद खान ने समन्वय किया। प्रो. सैयदा आमिना नाज, डॉ. फहमीदा जीनत और विभाग के स्नातकोत्तर शोधार्थियों ने भी सहयोग दिया।

खराब मौसम को लेकर अलर्ट, जिले में प्रशासन ने तेज की तैयारियां

28-29 को आंधी, वज्रपात, भारी बारिश की संभावना, विभागों को किया सतर्क

अलीगढ़। बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती मौसम तंत्र के प्रभाव से 28 एवं 29 को प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज-चमक, वज्रपात, तेज हवाओं और भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए जिला जिला प्रशासन ने एहतियाती तैयारियां शुरू कर दी। एडीएम फाइनेंस एवं आपदा प्रभारी प्रमोद कुमार ने संबंधित विभागों को सतर्क रहने और जन-धन की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को 24ञ7 सक्रिय रखने, जलभराव वाले क्षेत्रों की निगरानी, नालों की सफाई और जर्जर भवनों के संबंध में एहतियाती कार्रवाई करने को कहा गया है। किसानों को मौसम की चेतावनी देकर तैयार फसलों और खुले में रखे अनाज को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य इकाइयों में आवश्यक दवाओं एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता तथा विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक आवागमन से बचने, खुले मैदानों और ऊंचे पेड़ों के नीचे खड़े न होने और वज्रपात के समय सुरक्षित पक्के भवन में शरण लेने की अपील की है। साथ ही, अफवाहों से बचने और केवल आधिकारिक मौसम चेतावनियों पर विश्वास करने को कहा गया है। किसी भी प्रकार की जनहानि, पशुहानि अथवा मकान या फसल क्षति होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दें, ताकि नियमानुसार राहत एवं बचाव कार्य किए जा सकें। आपदा संबंधी सूचना के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अलीगढ़ के व्हाट्सऐप/मोबाइल नंबर 9458445291 पर संपर्क करें।

शादी से इंकार पर ब्यूटी पार्लर संचालिका को बीच बाजार गोली मारने की धमकी, तोड़फोड़

बुलंदशहर। रिश्ता टूटने से खफा युवक ने ब्यूटी पार्लर संच. ालिका को बीच बाजार गोली मारने की धमकी दी गई और पार्लर में घुसकर तोड़फोड़ व अभद्रता की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ध्कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित एक कालोनी निवासी पीड़िता युवती ने एसएसपी से शिकायती कर कहा कि वह ब्यूटी पार्लर संचा. लिका है। पीड़िता के अनुसार, कुछ समय पूर्व उसका रिश्ता यमुनापुरम(कोतवाली देहात) निवासी रजत के साथ तय करने की बातचीत थी। हालांकि, बात चीत के बाद युवती ने रिश्ते से इंकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद से ही रजत युवती से रंजिश रखने लगा। वह फोन पर गालियां व धमकियां देने लगा और अज्ञात लोगों से उसका पीछा कराने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अपने साथ कुछ असामाजिक तत्वों को लेकर पार्लर पहुंचकर युवती को गोली मारने की धमकी दी। जब युवती ने इसका विरोध किया, तो आरो. पियों ने उसके साथ अभद्रता की और पार्लर के भीतर तोड़फोड़ की। तहरीर में बताया गया कि बीते 18 अक्टूबर की शाम आरो. पियों ने युवती का पीछा किया और पार्लर बंद कर शादी करने की धमकी दी। एसएसपी के आद. ेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लूट की फर्जी शिकायत, तीन भाई समेत 14 पर रिपोर्ट

बुलंदशहर। खुर्जा कोतवाली क्षेत्र में लूट की फर्जी शिकायत देने पर तीन सगे भाई और एक किशोर के खिलाफ व दस अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों पर जबरन दबाव बनाते हुए जाम लगाने का भी आरोप लगाया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

खुर्जा कोतवाली में तैनात उपनि. रीक्षक संदीप सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 20 अक्तूबर को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली कि शिकारपुर रोड शिल्पा गार्डन के पास स्कूटी सवार लोगों के साथ लूट हो गई है। उस वक्त उपनिरीक्षक मेला ड्यूटी में थे। जिसे छोड़कर वह सूचना मिलने पर मौके पर आ गए। जहां पर अतुल गुप्ता, उसका भाई अभिषेक, अखिलेश, अतुल का बेटा निवासी कालिंदी कुंज कॉलोनी और दस अन्य लोग हंगामा कर रहे थे।

सभी लोग बीच सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने उनको समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। हंगामा और प्रदर्शन के चलते मार्ग पर जाम लग गया। ऐसे में शांति व्यवस्था की कार्रवाई बाधित हो गई। सीओ०अ. निल कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर अतुल गुप्ता, अभिषेक, अखिलेश, अतुल का बेटा और दस अज्ञात के खिलाफ रास्ता रोकने, पुलिस कर्मियों के कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरा. ेप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके अलावा अतुल गुप्ता पर लूट की झूठी सूचना में रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एएमयू सिटी गर्ल्स हाई स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्राओं के लिए गणित कार्यशाला आयोजित

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के एएमयू सिटी गर्ल्स हाई स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्राओं के लिए "द पावर ऑफ नंबर्स" शीर्षक से एक संवादात्मक गणित कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य व्यावहारिक और रोचक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं की गणितीय समझ को मजबूत करना तथा विषय के प्रति उनके डर और झिझक को दूर करना था।

गणित विशेषज्ञ हमदान शफीक ने मौलाना आजाद राष्ट्रीय कौशल अकादमी, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के पूर्व अध्यक्ष रिजवानुर रहमान और एएमयू से बीटेक कर चुके तथा संयुक्त अरब अमीरात की कंपनी मॉट मैकडोनाल्ड के ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े सादिक के सहयोग से कार्यशाला का संचालन किया। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से निर्देशांक, सांख्यिकी और प्रायिकता जैसी अवधारणाओं को समझा। उन्होंने विश्लेषणात्मक सोच और सामूहिक रूप से समस्याओं का समाधान करने का अभ्यास भी किया।

कार्यक्रम कार्यवाहक प्रधानाचार्य मोहम्मद जावेद अख्तर, उपप्रधानाचार्य पाकीजा खान और सांस्कृतिक समन्वयक नाजिश सिद्दीकी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मोहम्मद जावेद अख्तर ने इस पहल के लिए विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यशाला से छात्राओं में गणित के प्रति डर और चिंता कम करने में मदद मिली है। गणित की शिक्षिका उरूजा खान ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के शिक्षक अरशद जावेद ने तकनीकी सहयोग दिया।

रोरावर में दिन दहाड़े मारपीट कर लाखों लूटे, जांच में जुटी पुलिस

अलीगढ़। रोरावर की रुक्मिणी विहार कॉलोनी में शनिवार को घर में घुसे बदमाशों ने महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया। बदमाश घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना के समय महिला का पति ड्यूटी पर गया हुआ था। घर पहुंचने पर उसे पत्नी खून से लथपथ हालत में मिली।

रुकमणी विहार कॉलोनी निवासी नवीन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। वह रोजाना की तरह शनिवार सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी पर चला गया था। दोपहर करीब 1:50 बजे पड़ोसी ने फोन कर घर में घटना होने की जानकारी दी। वह तत्काल घर पहुंचा तो उसकी पत्नी नीरेश फर्श पर खून से लथपथ हालत में पड़ी थी। उसके सिर, गर्दन, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें थीं।

नवीन के अनुसार, घर के कमरों में सामान बिखरा हुआ था और दोनों अलमारियां अस्त-व्यस्त थीं। पत्नी के होश में आने पर उसने बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति घर के दरवा. जे पर आए थे। घंटी बजाने पर उसने दरवाजा खोला तो दोनों ने खुद को बड़ा गांव से आया हुआ बताया और नौकरी के सिलसिले में आने की बात कही। इसके बाद दोनों ने धक्का देकर घर में प्रवेश किया और मारपीट शुरू कर दी। हमलाव. रों ने पत्नी नीरेश को गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसे मृत समझकर घर में रखे जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए। आरोप है कि बदमाशों के पास तमंचे भी थे। लुटेरे नीरेश के कानों के सोने के कुंडल, हाथ की अंगूठी, चांदी की पायल और सोने का मंगलसूत्र ले गए। इसके अलावा बेटी शीतल के लिए रखे सोने के चार जोड़ी कुंडल, बिछिया, चांदी की पायल, दो सोने की अंगूठियां और घर में रखे करीब 18 से 20 हजार रुपये भी गायब मिले। सीओ प्रथम कमलेश कुमार के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

भटपुरा में मीन भगवान की मूर्ति स्थापना को पांच लाख की घोषणा

बुलंदशहर। शिकारपुर के गांव भटपुरा में भाजपा नेता देवेंद्र भारद्वाज के आह्वान पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। धार्मिक कार्यक्रम में मीणा समाज सहित सर्वसमाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान देवेंद्र भारद्वाज ने मीन भगवान की मूर्ति स्थापना के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की, जिससे समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंदिर की स्थापना के लिए विद्या मीणा ने भूमि दान की है। देवेंद्र भारद्वाज ने उनके इस योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज और धर्म के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बताया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देवेंद्र भारद्वाज ने कहा कि समाजसेवा और धार्मिक कार्यों में सहयोग करना उनका उद्देश्य है। वह जीवनभर समा. जहित के कार्यों में योगदान देते रहेंगे। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में



सोनू भारद्वाज, सतेंद्र शर्मा फौजी, तिलक सिंह, संजय बजरंगी, अरुण नाथ, सत्यवीर मीणा (पूर्व प्रधान), प्रदीप मीणा, मंगल शर्मा, वीरेंद्र, देवेंद्र उर्फ देवी प्रधान भटपुरा, जगवीर सिंह जीराजपुर, शिवकुमार, कृष्ण सिंह मीणा, विजेंद्र सिंह, दिनेश गिरी, भूरा सूर्यवंशी, धर्मेंद्र शर्मा, रूबी मीणा, अमोलक मीणा, विशाल चौधरी, गोपाल मीणा, पप्पी चौधरी और नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

महिलाओं को बंदूक दिखाकर धमकाया, वीडियो वायरल

,बुलंदशहर। अरनिया थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर में खेत में बकरी घुसने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि एक युवक ने बंदूक लेकर महिलाओं को डराया-धमकाया और अभद्रता की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की श्दैनिक आजश समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रविवार को एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक युवक महिलाओं से अभद्रता करता दिख रहा है। महिलाओं और उक्त युवक के बीच खेत में बकरी घुसने को लेकर विवाद हो रहा है। इसी दौरान दूसरा युवक हाथ में बंदूक और गले में कारतूस बेल्ट लेकर आता दिखता है। आरोप है कि उक्त युवक ने महिलाओं को बंदूक से डराने का प्रयास किया। घटना के दौरान महिलाएं घर पर थी। कोई पुरुष घर नहीं था।बताया जा रहा है कि बंदूक लेकर आने वाला युवक अब्दुल सलाम नाम का है। पुलिस वायरल वीडियो और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



जलगांव में आरएसएस के पथ संचालन के दौरान तनाव

मस्जिद के सामने विरोध में बैठे लोग, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

जलगांव। महाराष्ट्र के जलगांव जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के दौरान दो पक्ष आमने-



सामने आ गए। जानकारी के मुताबिक यावल तालुका स्थित किनगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन रैली निकालने की तैयारी के दौरान तनाव की स्थिति पैदा हो गई। कुछ लोगों मस्जिद के सामने से पथ संचलन के गुजरने का विरोध किया। वहीं हालात बिगड़ता देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। फिलहाल मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, शहर से गुजरने वाले पथ संचलन के समय मस्जिद के सामने से गुजरते समय एक समूह ने विरोध किया। एक मस्जिद के सामने से रैली ले जाने को लेकर विरोध जताते हुए पुरुषों ने महिलाओं को आगे कर धरने पर बैठा दिया। इसी दौरान मौके पर तनाव बढ़ गया और कुछ स्थानों पर पथराव शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। इस घटना से किंगांव इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस बंदोबस्त के बीच पथ संचलन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जलगांव जिले का अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है और सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धिवरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गावित, डिवीजनल पुलिस अधिकारी अनिल बडगुजर और भुसावल, यावल और रावेर से बड़ी संख्या में पुलिस बल किंगांव पहुंच गया है। फिलहाल किनगांव में स्थिति नियंत्रण में है और इलाके में तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं।

धार्मिक स्थल के सामने से जुलूस निकालने के मुद्दे पर हुए विवाद से कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठ खड़ा हुआ है। पता चला है कि पुलिस प्रशासन हालात को काबू में करने की कोशिश कर रहा है ताकि कोई अनहोनी न हो। हालांकि, अब सवाल उठ रहे हैं कि जुलूस के रास्ते को लेकर यह विवाद आखिर किस वजह से भड़का, पत्थरबाजी किसने शुरू की और इस पूरी घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। इस घटना और आगे की कार्रवाई को लेकर पुलिस प्रशासन के आधिकारिक रुख पर ध्यान दिया जा रहा है।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९५६
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१

ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५ पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।



चौरसिया समाज का 25 वां सामूहिक विवाह समारोह 28 फरवरी को तैयारियां शुरू

कानपुर । अखिल भारतीय चौरसिया समाज का 25वां सामूहिक विवाह एवं परिवार मिलन समारोह 28 फरवरी 2027 को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन संस्कार लान, डॉक्टर चिरंजी लाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, किदवई नगर कानपुर में होगा। रविवार को समारोह की तैयारी के संबंध में पीएसी मोड़ स्थित आरके गैलेक्सी रेस्टोरेंट में बैठक हुई । आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सदस्यों ने विचार रखें, जिन पर विचार विमर्श हुआ। समाज के राष्ट्रीय संरक्षक आनंद चौरसिया ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। बैठक में अजीत चौरसिया,कैलाश नारायण चौरसिया, एसके चौरसिया, अमित, समाज की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुखवाती चौरसिया, चंदा, शिवानी, नीलम, रीना, पिंकी, ममता रमेश, किशन गोपाल, मनोज, पवन, रवींद्र, अरविंद, चौरसिया आदि शामिल रहे।

फ्लोरिडा में यूनिवर्सिटी के पास गोलीबारी, 11 घायल

कई नाबालिग भी शामिल

वाशिंगटन। फ्लोरिडा के तल्लाहासी में फ्लोरिडा ए एंड एम यूनिवर्सिटी के ब्रैग स्टेडियम के पास गोलीबारी का मामला सामने आया है। इस गोलीबारी में कम से कम 11 लोग घायल हो गए, जिनमें 6 नाबालिग भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इन 11



लोगों को गोली लगी है। तल्लाहासी शहर की वेबसाइट पर जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह घटना शनिवार (स्थानीय समयानुसार) रात 8 बजे से ठीक पहले पेरी और मैनाटी सड़कों के चौराहे के पास हुई। तल्लाहासी पुलिस विभाग ने बताया कि रात 11:30 बजे तक, गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कम से कम तीन की हालत गंभीर थी, जबकि नौ अन्य की हालत स्थिर बताई गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 12 घायलों में छह वयस्क और छह नाबालिग हैं। 12वें व्यक्ति, जो गोली लगने वाले एक पीड़ित की दादी हैं, वे घटनास्थल से भागते समय घायल हो गईं। बयान में कहा गया है, शुरुआती जांच से पता चलता है कि गोलीबारी से पहले वहां हाथापाई हुई थी। हिंसक अपराध इकाई ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। जासूस यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

तल्लाहासी पुलिस प्रमुख लॉरेंस रेवेल ने घायलों, खासकर बच्चों को लगी चोटों पर चिंता जताई। उन्होंने गोलीबारी के तुरंत बाद पीड़ितों की मदद करने के लिए पुलिस अधिकारियों की तारीफ की। रेवेल ने कहा, आज रात, हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं, जो इस हिंसा के भयानक असर का सामना कर रहे हैं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि घटनास्थल के पूरी तरह सुरक्षित होने से पहले ही, अधिकारियों ने पीड़ितों की मदद के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। रेवेल ने कहा,गोलीबारी के तुरंत बाद, और घटनास्थल के पूरी तरह सुरक्षित होने से पहले ही, हमारे अधिकारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर पीड़ितों को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। उनका यह काम किसी वीरता से कम नहीं है। यह उस साहस और करुणा को दर्शाता है, जो हमारे अधिकारी हर दिन इस समुदाय के लिए दिखाते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारे जासूस यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि असल में क्या हुआ था और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। हम इन परिवारों को जवाब दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपील करते हैं कि जिनके पास भी कोई जानकारी हो, वे आगे आएं और इस काम में हमारी मदद करें। पुलिस विभाग ने बताया कि मामले की जांच अभी भी जारी है।



पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दो कारों की टक्कर में 2 की मौत

लखनऊ। सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार (25 अक्टूबर 2026) को भीषण सड़क हादसा हुआ है. पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. घटना में 7 लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक, आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रही अर्टिगा कार में एक परिवार सवार था. वहीं,लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार अचानक रॉन्ग साइड में आ गई. इससे दोनों कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार सवार बिहार निवासी श्याम बिहारी सिंह (62) और अजय कुमार गुप्ता (40) की मौके पर ही मौत हो गई. इसी कार में सवार कन्हैया और अशोक कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

यामी गौतम की 'नयी नवेली' आठ दिनों में 30 करोड़ का कारोबार की



मुंबई। यामी गौतम स्टारर फिल्म नई नवेली ने आठ दिनों में दुनियाभर में करीब 30 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। यह मूवी प्रहार जैसी फिल्मों को टक्कर दे रही है। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी यामी गौतम की फिल्म नई नवेली एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अभिनेत्री ने मोहिनी नाम की रहस्यमयी बहू का किरदार निभाया है, जिसे देखने के बाद डर का माहौल बनने लगता है। ऐसे में फिल्म की कहानी, कमाई और एक्ट्रेस के अभिनय ने इसे एक बार फिर बॉलीवुड की महिला प्रधान फिल्मों को चर्चा में ला दिया है। कभी हीरो के नाम पर टिकट बेचने वाली इंडस्ट्री में अब अभिनेत्रियां भी अपने दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही हैं। ऐसे में आइए इस फिल्म के साथ-साथ अब जानते हैं उन चर्चित वुमन सेंट्रिक फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल करने के साथ महिला किरदारों की ताकत भी दिखाई। नरगिस स्टारर मदर इंडिया भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार महिला प्रधान फिल्मों में शामिल है। महबूब खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म राधा नाम की महिला की कहानी है, जो गरीबी, कर्ज और सामाजिक मुश्किलों के बीच अपने बच्चों की परवरिश करती है। पति के साथ छोड़ जाने के बाद भी राधा हार नहीं मानती और अकेले अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाती है। फिल्म में एक मां के संघर्ष, स्वाभिमान और न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाया गया है।







